* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

26 मार्च, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 155

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

केंद्र का निर्देश- सभी राज्य कोरोना टेस्टिंग बढ़ायें, 24 घंटों में 1590 मरीज मिले

सांसदी गंवाने के बाद पहली बार मीडिया से बात की

सवाल करता रहूंगा, माफी नहीं मांगूंगा : राहुल गांधी

- समर्थन के लिए विपक्षी दलों के नेताओं को धन्यवाद दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। संसद सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को पहली बार मीडिया के सामने आये। उन्होंने इस दौरान भाजपा और खासकर प्रधानमंत्री पर जम कर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि अगर पीएम को लगता है कि मुझे डरा कर, जेल में डाल कर, मार-पीट कर, अयोग्य कर चुप करा लेंगे, तो वह गलतफहमी में हैं। पीएम भयभीत हो गये हैं। उन्होंने विपक्ष को सबसे बड़ा हथियार दे दिया है। मुझे इन सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता। भाजपा के माफी मांगने की मांग पर राहुल गांधी ने कहा, मैं गांधी हूं। गांधी कभी माफी नहीं मांगते।

कांग्रेस नेता ने कहा कि मैंने आपसे कई बार बोला है कि लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। मेरी स्पीच संसद से हटा दी गयी। मैंने नियम बताये और स्पीकर को डीटेल में चिठ्ठी भी लिखी, पर मुझे बोलने नहीं दिया गया। भाजपा वालों ने मुझे भारत विरोधी बताया। मेरा सदस्य के तौर पर सफाई देने का अधिकार है, मगर स्पीकर ने मुझे बोलने नहीं दिया।

सवालों के जवाब के दौरान राहुल ने मानहानि मुद्दे पर समर्थन के लिए सभी विपक्षी दलों के नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आगे साथ मिल कर काम करेंगे। यह पूछने पर कि क्या आपको अपने बयान पर अफसोस है, राहुल गांधी ने कहा कि अब यह लीगल मैटर है। इस पर बोलना ठीक नहीं है। मैं हिंदुस्तान के लिए लड़ूंगा। मैं लोकतंत्र के लिए लड़ूंगा।

राहुल गांधी ने कहा कि मैंने देश के खिलाफ कभी कुछ नहीं बोला। भारत जोड़ो यात्रा की मेरी कोई भी स्पीच देख लीजिए। मैंने हमेशा कहा है कि सब समाज एक है। नफरत, हिंसा नहीं होनी चाहिए। भाजपा ध्यान को भटकाने का काम करती है, कभी ओबीसी की बात करेगी, कभी विदेश की बात करेगी। इन लोगों से मुझे डर नहीं लगता। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि मैं संसद के अंदर हूं या बाहर हूं। मुझे अपनी तपस्या करनी है। मैं उसे करके दिखाऊंगा। मेरे खून में सच्चाई है। आप कुछ भी कर लें, सवाल पूछता रहूंगा। चाहे आप आजीवन जेल भेज दें या आजीवन चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दें।

भ्रष्टाचार और खनिज संपदा की लूट के खिलाफ भाजपा ने आंदोलन का बिगुल फूंका

11 अप्रैल को सचिवालय कूच करेंगे भाजपा कार्यकर्ता : बाबूलाल मरांडी

- बोकारो में एक दर्जन सांसद, विधायकों की बैठक में हुई घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय बैठक सेक्टर 1 स्थित हंस मंडप में संपन्न हुई। बैठक में बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद ग्रामीण के सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, बूथ सशक्तिकरण की जिला टोली, राष्ट्रपति अभिभाषण की जिला टोली, मंडल अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित रहे। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, पशुपतिनाथ सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, जयप्रकाश भाई पटेल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष भरत यादव और बोकारो जिला पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया।

बाबूलाल मरांडी ने कहा किक हेमंत सोरेन की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई ,चाहे वह युवा वर्ग, किसान वर्ग, महिला वर्ग सभी नाखुश हैं। हेमंत सोरेन अपने किये गये चुनावी वादों को पूरा करने में विफल साबित हुए हैं। इनके कार्य काल में विकास हुआ, तो सिर्फ खनिज संपदा लूटने वालों का, भ्रष्टाचारियों का। सत्ताधारी दल के कई विधायकों ने खुद ही सरकार के कार्यकलापों पर सवाल उठाया है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लूट, भ्रष्टाचार, खनिज संपदा की लूट आदि मुद्दों पर झारखंड प्रदेश भाजपा द्वारा 11 अप्रैल को सचिवालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया जायेगा। इस प्रदर्शन में झारखंड के सभी जिलों से भाजपा कार्यकर्ता सचिवालय कूच करेंगे। अपराधियों ,भ्रष्टाचारियों के खौफ से जनता में भय का माहौल है। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू और धन्यवाद ज्ञापन बोकारो जिलाध्यक्ष भरत यादव ने किया।

प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने जिला वॉर, जिला अध्यक्ष से मंडल वार संगठन के कार्यों की जानकारी ली। मन की बात, बूथ सशक्तिकरण, राष्ट्रपति का अभिभाषण पर विशेष जानकारी ली गयी। बैठक में पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, रवींद्र पांडेय, मनीष जयसवाल, नीरा यादव, अपर्णा सेन गुप्ता, दुल्लू महतो, राज सिन्हा, केदार हाजरा, निर्भय शाहाबादी, नागेंद्र महतो, योगेश्वर महतो बाटुल, सरोज सिंह, लक्ष्मण सिंह, मनोज यादव, गणेश मिश्रा, योगेंद्र प्रताप, विनय लाल, रोहितलाल सिंह, हरिप्रकाश लाटा, शशिभूषण ओझा, रमा सिन्हा, ऋतुरानी सिंह, अर्चना सिंह, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, अशोक यादव, राज रंजन सिन्हा, महादेव दुबे, दिलीप श्रीवास्तव कमलेश राय, अर्चना सिंह, लीला देवी, अनिल स्वर्णकार, संजय त्यागी, जयदेव राय, विक्रम पांडेय, जयनारायण मरांडी, गौर रजवार, अशोक कुमार, पप्पू माथुर, मंडल महेंद्र राय, अतानु चौधरी, राघवेंद्र, मंडल अध्यक्ष और महामंत्री आदि मौजूद रहे।

सीबीआइ ने तेजस्वी यादव से की पूछताछ

- इडी के सामने पेश हुई लालू की बेटी सह सांसद मीसा भारती
- पूछताछ के बाद पत्नी से मिलने अस्पताल पहुंचे तेजस्वी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। रेलवे की जमीन के बदले नौकरी घोटाले की जांच कर रही सीबीआइ ने शनिवार को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से लंबी पूछताछ की। वह इस मामले के आरोपी हैं। उधर तेजस्वी की बहन सह राज्यसभा सांसद डॉ मीसा भारती से भी प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने पूछताछ की।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तेजस्वी सुबह सीबीआइ मुख्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने के थोड़ी देर बाद ही उनसे पूछताछ शुरू हो गयी। सीबीआइ मुख्यालय से निकलने के बाद तेजस्वी यादव अपनी पत्नी के पास अस्पताल चले गये। तेजस्वी की पत्नी गर्भवती हैं और दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती हैं, जहां डॉक्टरों द्वारा उनकी देखभाल की जा रही है।

राजद नेता ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के एक-एक सदस्य ने एजेंसियों का सहयोग किया। हालात ऐसे हैं कि आज वही एजेंसियां हम पर आरोप लगा रही हैं। अभी हम डरे नहीं हैं, हम लड़ेंगे और जीतेंगे। उन्होंने बताया कि सीबीआइ अब तक तीन बार पेशी के लिए समन भेज चुकी है। पत्नी गर्भवती है। अभी समय ऐसा है कि उनका ध्यान रखना बहुत जरूरी है। यही कारण था कि समन के बाद सीबीआइ से मिल नहीं पा रहा था। अब तीसरी बार समन आया, तो सीबीआइ ने पूछताछ की और उनके जो भी सवाल थे, उनका जवाब भी दिया।

मीसा भारती से इडी की टीम ने पूछताछ की

वहीं दूसरी तरफ इडी ने तेजस्वी की बहन मीसा भारती से पूछताछ की। बता दें कि रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में मीसा का अहम रोल बताया जा रहा है। यही वजह है कि इडी ने उनको समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया है। इडी के अनुसार जब तक उनके सवालों का ठीक से जवाब नहीं मिलेगा, तब तक पूछताछ जारी रहेगी।

राजीव अरुण एक्का से इडी की पूछताछ 27 को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का से इडी की टीम 27 मार्च को पूछताछ करेगी। इससे पहले इडी ने उन्हें 15 मार्च को पेश होने के लिए समन भेजा था, लेकिन एक्का ने विधानसभा सत्र का हवाला देते हुए उस दिन हाजिर होने में असमर्थता जतायी थी। इसके बाद इडी ने उन्हें 27 मार्च को सुबह 11 बजे हाजिर होने को कहा है। इडी द्वारा साहिबगंज के अवैध खनन घोटाले में की गयी छापामारी के दौरान बरामद दस्तावेज के सिलसिले में उनसे पूछताछ होनी है।

राजीव अरुण एक्का पर सीएम के प्रधान सचिव के पद पर रहते हुए विशाल चौधरी के निजी ऑफिस में बैठ कर सरकारी फाइलें निबटाने का आरोप लगा था। इसके बाद ही उन्हें इस पद से हटा दिया गया था।

इडी ने दाहू यादव के पिता को किया गिरफ्तार

इस बीच इडी ने पंकज मिश्रा के करीबी दाहू यादव के पिता पशुपति यादव को साहिबगंज से गिरफ्तार कर लिया है। इडी ने दाहू यादव के फरार होने के बाद उसके परिजनों को आरोपी बनाया है। इसके बाद उसके पिता को गिरफ्तार किया गया है। दाहू यादव पंकज मिश्रा का काफी करीबी माना जाता है। मनी लाउंड्रिंग मामले में इडी ने पहले पंकज मिश्रा से पूछताछ की। इसके बाद उसके करीबी दाहू यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। दाहू यादव ने अंतिम बार 18 जुलाई को इडी के हीनू क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिरी लगायी। इसके बाद से वह फरार है। इडी के नोटिस के बाद भी जब दाहू यादव हीनू क्षेत्रीय कार्यालय नहीं पहुंचा, तब इडी ने उसके परिवार के सदस्यों को आरोपी बनाया।

पूजा सिंघल की डिस्चार्ज याचिका पर इडी कोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

इस बीच निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की डिस्चार्ज याचिका पर रांची स्थित इडी की विशेष अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। खूंटी मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लाउंड्रिंग केस में पूजा सिंघल की याचिका पर विशेष न्यायाधीश प्रभात शर्मा ने सुनवाई की। इसमें बहस पूरी हो गयी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि पिछले साल ही पूजा सिंघल को इडी ने गिरफ्तार किया था। आरोप है कि खूंटी में मनरेगा घोटाला में उन्होंने करोड़ों रुपये की कमाई की।



बेंगलुरु के दावणगेरे में पीएम ने किया रोड शो, बड़ी संख्या में उमड़े लोग

कांग्रेस कर्नाटक को अपने नेताओं के लिए एटीएम बनाना चाहती है: मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु के दावणगेरे में शनिवार को रोड शो किया। इसमें बड़ी संख्या में लोग उमड़े। पीएम मोदी ने बेंगलुरु में एक जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज विजय संकल्प रैली हो रही है। उसी समय हमारे कर्नाटक के कलबुर्गी में, जो कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कर्मभूमि है, आज वहां मेयर, उप-मेयर का चुनाव था और वहां भाजपा के मेयर, उप-मेयर जीत गये। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर में

भाजपा का विजय डंका बज गया। यह एक प्रकार से विजय संकल्प रैली का शुभ संकेत है कि विजय यात्रा आरंभ हो चुकी है। यह नतीजा साफ दिखा रहा है कि डबल इंजन सरकार की धमाकेदार वापसी का निर्णय कर्नाटक ने कर लिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कर्नाटक ने अवसरवादी और स्वार्थी गठबंधन की सरकारों का लंबा दौर देखा है। ऐसी सरकारों से कर्नाटक को हमेशा नुकसान हुआ है। इसलिए कर्नाटक के तेज विकास के लिए भाजपा की पूर्ण बहुमत की स्थिर सरकार बहुत जरूरी है। भाजपा कर्नाटक को भारत के विकास की उभरती ताकत बनाना चाहती है, जबकि कांग्रेस राज्य को अपने नेताओं के लिए एटीएम बनाना चाहती है। पीएम मोदी ने विजय संकल्प यात्रा महासंगम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग कहते हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी, लेकिन वे नहीं जानते कि कर्नाटक के लोगों का एक सपना है कि मोदी तेरा कमल खिलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कल मैंने कर्नाटक का एक वीडियो देखा। एक पार्टी के बड़े नेता, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री अपनी ही पार्टी के एक कार्यकर्ता को सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मारने का आनंद ले रहे थे। जो अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं कर सकते, वे जनता जनार्दन का सम्मान क्या करेंगे। कर्नाटक भाजपा का हर कार्यकर्ता, मेरे लिए मेरा एक मजबूत साथी है। यहां का हर कार्यकर्ता मेरा परम मित्र है, मेरा सहोदर है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,400 रु./10 ग्राम
चांदी 72,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 26 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in

चार प्रदेश अध्यक्षों को बदलने के पीछे है भाजपा का बड़ा गेमप्लान

■ राजस्थान में वसुंधरा राजे को साधा, तो बिहार में कुशवाहा समाज को

■ दूरगामी रणनीति के तहत किया गया है दिल्ली-ओड़िशा में बदलाव

दो दिन पहले भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान और बिहार समेत चार राज्यों में नये प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये। इनमें से राजस्थान में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए इस बदलाव को आगामी लोकसभा और इस साल कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी का बड़ा दांव माना जा रहा है। इस बदलाव को करते हुए पार्टी ने सभी राजनीतिक नफा-नुकसान को ध्यान में रखा है। दरअसल भाजपा ने 2024 के आम चुनाव को ध्यान में तो रखा ही है, साथ ही राजस्थान की सत्ता को दोबारा हासिल करने के लिए अपना सब कुछ झोंकने को तैयार है। लेकिन वसुंधरा राजे और सतीश पूनिया के बीच में फंसी पार्टी के लिए राह मुश्किल दिख रही थी। इसी कारण से भाजपा ने पूनिया को हटा कर दिग्गज ब्राह्मण नेता सीपी जोशी पर दांव लगाया है, जिससे वसुंधरा खेमे को साधने में उसे सफलता हासिल हो गयी है। उधर बिहार में डॉ संजय जायसवाल के स्थान पर सम्राट चौधरी को कमान सौंप कर भाजपा ने राज्य के कुशवाहा समाज को अपनी तरफ खींचने की योजना पर एक बड़ा कदम उठाया है। इसके अलावा भाजपा ने ओड़िशा और दिल्ली के प्रदेश अध्यक्षों को बदल कर अपने मिशन 2024 के लक्ष्यों को साधने की दिशा में कदम बढ़ाया है। आखिर भाजपा को इन चार प्रदेश अध्यक्षों को बदलने की जरूरत क्यों हुई और आगामी चुनावों में इस बदलाव का क्या असर पड़ेगा, यह जानना दिलचस्प हो सकता है। क्या है इसके पीछे भाजपा का पूरा गेमप्लान, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

करीब एक साल बाद होनेवाले लोकसभा चुनाव और इस साल कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी ने चार राज्यों में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बदलाव किये। इसके तहत पार्टी ने बिहार विधान परिषद में पार्टी के नेता सम्राट चौधरी को बिहार इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया, जबकि चित्तौड़गढ़ से सांसद सीपी जोशी को भाजपा की राजस्थान इकाई की जिम्मेदारी सौंपी गयी। इनके अलावा दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को प्रोन्नत करते हुए प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और ओड़िशा के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता मनमोहन सामल को राज्य इकाई के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। यहां बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर भाजपा को इस समय यह बदलाव करने की जरूरत क्यों महसूस हुई। इस बदलाव के पीछे उसका कोई खास गेमप्लान है या फिर महज बदलाव के लिए ही यह सब किया गया है।

इन सवालों को जानने से पहले भाजपा की संगठनात्मक कार्यप्रणाली को जानना जरूरी है। अब यह साफ हो चुका है कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का कोई भी फैसला अकारण नहीं लिया जाता। पीएम मोदी, अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी का हर कदम सोच-विचार कर उठाते हैं। इसलिए पार्टी आज लगभग अपराजेय स्थिति में आ चुकी है।

राजस्थान में बदलाव के पीछे प्लान 2023

बात शुरू करते हैं राजस्थान से, जहां इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। पिछले चुनाव में यहां भाजपा को सत्ता गंवानी पड़ी थी, लेकिन इस बार पार्टी कोई रिस्क लेना नहीं चाहती। कांग्रेस के भीतर जारी गहलोत बनाम सचिन पायलट की कलह का फायदा उठाने के क्रम में भाजपा को सहसा महसूस हुआ कि उसके भीतर की स्थिति भी लगभग वैसी ही है। वसुंधरा राजे बनाम प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया की दुश्मनी कहीं इस बार भी पार्टी को भारी न पड़ जाये। इसलिए पार्टी नेतृत्व में चित्तौड़गढ़ के सांसद सीपी जोशी को कमान सौंपने का फैसला किया। ब्राह्मण समाज से ताल्लुक रखने वाले सीपी जोशी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज की और दूसरी बार संसद पहुंचे। वह प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कितने कारगर साबित होंगे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनकी नियुक्ति का सतीश पूनिया और वसुंधरा राजे, दोनों ने स्वागत किया है। पूनिया ने जोशी को बधाई देते हुए कहा, हम सब कृतसंकल्प हैं कि मिल कर 2023 में राजस्थान को कांग्रेस मुक्त बना कर भाजपा की बहुमत की सरकार बनायेंगे। उन्होंने आभार जताया कि उनके जैसे साधारण, किसान के घर में जन्मे एक कार्यकर्ता को तीन वर्षों तक जिम्मेदारी देकर पार्टी ने उन्हें सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि इन तीन वर्षों में संगठनात्मक रचना और आंदोलन द्वारा पार्टी को पूरी ताकत से धरातल पर सक्रिय करने में योगदान दे पाया। एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के निर्देशानुसार जीवनपर्यंत काम करता रहूंगा। पूनिया ने कहा कि उनके कार्यकाल में सदन से लेकर सड़क तक भाजपा ने विपक्ष की भूमिका का निर्वहन ईमानदारी से किया और आज भाजपा राजस्थान में धरातल पर 50 हजार बूथों तक पहुंची है। वसुंधरा राजे ने भी सीपी जोशी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर बधाई दी और उनके कार्यकाल की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। जोशी कभी राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बेहद करीबी माने जाते थे। हालांकि उनके बारे में पार्टी के एक वर्ग का मानना है कि वह राजस्थान में भाजपा के किसी गुट के नहीं हैं। बता दें कि पूनिया के वसुंधरा से कभी अच्छे संबंध नहीं रहे। राजस्थान में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। प्रदेश भाजपा के एक नेता ने कहा कि उनकी नियुक्ति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे गुलाब चंद कटारिया को राज्यपाल नियुक्त कर दिया गया है, लिहाजा, उदयपुर संभाग में उनकी कमी को पूरा करने के लिए भाजपा को एक मजबूत नेता की जरूरत है, ताकि आगामी चुनावों में पार्टी को इन क्षेत्रों में कोई नुकसान ना हो।

बिहार में कुशवाहा समाज को संदेश

भाजपा ने बिहार प्रदेश की कमान सम्राट चौधरी के हाथों में सौंपी है। उन्हें वैश्य समाज से आनेवाले डॉ संजय जायसवाल के स्थान पर नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कुशवाहा (अन्य पिछड़ा वर्ग) समाज से आनेवाले सम्राट चौधरी बिहार के दिग्गज नेता रहे शकुनी चौधरी के पुत्र हैं। शकुनी चौधरी सात बार विधायक रहे हैं। जायसवाल ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में निश्चित ही संगठन नयी बुलंदियों को प्राप्त करेगा। सम्राट चौधरी बिहार भाजपा के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह 1999 में कृषि मंत्री और 2014 में शहरी विकास और आवास विभाग के मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। चौधरी 54 वर्ष के हैं और 2018 में भाजपा में शामिल होने के बाद उनके कद में लगातार इजाफा हुआ है। कभी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के करीबी रहे सम्राट चौधरी ने वर्ष 2014 में राजद छोड़ कर जदयू का दामन थाम लिया था। इसके बाद वह भाजपा में आये थे। उनकी नियुक्ति कर भाजपा ने एक तीर से दो शिकार किया है। एक तरफ तो उसने राज्य में करीब पांच प्रतिशत कुशवाहा आबादी को अपनी तरफ खींचने की कोशिश की है और दूसरी तरफ नीतीश कुमार से हाल ही में अलग हुए उपेंद्र कुशवाहा को साफ संदेश दे दिया है कि भाजपा उनके किसी झांसे में नहीं आनेवाली है। इसके अलावा राजद और जदयू में सम्राट चौधरी के संपर्कों को भी भाजपा अपना हथियार बनाना चाहती है, ताकि समय आने पर नीतीश कुमार को सामने से चुनौती दी जा सके।

दिल्ली-ओड़िशा में बदलाव के पीछे खास प्लान

भाजपा ने दिल्ली और ओड़िशा में भी नये प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की है। वीरेंद्र सचदेवा को दिल्ली और मनमोहन सामल को ओड़िशा की कमान सौंपी गयी है। सचदेव को पिछले साल दिसंबर में दिल्ली भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने आदेश गुप्ता की जगह ली थी। कार्यकारी अध्यक्ष का पद संभालने के बाद सचदेवा दिल्ली में बेहद सक्रिय रहे और उन्होंने केजरीवाल सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा नेताओं के मुताबिक पंजाबी समुदाय से आने वाले सचदेवा को उनके कार्य का इनाम दिया गया है। इतना ही नहीं, पंजाब की वर्तमान राजनीतिक स्थिति और दिल्ली के पंजाबी मतदाताओं को भी ध्यान में रखा गया है। सचदेव के बारे में कहा जाता है कि वह संगठन की हरेक कमजोरी को अच्छी तरह जानते हैं और बूथ मैनेजमेंट में माहिर हैं। मनमोहन सामल को ओड़िशा का प्रदेश अध्यक्ष बना कर भाजपा ने 2024 पर ध्यान लगाया है। वह समीर मोहंती का स्थान लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मोहंती का तीन साल का कार्यकाल इसी साल जनवरी में समाप्त हुआ था। सामल पूर्व में भी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वह प्रदेश सरकार में राजस्व मंत्री और राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। संगठन के कार्यों में उनकी कुशलता और लोक संपर्क के मोर्चे पर उनकी विशेषज्ञता का पार्टी लाभ उठाना चाहती है।

शिक्षक नियुक्ति पर फिर लगी रोक

जिलावार आरक्षण रोस्टर क्लियर होने पर ही होगी नियुक्ति

405 उत्कृष्ट और मॉडल स्कूलों में तीन हजार शिक्षकों की होनी थी नियुक्ति, फिर निकलेगा विज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची राज्य में होनेवाली शिक्षक नियुक्ति पर एक बार फिर रोक लग गयी है। ऐसा जिलावार आरक्षण रोस्टर क्लियर नहीं होने की वजह से हुआ है। ये नियुक्तियां राज्य के 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, 325 प्रखंड स्तरीय मॉडल स्कूल और 28 बालिका आवासीय विद्यालय में होनी थी। अब इन स्कूलों में नियुक्ति का विज्ञापन फिर से निकाला जायेगा। वहीं इन नियुक्तियों के लिए जिला वार आरक्षण रोस्टर क्लियर करने के लिए सभी जिलों को झारखंड शिक्षा परियोजना निर्देश भेजने वाला है।

क्यों नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक

दरअसल, जब इन स्कूलों में नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया गया था, तब राज्य सरकार ने आरक्षण की नीतियां क्लियर नहीं की थीं। इस बीच इन स्कूलों में जिलावार नियुक्ति का विज्ञापन जारी कर दिया गया। बीते एक हफ्ते पहले राज्य सरकार ने जिलावार आरक्षण रोस्टर क्लियर कर दिया। पूर्व में जिलवार नियुक्ति में इडब्ल्यूएस कोटे का जिक्र नहीं था, पर नये आरक्षण रोस्टर में इडब्ल्यूएस आरक्षण को जोड़ दिया गया। इसी वजह से नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए, फिर से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है।

तीन हजार से अधिक शिक्षकों की होनी है नियुक्ति

राज्य के 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, 325 प्रखंड स्तरीय मॉडल स्कूल और 28 बालिका आवासीय विद्यालय में लगभग तीन हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होनी थी। नियुक्ति की प्रक्रिया 10 अप्रैल तक क्लियर कर लेने को कहा गया था। अब फिर से प्रक्रिया शुरू होने की स्थिति में मई अंत तक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। विद्यालयों में कांट्रैक्ट के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति होनी है। प्लस टू विद्यालय के लिए 27500 और हाइस्कूल के लिए 26250 प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है।

अब क्या होगा

अगले सप्ताह नये सिरे से नियुक्त को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया जायेगा। स्कूलों में कांट्रैक्ट के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। उत्कृष्ट विद्यालय और प्रखंड स्तरीय मॉडल स्कूल में नियुक्ति के लिए फिर आरक्षण रोस्टर क्लियर किया जायेगा। अब सरकार के निर्णय के अनुरूप 10 फीसदी आरक्षण इडब्ल्यूएस कोटि के अभ्यर्थियों को दिया जायेगा। बता दें कि प्लस टू और हाइस्कूल दोनों नियुक्ति में जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का पालन किया जायेगा।

28 बालिका विद्यालय में भी नियुक्ति पर रोक

राज्य के 28 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में भी शिक्षकों की नियुक्ति पर फिलहाल रोक लगा दी गयी है। इन विद्यालयों में भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने को लेकर पिछले दिनों झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा जिलों को दिशा-निर्देश दिया गया था। अब इसके लिए भी फिर से जिलों को पत्र जारी किया जायेगा। एक विद्यालय में कुल 11 शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इनमें से चार शिक्षक की नियुक्ति कक्षा छह से आठ और सात शिक्षक की नियुक्ति कक्षा नौवीं से 12वीं के लिए की जायेगी।

एडीजे पद पर दुमका के पारस सिन्हा का चयन

बचपन का सपना हुआ पूरा, अधिवक्ता संघ ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

दुमका। बचपन से जज बनने का सपना देख पढ़ाई करनेवाले पारस सिन्हा को आखिरकार मुकाम मिल ही गया। वह अपर जिला जज (एडीजे) के तौर पर चयनित हुए हैं। इससे पहले दो बार झारखंड और बिहार न्यायिक सेवा के उच्च न्यायिक सेवा में इंटरव्यू तक पहुंचने में वह सफल रहे थे। इस बार इनका चयन अंतिम रूप से हुआ है। पारस सिन्हा के पिता प्रदीप कुमार सिन्हा दुमका व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ता हैं। इनके दादा भी अधिवक्ता थे। पारस की शुरूआती पढ़ाई संत जोसेफ हाइस्कूल, गुहियाजोरी से हुई। स्नातक एसपी कॉलेज से और वर्ष 2006 में एलएलबी की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की। इस बार अपर जिला जज का एग्जाम दिया, तो वह पास हो गये। इस परीक्षा में उनका तीसरा रैंक है। पारस सिन्हा ने माता-पिता और पत्नी को इस सफलता के लिए धन्यवाद दिया। उनका कहना है कि माता-पिता और पत्नी का पूरा सहयोग रहा। शादी के बाद पढ़ाई कर पाना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन सभी के सहयोग से इस मुकाम पर पहुंच पाया।

दुमका अधिवक्ता संघ ने दी बधाई

दुमका अधिवक्ता संघ के महासचिव राकेश कुमार ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि इस संघ से पहली बार किसी अधिवक्ता का चयन अपर जिला जज में हुआ। संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि इससे नये अधिवक्ताओं में प्रतियोगिता परीक्षा के प्रति रुझान बढ़ेगा।

मुगमा में अवैध खनन के दौरान चट्टान गिरने से युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

निरसा (धनबाद)। इस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की मुगमा क्षेत्र स्थित खुसरी आउटसोर्सिंग परियोजना में शुक्रवार को अवैध कोयला खनन के दौरान पत्थर की चट्टान गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। वहीं, गांव के दो लोग घायल हो गये, जिनका इलाज कराया जा रहा है।

चट्टान गिरने से बेलटिकरी गांव के 26 साल के राम तुरी की मौत हो गयी। इधर, इसीएल की खुसरी परियोजना के प्रबंधक सुनील चौरसिया ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार कर दिया है। पुलिस ने भी घटना की पुष्टि नहीं की है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां 50 से अधिक महिला-पुरुष खुसरी आउटसोर्सिंग परियोजना में घुस कर कोयला काट रहे थे। राम भी उन लोगों के साथ कोयला काटने में लगा था। अचानक 40 फीट ऊंचाई से मलबे के साथ चट्टान नीचे गिरी। इसमें दबने से राम की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।

तस्करों ने करवा दिया अंतिम संस्कार, खौफ में परिजन

मलबे की चपेट में आने से कोयला काट रहे दो अन्य लोग भी घायल हो गये। घटना होते ही अवैध खनन कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने घायलों और राम को निकाला, तब तक राम की जान जा चुकी थी। इसके बाद घायलों और शव को लेकर लोग भाग निकले।

तस्करों ने परिजनों से करवाया अंतिम संस्कार

इधर, तस्कर के गुर्गों ने परिजनों से बात कर राम तुरी के शव का अंतिम संस्कार भी करवा दिया। मरनेवाले की दो महीने की एक बेटी है। घटना के बाद से परिजन डरे हुए हैं। वे न तो आंसू बहा पा रहे, न ही कुछ बोल रहे। उनको तस्कर और उनके गुर्गों का भी खौफ है।

सीआइएसएफ की सुरक्षा, पर नहीं थम रहा अवैध खनन

सूत्रों ने बताया कि यहां अवैध खनन से निकाला गया कोयला संगठित गिरोह के सदस्य स्कूटर, साइकिल और मोटरसाइकिल से पास के जंगल में एकत्रित करते हैं। वहां से रात में मिनी ट्रक या पिकअप वैन से गोविंदपुर के बरवा, देवली और अन्य क्षेत्र में चल रहे कोयला भट्ठों में पहुंचाया जाता है। कुछ लोग कोयला जामताड़ा भी ले जाते हैं। परियोजना की सुरक्षा के लिए सीआइएसएफ और इसीएल की सिक्योरिटी टीम है, बावजूद अवैध खनन थम नहीं रहा। निरसा थाना के थानेदार दिलीप कुमार यादव ने कहा कि कोट खुसरी ओसीपी में अवैध खनन में मौत की तो कोई जानकारी नहीं है। हमारे पास कोई स्वजन भी ऐसी शिकायत करने नहीं आया। फिर भी पुलिस अपने स्तर से पता करेगी।

पलामू टाइगर रिजर्व में बाघ ने युवक पर किया हमला

घायल युवक को रिम्स में कराया गया भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। पलामू टाइगर रिजर्व में बाघ के हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे राजधानी रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया है। छिपादोहर पूर्वी क्षेत्र के चुंगरु गांव अंतर्गत कोरवामड़ई जंगल में बाघ ने एक युवक पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वन विभाग की सात टीम को बाघ की तलाश में लगाया गया है। इस टीम में 40 वनकर्मी हैं।

बेतला के रेंजर ने की बाघ के हमले की पुष्टि

बेतला के रेंजर शंकर पासवान ने इस बात की पुष्टि की है कि हमला बाघ ने ही किया है। उन्होंने बताया कि छिपादोहर पूर्वी के कोरवा मड़ई जंगल में शुक्रवार की शाम बाघ ने युवक पर हमला किया था।

युवक का वन विभाग की निगरानी में रिम्स में समुचित इलाज कराया जा रहा है। साथ ही माइकिंग और पर्चा के माध्यम से लोगों को लगातार सतर्क किया जा रहा है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.7 ℃	19.2 ℃
सूर्यास्त (आज)	:	18.02 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.49 बजे

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 26 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in

आस्था : श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन मनुश्री महाराज के प्रवचन व भजन ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

नवरात्र मतलब रात्रि की उपासना, जिसने साध लिया, सब साध लिया : मनुश्री महाराज

चौथे दिन हुई मां भगवती के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जय-जय मां, जय-जय मां, जय-जय मां, हे कल्याणी जय-जय मां। जय-जय मां, जय-जय मां, हे रूद्राणी जय-जय मां। वृंदावन से पधारे संत मनुश्री महाराज ने जैसे ही इस भजन से कार्यक्रम की शुरुआत की, पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। उन्होंने हनुमान चालीसा का भी गायन मनमोहक अंदाज में किया। भजन गायन पर सभी भक्त झूमने को विवश हो गये।

कार्यक्रम था रांची के हेहल स्थित रूपा शाहदेव के पैतृक भूखंड पर चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद देवी भागवत कथा के आयोजन का। इस महायज्ञ का चौथा दिन भागवत भक्ति, शक्ति आराधना के नाम रहा। वाराणसी से आये यज्ञाचार्य नागेंद्र नाथ ओझा व सह यज्ञाचार्य निरंजन दास मिश्र ने जहां अपने वैदिक मंत्रों से पूरे वातावरण को भक्तिमय किया, वहीं वृंदावन वाले संत मनुश्री महाराज के भजन व प्रवचनों ने श्रद्धालु भक्तों को झूमने को विवश कर दिया। मां भगवती के जय-जयकारे से पूरा परिसर गूंजता रहा।

मनुश्री महाराज ने भजन-सत्संग के दौरान नवरात्र का मतलब समझाया। उन्होंने कहा कि नवरात्र का मतलब रात्रि की उपासना है। जिसने साध लिया, सब साध लिया। यह नवरात्र है, नव दिवस नहीं। इसमें दिन का महत्व नहीं, रात्रि का महत्व है। नवरात्रि, कालरात्रि व शिवरात्रि। ये रात्रियां विशेष हैं। जिसने भी साध लिया, सब साध लिया। साधना वाले दिन में सोते हैं व रात्रि में जगते हैं। आज भी लोग अनभिज्ञ हैं और दोपहर में माता का पूजन कर अपना काम पूरा समझते हैं, लेकिन नवरात्रि में जो सो गया, वो खो गया। यह शक्ति उपासना का पर्व है। जिसके पास शक्ति जितना ज्यादा है, उसी का बोलबाला है। संत मनुश्री महाराज ने एक-एक कर नवरात्र पूजन विधि, शक्ति की आराधना, कन्या पूजन की विधि व भोग की विधि को श्रद्धालुओं के बीच विस्तार से समझाया। उनकी अमृत वाणी से भक्त सराबोर हुए। भजन-सत्संग के बाद भक्तों ने खिचड़ी के भोग का प्रसाद ग्रहण किया और अपने-अपने घर चले गये।

मां कुष्मांडा की विधि-विधान से हुई पूजा

सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च। दधारा हस्तपद्माभ्यां कुष्मांडा शुभदास्तु में। श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ में बने भव्य यज्ञ मंडप में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की विधि विधान से पूजन हुई। यजमानों के साथ पुरोहित यज्ञाचार्य नागेंद्र नाथ ओझा व सह यज्ञाचार्य निरंजन दास मिश्र ने वैदिक मंत्रों से मां का आह्वान किया और समस्त संसार के सुखों की कामना की। आचार्यों ने बताया कि कहते हैं, जब संसार में चारों तरफ अंधियारा छाया था, तब मां कुष्मांडा ने ही अपनी मधुर मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी। मां दुर्गा का यह स्वरूप अपने भक्त को आर्थिक ऊंचाइयों पर ले जाने में निरंतर सहयोग करता है। यज्ञ मंडप में मां के पूजन के बाद आहुति हुई और उसके बाद मां की आरती की गयी।

ये रहे अतिथि

महायज्ञ के चौथे दिन अतिथि के रूप में पूजा पंडाल में विधायक सीपी सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, यशवर्धन नाथ शाहदेव, विवेकानंद चतुर्वेदी व उदय प्रताप सिंह मुन्ना पहुंचे थे। उन्हें मुख्य मंच पर मौजूद संत मनुश्री महाराज ने सम्मानित भी किया।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा।

वृष नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

मिथुन आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण मिलेंगे।

कर्क धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

सिंह क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें।

कन्या नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

तुला परिवार में संतान का विवाह मांगलिक कार्य संपन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

वृश्चिक संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

धनु इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी,विरोधियों पर विजय।

मकर आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

कुंभ दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

मीन आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, रोजी-रोजगार में उन्नति होगी

राज्य में रामनवमी पर पांच हजार होमगार्ड होंगे तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रामनवमी पर विधि व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए राज्य के 24 जिलों में 5000 होमगार्डों की तैनाती होगी। इस संबंध में एडीजी अभियान ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन सभी जवानों की तैनाती 28 मार्च से एक अप्रैल तक के लिए होगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने स्वीकृति आदेश में कहा है कि रामनवमी पर्व पर विधि व्यवस्था के संधारण के लिए सभी जिलों के लिए 28 मार्च से लेकर 4 अप्रैल तक पांच दिन के लिए पांच हजार होमगार्ड जवानों की तैनाती पूरे प्रदेश में की जायेगी। 28 मार्च को सभी होमगार्ड अपने-अपने जिलों में योगदान देंगे, जहां से सभी पुलिस अधीक्षकों के जरिए उन्हें जिले की सुरक्षा और विधि व्यवस्था के संधारण के काम में लगाया जायेगा।रांची- 500, खूंटी- 100, रामगढ़- 100, लोहरदगा- 200, गुमला- 200, सिमडेगा- 100, जमशेदपुर- 300, चाईबासा- 200, सरायकेला- 150, धनबाद- 300, बोकारो- 300, पलामू- 250, गढ़वा- 250, लातेहार- 100, हजारीबाग- 500, चतरा- 200, कोडरमा- 100, गिरिडीह- 200, दुमका- 150, जामताड़ा- 300, साहिबगंज- 250, गोंदा- 100 और देवघर जिले में 150 होमगार्ड जवानों की तैनाती करने करने का आदेश है। हजारीबाग और राजधानी रांची में सबसे ज्यादा 500-500 होमगार्ड की तैनाती की जा रही है। क्योंकि, हजारीबाग की रामनवमी बेहद संवेदनशील होती है। अन्य जिलों में योगदान देने के बाद सभी होमगार्ड को जिलों के एसपी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों पर अन्य सुरक्षा बलों के साथ तैनात करेंगे। कुछ स्थानों पर इन्हें ट्रैफिक व्यवस्था में भी लगाया जायेगा।

टाटा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बनायी योजना

कोल्हान में 4000 करोड़ निवेश करेगी टाटा कंपनी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। टाटा समूह वित्तीय वर्ष 2025-26 तक जमशेदपुर सहित पूरे कोल्हान में 4000 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहा है। इसमें 2000 नये लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें 75% स्थानीय युवाओं को मौका मिलेगा। अप्रैल में निवेश कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। सूत्रों की मानें, तो नयी बहाली में कंपनी के सेवारत कर्मचारियों के बच्चों को भी नियोजन का मौका मिलेगा।

इन जगहों पर होगा निवेश

सबसे बड़ा निवेश टाटा स्टील की सहयोगी कंपनी टिनप्लेट में होनेवाला है। यहां करीब 1300 करोड़ का निवेश होगा। उत्पादन क्षमता 3.79 लाख टन से बढ़ा कर 6.79 लाख टन करने का लक्ष्य है। कंपनी जेम्को के पास करीब 40 एकड़ जमीन पर 0.5 मिलियन टन प्रति वर्ष उत्पादन का प्लांट लगाने वाली है। नया रॉड मिल स्थापित किया जायेगा। इसमें करीब 200 करोड़ का निवेश होगा।

गम्हरिया के टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट प्लांट का विस्तार होगा। तार कंपनी का विस्तार किया जाना है। इसमें नया वायर एंड रॉड मिल स्थापित होगा। ट्यूब डिवीजन का भी विस्तार होने वाला है। स्ट्रक्चरल पाइप के लिए नये प्लांट को स्थापित किया जाना है।



जेम्को कंपनी का भी विस्तार किया जायेगा

टाटा स्टील के भीतर करीब 1200 करोड़ का निवेश होने वाला है। अगले तीन साल में नयी प्रौद्योगिकी और नये मैटेरियरल की तलाश को लेकर टाटा स्टील करीब 1200 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। इसके जरिये ही ग्राफीन उत्पाद को तैयार किया गया है। ग्राफीन के अलावा नये तरीके के उत्पाद पर काम चल रहा है। चार तरह के नये उत्पाद को टाटा स्टील तैयार कर रही है, जिसमें मेडिकल से जुड़े उत्पाद भी हैं। फिलहाल ग्राफीन का कारोबार 500 करोड़ का हो चुका है।

27 मार्च को जमशेदपुर में आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 27 मार्च को जमशेदपुर में आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति की एक अहम बैठक होगी। बैठक में अगले वर्ष होनेवाले चुनाव को लेकर कई अहम फैसले भी लिये जाने की उम्मीद है। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि गोल्डन लीफ रिसार्ट, पाराडीह काली मंदिर, जमशेदपुर में पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक पार्टी अध्यक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो की अध्यक्षता में होनी है। इसमें राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात की समीक्षा होगी। रामगढ़ उपचुनाव के बाद पार्टी में बढ़े ऊर्जा संचार और भावी योजनाओं पर भी चर्चा होनी है। संगठन को मजबूत करने के अलावे अगले वर्ष 2024 में होनेवाले चुनाव के लिए नये सिरे से इसकी तैयारी में लगने को लेकर कई अहम फैसले लिये जायेंगे, साथ ही इस बैठक में केंद्रीय महाधिवेशन की बैठक की घोषणा भी किये जाने की उम्मीद है। समिति की बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति के सभी सदस्य, आमंत्रित सदस्य, विधानसभा प्रभारी, जिला अध्यक्ष, कार्यकारी जिला अध्यक्ष और महासचिव के अलावे अन्य भी शामिल होंगे।

एनआइए ने नक्सली अमन गंझू और जतरू खेरवार बुलबुल को रिमांड पर लिया

रांची। एनआइए ने कुख्यात नक्सली कमांडर अमन गंझू और जतरू खेरवार को रिमांड पर लिया है। अगले तीन दिन तक अमन और जतरू से एनआइए बुलबुल जंगल में आइइडी ब्लास्ट को लेकर पूछताछ करेगी।

एनआइए की तरफ से दोनों ही कुख्यात नक्सलियों से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड की अवधि की डिमांड की गयी थी। हालांकि अदालत ने फिलहाल मात्र दो दिनों तक की ही रिमांड को मंजूर किया है। दोनों नक्सली कमांडर रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

युवा कांग्रेस ने पीएम मोदी का पुतला फूंका

युवा नेताओं ने कहा- राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त होना लोकतंत्र के लिए काला दिन है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। युवा कांग्रेस महानगर कार्यकारी अध्यक्ष कुमार विक्की के नेतृत्व में शनिवार को सैकड़ों युवाओं ने हरमू चौक पर काली पट्टी बांध कर केंद्र सरकार के रवैये का विरोध किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। मौके पर कुमार विक्की ने कहा कि हमारे नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद की सदस्यता खत्म करना हाइपर एक्टिव डिसीजन है। न्यायालय मोदी के इशारे पर कार्य कर रहा है।

भारत जोड़ो यात्रा से डर कर भाजपा इस तरह का कार्य कर रही है। युवा नेताओं ने कहा कि सदस्यता समाप्त होना लोकतंत्र के लिए काला दिन है, देश अमृतकाल नहीं आपातकाल की ओर अग्रसर है। चोर, लुटेरे बेफिक्र घूम रहे हैं और सजा केवल आवाज उठाने वाले को मिल रही है। सदस्यता खत्म करवाना एवं चुनाव के लिए आयोग्य ठहराने वाली कार्रवाई से भाजपा का चेहरा साफ नजर आ गया है, जिसे जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। यह लोकतंत्र का अपमान है और तानाशाही के अंत की शुरुआत है।

केंद्र सरकार ने देश की सभी एजेंसियों को विपक्ष के पीछे लगा दिया है, ताकि विपक्ष की आवाज को दबाया जा सके। कांग्रेस न तो कभी रुकी है और ना ही कभी रुकेगी।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस संगठन प्रभारी रवींद्र सिंह, ओबीसी अध्यक्ष अभिलाष साहू, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजयनाथ शाहदेव, प्रदेश सचिव अमरेंद्र सिंह, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप रवि, प्रदेश महासचिव प्रियंका सिसोदिया, प्रदेश सचिव सदाब खान, महानगर अध्यक्ष जामिल अख्तर, महासचिव मोहम्मद एनयतुला, रांची विधानसभा अध्यक्ष गौरव सिंह, हटिया विधानसभा अध्यक्ष रवि सिंह, हटिया विधानसभा के उपाध्यक्ष अंकित सिंह राठौर, कांके विधानसभा के उपाध्यक्ष हुसैन अंसारी, चांदनी, आशिक अंसारी, पवन कुमार, तालिब, साहिल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

शाबाश : किराये पर लिये थे कपड़े, गांव की बेटियों के लिए प्रेरणा

ट्रक ड्राइवर की बेटी सुषमा बनी मिस आइकन इंडिया

अनोज शर्मा

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। रांची के ओरमांझी ब्लॉक में एक गांव है रोला। इस गांव की बेटी सुषमा ने 'मिस आइकॉन ऑफ इंडिया' का खिताब जीता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ में हुआ था। एक साधारण परिवार से आने वाली सुषमा आम लड़कियों के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है। सुषमा के पिता राजेंद्र महतो ट्रक ड्राइवर हैं और मां उर्मिला खेतीबारी करती हैं। सुषमा बचपन से ही मॉडल बनना चाहती थी। सपना अब पूरा हुआ। यह उन लड़िकयों के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं। यही नहीं, सुषमा ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय से मैट्रिक किया है। आरटीसी स्कूल, बूटी मोड़ से इंटर और अभी रांची विश्वविद्यालय के मासकॉम में प्रथम वर्ष की छात्रा है।

एंकरिंग ने दिखायी राह

सुषमा कहती है कि बचपन से ही एंकरिंग का शौक था। कई कार्यक्रमों में एंकरिंग करती हूं। ग्लैमर प्रोडक्शन हाउस, दिल्ली ने मिस आइकान आफ इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए फोन किया, तो हमें विश्वास ही नहीं हुआ। मैं एक गांव की रहनेवाली हूं। घर-परिवार बहुत सामान्य।

फिर प्रोडक्शन हाउस ने बताया कि आपको एंकरिंग करते हुए देखा है और आप इसमें शामिल हों, तब थोड़ा विश्वास हुआ। प्रोडक्शन हाउस ने कार्यक्रम में भाग लेने और कार्यक्रम स्थल के बारे में जानकारी दी।

किराये पर लिये कपड़े

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मेरे पास कपड़े नहीं थे। पिता के पास भी इतने पैसे नहीं थे कि नया कपड़ा ले सकूं। कहीं पढ़ रखा था कि रांची के अरगोड़ा के पास किराये पर कपड़े मिलते हैं। गुगल पर सर्च किया तो पता चल गया। फोन किया तो बोला, आकर आप देख लें। इसके बाद यहां आकर कपड़ा पसंद किया।

पिताजी ने मुझे 3500 रुपये दिये थे, तो मैंने दो हजार रुपये तक के वस्त्र भाड़े पर लिये। छत्तीसगढ़ आने-जाने में 1200 खर्च होना था और खाने-पीने और आटो भाड़ा के लिए तीन सौ बचा लिये थे। इस तरह रांची से छत्तीसगढ़ का सफर तय हुआ।

फिनाले में तीस का हुआ था चयन

सुषमा ने बताया कि फिनाले में तीस का चयन हुआ था। ये तीस लड़कियां बड़े-बड़े शहरों से ताल्लुक रखने वाली थीं। उनकी पढ़ाई भी अच्छे स्कूल-कालेज में हुई थी, जबकि मैं सरकारी स्कूल से थी। फिर भी हौसला कम नहीं हुआ। जब 5 मार्च को फिनाले की घोषणा हुई तो कान पर विश्वास नहीं हुआ। खिताब मेरे सिर पर बंध गया था। वह आगे कहती है कि इतनी बड़ी खुशी की उम्मीद नहीं थी। आंखों से आंसू छलक उठे। यह किसी बड़े सपने के सच होने जैसा था। मां-पिता सभी खुश थे। गांव-घर सब। एक सपना देखा था, वह सच हुआ। मेहनत बेकार नहीं गयी।

मिस इंडिया प्रतियोगिता में जाने की इच्छा

अब, सुषमा मिस इंडिया प्रतियोगिता में जाने की इच्छा रखती है। अगला लक्ष्य मिस इंडिया प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने का है। उसने बताया कि आगे जो भी अवसर मिलेगा, आगे बढ़ेंगे। इसके लिए विशेष तैयारी करेंगे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत होगा नि:शुल्क इलाज

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन कोडरमा व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाईफलाईन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत चंदवारा प्रखंड स्थित पिपराडीह रेलवे स्टेशन में नि:शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त आदित्य रंजन ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि नि:शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम 5 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक संचालित किया जायेगा, जिसका ओपीडी समय पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक रहेगा। नि:शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी दिनांक 5 अप्रैल से 10 अप्रैल 2023 तक, कान की जांच और कान की सर्जरी 12 अप्रैल से 16 अप्रैल 2023 तक, मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी 18 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 तक, स्तन और ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परीक्षण 5 अप्रैल से 10 अप्रैल 2023 तक, दांत की जांच एवं उपचार दिनांक 20 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक और बीपी और शुगर की जांच 5 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक किया जायेगा। मरीज अपने साथ आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र अवश्य लायें। भर्ती किये गये मरीजों के साथ केवल एक ही व्यक्ति सहयोग के रुप में रहने हेतु अनुमति दी जायेगी। किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाइन नं. 9820303974 पर संपर्क किया जा सकता है। इस दौरान डीडीसी ऋतुराज ने बताया कि सभी प्रखंडों में मरीजों को चिन्हित करने हेतु सहिया सेविका एवं एएनएम कार्य कर रही है। सभी मरीजों का सर्वे करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। मरीजों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवारा में रहने और खाने की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। मरीजों के लिए परिवहन की भी सुविधा रहेगी। मरीजों का ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन की सुविधा रहेगी। उपायुक्त ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठायें। अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंच कर अपना स्वास्थ्य चेकअप करायें। बताया गया कि 20 चिकित्सकों की टीम इस कार्य के लिए आ रही है। प्रेस वार्ता में उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक व मीडिया कर्मी मौजूद थे।

सेक्रेड हार्ट स्कूल में ज्वायफुल लर्निंग इन 21वीं सेंचुरी पर कार्यशाला

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को ज्वायफुल लर्निंग इन 21वीं सेंचुरी पर एक दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा थे। उन्होंने शिक्षकों को 21वीं सदी में शिक्षा में सीखने और सीखाने की प्रवृत्ति को कैसे आनंददायक बनाया जाए, इसकी जानकरी पीपीटी के द्वारा दी। बीच-बीच में उन्होंने शिक्षकों से कई सवाल भी पूछे। उन्होंने लेशन प्लान बनाने, क्लास में होनेवाली समस्या का समाधान करने और बिना किसी दबाव के बच्चों को शिक्षा देने समेत कई जानकारी दी। यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए काफी लाभकारी रहा। मौके पर प्राचार्य नवीन कुमार, एकेमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार, किशोर कुणाल, सुभय कुमार, संजय तिवारी, संजय मिश्रा, सुनील पाठक, कामिनी सहाय, सपना शर्मा, रजनी बाला, शंकर कुमार, फैयाज कैशर, पायल सिंह, अभिलाषा सिंह, राहुल कुमार, सुमित साव, अनमोल रतन, विक्की कुमार, सतीश कुमार, मरियम मैडम, सरोज पांडेय, कुंतल जेठवा, रूबी वर्मा, स्वाति कुमारी, पूजा सलूजा, रेणु सेठ, सुजीत प्रताप, दीक्षा सिंह, अल्का सिंह, प्रियंका गुप्ता, रंजीता कुमारी, प्रियंका सिंह, विशाल आनंद, मनोज सिंह समेत लगभग 35 शिक्षक मौजूद थे। इसके पहले निदेशक प्रमोद कुमार ने शिक्षकों के साथ बैठक की और आनेवाले सत्र में शिक्षा को और कैसे बेहतर किया जाए इस पर चर्चा की।

लरियाडीह नयीटांड में हुई मारपीट और गाली गलौज के मामले में दिया आवेदन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत पंचायत लरियाडीह के गांव नईटांड में शनिवार की सुबह हुए मारपीट व गाली गलौज के मामले में पीड़ित के द्वारा एसटी-एससी थाना कोडरमा में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गयी है। पीड़ित युवक राहुल दास पिता महेंद्र दास ग्राम अन्नंतडीह पंचायत लारियाडीह कोडरमा निवासी ने एसटी-एससी थाना में दिए अपने आवेदन में बताया कि 24 मार्च की सुबह अपने घर के पास खड़ा था, तभी सुभम यादव पिता सहदेव यादव ग्राम कोलगरमा एवं उसके साथी ग्राम नईटांड निवासी विक्की यादव आया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए धमकी देते हुए चला गया। उसी दिन पुनः अपने मोबाइल से फोन कर धमकी दिया एवं लगभग 11:00 बजे शुभम यादव अपने दोस्त विक्की यादव तथा अन्य अज्ञात 15 से 20 साथियों के साथ आया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने लगा, यह देख मेरे परिजन व अन्य ग्रामीण बीच बचाव किया, ग्रामीणों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। दूसरे दिन 25 मार्च शनिवार को लरियाडीह स्थित निजी स्कूल के बच्चे को लेने हेतु सुबह करीब 6 बजे स्कूल वैन लेकर नईटांड गया, जहां शुभम यादव ग्राम कोलगरमा एवं विक्की यादव, बालेश्वर यादव और रोहित यादव तीनो ग्राम नईटांड निवासी ने सामुदायिक भवन के पास गाड़ी रोककर मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और टांगी तथा धारदार हथियार का भी इस्तेमाल करना चाहा, वही 3500 रुपये नगद और सोने का चेन छीन लिया। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश

कोडरमा (आजाद सिपाही)। शनिवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति आदित्य रंजन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक एवं पी.सी. एंड पी.एन.डी.टी. के तहत जिला सलाहकार समिति एवं जिला निरीक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने पी.सी. एंड पी.एन.डी.टी. के दौरान अल्ट्रासाउंड के निबंधन और निबंधन रिनिवल करने से संबंधित चर्चा किया। कई अल्ट्रासाउंड सेंटर, जिन्होंने सेंटर के निबंधन के लिए आवेदन दिया है, उन सेंटरों को स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन ने आयुष्मान भारत के संबंध में बताया कि ओवर ऑल झारखण्ड में हमारा जिला कोडरमा दूसरे स्थान पर है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो, इसके लिए नियमित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य समिति का बैठक करें। उपायुक्त ने प्रत्येक माह के 24 तारीख को प्रखंड स्तर पर टी.बी रोग से संबंधित लोगों का जांच करने के साथ साथ जागरूकता अभियान चलाने को कहा। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, उपाधीक्षक डॉ मनोज कुमार, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमण, डॉ पी मिश्रा, डीपीएम महेश प्रसाद, डीडीएम पवन कुमार समेत सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

डीसी-एसपी ने पूजा महासमिति,अखाड़ों और संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन से होगी निगरानी: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। डीसी नैंसी सहाय एवं एसपी मनोज रतन चोथे की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में रामनवमी त्योहार को लेकर महासमिति के सदस्यों,अखाड़ा समिति एवं संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ प्रशासनिक बैठक की। बैठक मे डीसी ने उपस्थित महासमिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि गत वर्ष सभी महासमितियों,आखाड़ो के सदस्यों ने प्रशासन से बेहतर सहयोग व समन्वय के साथ रामनवमी पर्व को संपन्न कराया था। इस बार भी रामनवमी को लेकर लोगों के बीच हर्षोल्लास देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि हर पर्व लोगों को सौहार्दपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारा के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण रूप से जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए त्योहार को मनायें। हजारीबाग की प्रसिद्ध रामनवमी के जुलूस निकालने के प्रशासनिक तैयारियों को उपायुक्त ने विस्तृत रुप से बताया। उन्होंने कहा गर्मी को देखते हुए जुलूस मार्गों के 18 स्थलों पर पानी की व्यवस्था कराई जा रही है, वहीं निःशुल्क सामुदायिक शौचालय संचालित रहेंगे। महिलाओं के लिए भी लगभग 15 अस्थाई शौचालय संचालित रहेंगे। वहीं अस्थाई मेडिकल केन्द्र लगाए जा रहे है। सभी सुविधाएं 24घंटेआमजनों के लिए उपलब्ध रहेंगे। सभी अखाड़ों की नंबरिंग थानावार की जाएगी उसी क्रम में जुलूस को पास कराया जाएगा। जुलूस के सुगम संचालन के लिए जगह जगह पर मजबूत बैरिकेडिंग ड्रॉप गेट लगाए जा रहे हैं। साथ ही हर गतिविधियों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूजा समिति अपनी परंपरागत विधि-विधान से पूजा मनाएं लेकिन दूसरे की भावनाएं आहत ना हो इस बात का विशेष ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि अपने शहर और जिला की गरिमा को बरकरार रखना आप की भी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। एसपी ने भी पूजा समितियों के सदस्यों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखे,निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकाले। प्रशासन के निदेशों के अनुपालन करें एवं जिम्मेवारी के साथ महासमिति के सदस्य व अखाड़ा समिति के सदस्य जुलूस के सुगम संचालन के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्त किए जायेंगे। उन्होंने बल देते हुए कहा कि कई मामलों में अखाड़े आपस में छोटे- मोटे कारणों से विवाद पर उतारू हो जाते हैं ऐसे मामलों पर प्रशासन सख्ती के साथ कारवाई करेगा। जुलूस मार्गो के सड़क किनारे रखे भवन निर्माण की सामग्री यथा ईट,पत्थर, बालू,गिट्टी आदि को यथाशीघ्र हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा सभी प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की सूचना व जानकारी के लिए पुलिस प्रशासन एवं जिला नियंत्रण कक्ष 24घंटे उपलब्ध है। सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान ना दें। बैठक में महासमिति के सदस्यों एवं संरक्षण समिति के सदस्यों ने जिला प्रशासन को कई सुझाव दिए। महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव ने बताया की एक बार की रामनवमी में कुछ नयी चीजों का समावेश किया है। मसलन महासमिति की ओर से रामलीला सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। युवाओं को नशामुक्त रामनवमी मनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नशामुक्त जागरुकता रथ निकाली जाएगी। प्रशासन के सहयोग के लिए महासमिति ने स्वच्छता अभियान संयोजक,विद्युत विभाग संयोजक, स्वागत समिति संयोजक , परंपरागत मार्ग संयोजक, सुरक्षा संयोजक,सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक, विधि विभाग संयोजक , अखाड़ा संपर्क संयोजक , पेयजल आपूर्ति संयोजक,खोया पाया विभाग संयोजक आदि संयोजकों की नियुक्ती कर सफल आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, एसडीओ सदर विद्या भूषण कुमार, सदर अंचल अधिकारी , कटकमसांड, कटकमदाग,सदरपुलिस उपाधीक्षक , सभी थाना प्रभारी, महासमिति के अध्यक्ष सहित पदाधिकारी एवं संरक्षण समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सहित विभिन्न अखाड़ों के सदस्य उपस्थित थे।

एल एंड टी ने रामनवमी के पूर्व लगाया रक्तदान शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। एल एंड टी संस्थान ने वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से अपने परिसर रोला, अमृत नगर में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन संस्थान के शुभंकर सील, सुदीप राय, अभिषेक त्रिपाठी, असीम दास एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर का शुभारंभ सुजीत मंडल एवं काली राज द्वारा रक्तदान किया। वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने सभी रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस नेक कार्य के लिए साधुवाद करते हुए उन्हें तथा आयोजकों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। रामनवमी में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए के लगाए गए ,इस कैंप के द्वारा उनके जीवन में मुस्कान लाने की कोशिश की गई ।विगत कई वर्षों से एल एंड टी द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जाता रहा है। शिविर को सफल बनाने में एल एंड टी के शुभंकर सील , सुदीप राय, अभिषेक त्रिपाठी,असीम दास संस्था के कर्मचारी गण एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, महासचिव विनीत छाबड़ा कार्यकारिणी सदस्य रजत जैन मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुरली प्रजापति, पूनम कुजुर, गोपाल कुमार, अजीत कुमार साहिल और राकेशआदि का विशेष सहयोग रहा।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही संवाददाता)। कोडरमा-गया रेलखंड के टनकुप्पा स्टेशन के निकट ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध व्यक्ति की पैर में गंभीर चोटे आई है। वृद्ध की पहचान 75 वर्षीय अनिमेश केवट के रूप में की गई। वृद्ध व्यक्ति भीख मांगकर अपना गुजारा करता था। शनिवार सुबह करीब 9 बजे रेल ट्रैक पार करने के क्रम में किसी ट्रेन के धक्के से उसका पैर गंभीर रुप से जख्मी हो गया, और वृद्ध वही गिर गया।सूचना पर आरपीएफ प्रभारी जवाहर लाल ने मिशन सेवा के तहत तत्काल अपने जवानो को वृद्ध को तत्काल प्राथमिक उपचार कराने का निर्देश दिए। इलाज के बाद वृद्ध व्यक्ति को कोडरमा स्टेशन लाया गया।फिलहाल आरपीएफ के समक्ष ये मुशिकिले आ रही है कि आखिर वृद्ध को किसके हवाले सौंपा जाए।

कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा

मेधावी भैया बहन हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में सत्र 2022 -23 के वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की गई। घोषणा के पूर्व आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। मां सरस्वती की पूजा वंदना के पश्चात अधिकारियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार सिंह के द्वारा कराया गया। वर्तमान सत्र में तैयार किए गए परीक्षाफल के विभिन्न तकनीकी बिंदुओं को भैया बहनों के बीच आचार्य प्रणव प्रभाश द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया। मौके पर प्रधानाचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु ने अपने संबोधन में कहा कि सत्र 2022 -23 इस विद्यालय के लिए उपलब्धियों से भरा सत्र रहा, साथ ही आने वाला नवीन सत्र में गत सत्र की सभी उपलब्धियों को पीछे छोड़ते हुए नवीन कीर्तिमान स्थापित करने के लिए हम सभी कृतसंकल्प हैं। आज के कार्यक्रम में विद्या भारती हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिंहा जी की गरिमामय उपस्थिति रही, जिन्होंने भैया बहनों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि पूरे वर्ष भर की मेहनत का परिणाम आज हमारे हाथों में है, हम सबों को यह चिंतन करना चाहिए की हम कहां हैं और भविष्य में और आगे किस प्रकार बढ़ सकते हैं। विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत उत्तीर्ण रहा। आज के ,पूरे सत्र भर में विभिन्न गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए भैया प्रशांत कुमार अर्चना प्रिया को आदर्श भैया, बहन घोषित किया गया।बहन अंशु कुमारी को शत-प्रतिशत उपस्थिति के निमित्त पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आज के सम्मान समारोह में भैया बहनों के साथ-साथ उनके अभिभावक को भी मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया।

तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। चाराडीह स्थित बी आर इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जे जे कॉलेज बीएड विभाग के प्रो समसाद आलम भारत विकास परिषद की क्षेत्रीय सचिव रामप्रवेश पांडे डॉक्टर कुमार अभिषेक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।समापन समारोह का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों एवं विद्यालय की प्राचार्या डॉ राखी राय निदेशक ओपी राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।वहीं विद्यालय के एकेडमी इंचार्ज एम शर्मा ने स्वागत भाषण दिए । तीन दिन चली खेल प्रतियोगिताओं में नर्सरी से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उनके बीच कब्बडी, शाटपुट, सुई-धागा दौड़, बैलून रेस, टॉफी रेस, लंबी कूद, जंप फ्राग रेस, अरेंजिंग अल्फाबेट्स, लेटर रेस, बॉल रेस, सौ व दो सौ मीटर की रेस आदि खेल प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को मैडल देकर पुरस्कृत किया गया। इसके पूर्व समापन समारोह में अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि प्रो समसाद आलम ने कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्तव है। इस तीन दिवसीय खेलों का संचालन आलम रजा ने किया वहीं सहयोगी रेफरी के रूप में विल्सन पॉल ने अपनी भूमिका निभायी। इस आयोजन को सफल बनाने में उपप्राचार्य नवल किशोर शिक्षक तबारक अंसारी राजेश कुमार अमित सिंह राजेन्द्र कुमार अनूप यादव अजय यादव बिनोद सिंह कमलेश राय केदार साव अभिषेक कुमार शिक्षिका जया लक्ष्मी अर्पित सिंह संध्या आयुषी आंशिका सरोजिनी रूपम दीपाली का भरपूर सहयोग रहा। वहीं कार्यक्रम का संचालन क्रमशः पहले से तीसरे दिन तक शाइस्ता नाज लक्ष्मी कुमारी बिनोद सिंह एवं प्रियंका सलूजा ने किया।

सीएचसी में लगा स्वास्थ्य मेला

इचाक(आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक के प्रांगण मे शनिवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिप सदस्य रेणु देवी, विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल, मुखिया अशोक राम, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के सांसद प्रतिनिधि महेश साव एवम प्रभारी चिकित्सक डा ओमप्रकाश ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान अतिथियों ने स्वास्थ्य मेला में लगाये गए स्वास्थ्य संबंधी 17 स्टॉल का निरीक्षण किया। सरकार के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में विभिन्न गांव से आये करीब 305 रोगियों का चिकित्सीय जांच कर दवाईयां दी गयी। इस दौरान जीप अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा की स्वास्थ्य मेला से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य जांच में सुविधा होती है, ऐसे आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिये। मौके पर डा इरफान अंसारी, डा श्रृष्टि कुमारी, डा चंचला कुमारी, डा अंजली श्रीवास्तव, बीपीएम अनीता तिर्की, एकाउंट मैनेजर रत्नेश कुमार सिंह, मलेरिया टेक्नीशियन संत कुमार, फार्मासिस्ट रमेश कुमार गुप्ता, एएनएम मेरी मिलरेड कुजूर, सुषमा कुमारी, कुमकुम कुमारी, गीता कुमारी, अंजु कुमारी, सुनीता कुमारी, किरण पासवान, बीटीटी दयाल प्रसाद, नागेश्वर राम, सहिया साथी रुकसाना खातून, यशोदा देवी के अलावा अन्य सहिया साथी और स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाया।

नहाय खाय के साथ चैती छठ महापर्व शुरू

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड में हर्षोउल्लास के साथ मनाने वाला चार दिवसीय आस्था का प्रतीक चैती छठ का महापर्व नहाय खाय के साथ शुरू हो गया खरना आज है यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष चौठ तिथि से सप्तमी तिथि तक मनाया जाता है चहुंओर छठ के गीतों से प्रखंड भक्तिमय हो गया है इस पर्व मुख्य खरना, अस्तगामी भगवान सूर्य का अर्घ्य और उदयगामी सूर्य का अर्घ्य देने का विशेष महत्व है पर्व साक्षात भगवान सूर्य और अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य देने एवम पूजा अर्चना करने से सभी प्रकार के कष्ट दूर होता है प्रखंड झरपो, भराजो, अमनारी, खम्भवा डूमर, धर्मपुर, टाटीझरिया, केसड़ा, डहरभंगा, गोधिया सहित सभी घाटों की सफायी के साथ लाइट से सजाया जा रहा है इस पर्व में सुप, टोकरी, लोंग इलायची ईख नारियल, सेव, केला शकरकंद ओर घीव का ठेकुवां का इस पूजा में विशेष महत्व है आज से अखंड 36 घंटे का छठव्रती रखेगी उपवास ।

स्थापना दिवस को लेकर की गयी बैठक

इचाक(आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा इचाक प्रखंड कमिटि की बैठक पार्टी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सुत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता की अध्यक्षता में हुयी। जिसमें मुख्य रुप से पार्टी के कोडरमा लोकसभा के भावी प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गंगेश्वर प्रसाद, 20 सूत्री सदस्य सह प्रखंड सचिव रामप्रवेश सिंह, बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी रामचंद्र मेहता उपस्थित हुये। इस बैठक में 4 अप्रैल को झारखंड मुक्ति मोर्चा का 44 वा स्थापना दिवस मनाने को लेकर चर्चा की गयी। सभी पंचायत से 2-2 गाड़ी में कार्यकर्ताओ को लेकर सभा स्थल जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इचाक प्रखंड में सभी पंचायत में पंचायत कमिट गठन के लिए प्रभारी की नियुक्ति की गयी। बैठक में सुरेंद्र कुशवाहा, बंशी मेहता, सुरेंद्र मेहता, रामफल मेहता, शशिभूषण मेहता, देवनारायण मेहता, राजेंद्र ठाकुर, रामकुमार राम, प्रवील मेहता, सुबोध मेहता, सुरेंद्र कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

टेंपों पलटने से कस्तूरबा विद्यालय की दस छात्राएं हुई घायल

केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राएं केरेडारी से परीक्षा देकर आवासीय विद्यालय कोदवे जा रही थी इसी क्रम में बेल चौक से आगे केरेडारी टंडवा मुख्य पथ पर टेम्पु पलट गया घटना शनिवार को करीब 2.30 बजे की है इस घटना में कुल दस छात्राएं घायल हो गयी इन्हें आनन फानन में इन्हें केरेडारी सीएचसी लाया गया जहा डॉ सुधीर रंजन ने छात्राओं का प्राथमिक उपचार किया जिसमे से तीन छात्राओं को बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया गयो घटना की सुचना मिलने पर बिडिओ कीस्टो कुमार बेसरा केरेडारी सीएचसी पहुंचे व घायल छात्राओं का हाल चाल जाना व ढांढस भी बंधाया ।

जदयू नेताओं ने चलाया सदस्यता अभियान

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के पदाधिकारियों के द्वारा सदस्यता अभियान को फिर से गति दी गयी। इस दौरान शहर एवं कई ग्रामीण क्षेत्रों में घूम घूमकर जदयू के प्राथमिक सदस्य एवं सक्रिय सदस्य बनाया गया। इसी कड़ी में बड़कागांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनोद राणा अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सक्रिय सदस्यता एवं प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। ज्ञातव्य हो कि पार्टी द्वारा निर्धारित सदस्यता अभियान की पहली कड़ी आगामी 31 मार्च को समाप्त हो रही है। तत्पश्चात सदस्यता अभियान के आगे की तारीख निर्धारित की जायेगी। सदस्यता अभियान की अगुवायी जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने किया। इसमें पार्टी के वरिष्ठ सदस्य चंद्र मोहन पटेल, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, नरेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लोहा चोरी के आरोप में दो को भेजा जेल

केरेडारी(आजाद सिपाही)। केरेडारी पुलिस ने शुक्रवार की रात्रि गस्ती के दौरान गर्री कला स्थित एनटीपीसी गेट के समीप दो लोगों दीपेश कुमार पिता इंद्रनाथ महतो और जयमंगल कुमार पिता झमन महतो को एल एंड टी में प्रयोग होने वाले लोहे लदे पियगो वैन के साथ पकड़ा पुलिस ने दोनों को पूछताछ व सत्यापन के लिए थाना लाया जहा पूछताछ में इनलोगों ने अपना अपराध कबुल किया है और दोनों बड़कागांव के रहने वाले हैं केरेडारी पुलिस ने केरेडारी थाना कांड संख्या 60/2023 दिनांक 25 मार्च 2023 भादवि की धारा 414,379 और 34 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

रामनवमी पर्व को ले शांति समिति की बैठक

बरकट्ठा(आजाद सिपाही)। बरकट्ठा थाना परिसर में रामनवमी पर्व मनाने को लेकर शांति समिति का बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह व संचालन थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ कृति बाला लकड़ा, सीओ श्रीकांत मांझी, बीससुत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष बाबु खान उपस्थित थे। मौके पर इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह ने कहा कि रामनवमी भगवान राम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस त्योंहार को सभी मिलकर मनायें। किसी भी परिस्थिति में कोई भी जुलूस नये रास्ते पर नहीं जायेगी और ना ही कोई नया जुलूस निकाला जायेगा। थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने कहा कि रामनवमी में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। त्योहार के दौरान शराब बेचने और पीने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। किसी भी परिस्थिति में घटना दुर्घटना होने पर कानून को हाथ में ना लेकर प्रशासन को सूचना दें। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया सुमन कुमार, मुखिया शंकर रविदास, कमलेश कुमार, पंसस युसुफ अंसारी, भाजपा नेता केदार साव, मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र कुमार शर्मा, सरयु महतो, श्यामा साव, मनोज कुमार, पुर्व मुखिया मुंशी पासवान, टिंकु कुमार, किशोर मोदी, अनिल आजाद, महेश मंडल, संजय यादव, रामखेलावन यादव, चिंता देवी, संतोष कुमार शर्मा, कासीम मियां, महेन्द्र कुमार, महावीर यादव, महादेव राणा, द्वारिका पासवान, नकुल ठाकुर, महेश राम, यश राज साहा, रामचंद्र ठाकुर, विजय मोदी, राजेन्द्र मोदी, नारायण प्रसाद, प्रकाश चौधरी समेत कई लोग उपस्थित थे।

रामगढ़ थाना में शांति समिति की बैठक, एसडीओ ने दिये कई निर्देश

सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से हुड़दंगियों पर रहेगी नजर

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामनवमी पूजा को लेकर रामगढ़ थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ मो जावेद हुसैन ने किया। इस दौरान बैठक में अधिकारियों और शांति समिति के सदस्यों के बीच रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही आपसी समन्वय स्थापित करने को लेकर एसडीओ ने कई निर्देश दिए। मौके पर एसडीओ ने कहा कि रामनवमी पूजा के दौरान शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखा जायेगा। इसके लिए उन्होंने शांति समिति के सदस्यों को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा

कि पर्व के दौरान सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जायेगी, इसके अलावे ड्रोन कैमरा का भी इस्तेमाल किया जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना पर नजर रखी जा सके। एसडीओ ने स्पष्ट करते हुए हिदायत दी है कि शांति भंग करने वाले और रामनवमी पूजा के दौरान शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। कार्रवाई के साथ-साथ उन पर जुमार्ना भी वसूला जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था चुस्त रहेगी, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी ताकि किसी भी माहौल ना बिगड़े। एसडीओ ने रामनवमी पर्व के मौके पर पुलिस व्यवस्था विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों पर दंडाधिकारी और विशेष पुलिस बल की व्यवस्था रहेगी। वही, शांति समिति के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से अपील किया है कि पूजा स्थलों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल एहतियात के तौर पर मुकम्मल व्यवस्था की जाए।

रामनवमी अखाड़ा समिति लाइसेंस जमा करें आज

शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विद्याशंकर ने बताया कि रामनवमी अखाड़ा समितियों को सूचना जारी कर दी गयी है कि रविवार तक सभी को अखाड़े का लाइसेंस जमा करना है। उन्होंने समिति अध्यक्ष से आग्रह किया है कि निर्धारित तिथि तक अपना लाइसेंस जमा करें, ताकि समय पर लाइसेंस का रिन्यूअल हो सके।

समिति की बैठक में ये थे उपस्थित

एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, सीओ सुधीर कुमार, बीडीओ एनी रिंकू कुजूर, सब इंस्पेक्टर रोशन कुमार, समाजसेवी कमल बगड़िया, रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष छोटू वर्मा, धनंजय कुमार पुटूस, दीपक मिश्रा, ग्यास खान, मुमताज मंसूरी, महेश ठाकुर, तुलेश्वर पासवान, संतराज पासवान, हरेंद्र यादव, राजू कैंथ, नीरज मंडल, विजय सिंह, सन्नी सिन्हा, विशाल जायसवाल, अमन कुमार, उत्तम पासवान, अजीत गुप्ता, महेश मालाकार, राजकुमार सोनी, बीजू गोयनका साहित कई समिति के सदस्य उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

गोला(आजाद सिपाही)। गोला के नौवा टोला छाताटाड़ में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भुवनेश्वरी देवी एवं संचालन मधु गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुयी। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि अपने देश की अनेक बालिकाएं अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दिन रात पहरा दे रही है। यह सराहनीय कार्य है। जहां पर नारी की पूजा होती है, नारी का सम्मान होता है, वहां पर देवताओं का वास होता है। बालिकाओं को अच्छी शिक्षा और संस्कारों के साथ साथ आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का आह्वान किया। मौके पर मीना एक्का, सरिता देवी आरती देवी, ममता सोनी, आयोजक समिति सचिव अनिता दांगी, कोषाध्यक्ष चंचला दांगी, हेमलता देवी, सुजाता देवी, सविता देवी, मीरा देवी, अमला कुशवहा, विशु रजवार, निखिल दांगी, प्रमेश्वर कुशवाहा, उमेश सोनी, अरुण कुमार आदि मौजूद थे।

चैती छठ का महापर्व आज से शुरू

गिदी(आजाद सिपाही)। डांडी प्रखंड एवं कोयलांचल क्षेत्र में आस्था चलगामी छठ पुजा का नहाय खाये आज से चालु और व्रत चारदीवशीय मनाया जाता हैं। छठ व्रतीयो का यह त्योहार काफी कठिनाइयों के साथ मनाया जाता हैं ।

सरहुल शोभायात्र में शामिल हुई विधायक अंबा

पतरातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तालाटांड कुंम्बा टोला में आदिवासी छात्र संघ के तत्वावधान में आयोजित सरहुल पर्व समारोह के दौरान शोभायात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुयी। शोभा यात्रा मैं शामिल विधायक द्वारा आदिवासी समुदाय के बीच नाच गान करते हुए सरना स्थल मे पहुंची। इस मौके पर आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष दिनेश उरांव सचिव यसवंत उरांव मुखिया रीझीनी देवी चरणदेव उरांव, अनिता टोप्पो, चिलो, सुनैना देवी, अनिता उरांव, पाको देवी, मुकेश उरांव, छोटेलाल मुण्डा, सुनिता देवी, महेश मुण्डा, कांग्रेश पाटी के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह अंजन प्रसाद योगेंद्र सिंह खरवार सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

एक्साइज शॉपी से चोरों ने उड़ाये 20 बैटरी और पांच इंवटर

भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। मेन रोड भुरकुंडा पेट्रोल पंप स्थित एक्साइज शॉपी नामक बैटरी दुकान का एस्बेस्टस तोड़कर बीती रात्रि चोरो ने लगभग डेढ़ लाख रुपए के बैटरी, इंवटर व अन्य समानो की चोरी कर ली है। मामले पर सेंट्रल सौंदा निवासी सह दुकान के संचालक अमित कुमार पांडेय उर्फ बिट्टू ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह मेरे दुकान के केयर टेकर सह इलेक्ट्रिशियन गौतम उर्फ बबलू ने शनिवार की सुबह 9 बजे दुकान खोला तो देखा कि दुकान का एस्बेस्टस टूटा हुआ है और कई बैटरी व इंवटर गायब है। उसने चोरी की घटना की जानकारी मुझे दी। इसके बाद मैंने घटना की सूचना भुरकुंडा पुलिस को दी गयी। जानकारी के बाद भुरकुंडा ओपी के एसआई अमित कुमार व एएसआई परमहंस सिंह मेरे दुकान पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। दुकान संचालक अमित पांडेय ने बताया चोरो ने छोटा-बड़ा मिलाकर 20 बैटरी और 5 इंवटर आदि समानो की चोरी कर ली है। जिसकी कीमत करीब डेड़ लाख रूपया होगी। पुलिस पूरे मामले की छानबीन करते हुए चोरों के धर-पकड़ के लिए छापामारी में जुटी है।

चेंबर चुनाव को लेकर विमल बुधिया की टीम ने चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का सत्र 2023-25 के चुनाव को लेकर शनिवार को विमल बुधिया के टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर व्यवसायियों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने रांची रोड, सांडी, गिद्दी, भुरकुंडा सहित अन्य स्थानों पर व्यवसायियों से अपने पक्ष में समर्थन मांगा। जनसंपर्क अभियान से पूर्व विमल बुधिया की टीम ने मेन रोड स्थित माता विग्नेश्वरी मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। मौके पर विमल बुधिया ने कहा कि व्यापारियों को मान सम्मान और भयमुक्त वातावरण में व्यापार कराने के लिए मैं और

मेरी टीम प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के रक्षा के क्षेत्र में मुकमल व्यवस्था कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्हें व्यवसाई माहौल में व्यवस्थित माहौल दिया जाएगा, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े अगर जरूरत पड़े तो चेंबर ऑफ कॉमर्स उनके लिए हर संभव प्रयासरत रहेगी। बुधिया ने कहा कि आप सभी के समर्थन से व्यवसायियों के लिए नया आयाम लिखूंगा, जिससे आप सभी भयमुक्त वातावरण में व्यवसाई कर सकेंगे। जनसंपर्क अभियान में ये थे शामिल जनसंपर्क अभियान में विमल बुधिया, जितेंद्र प्रसाद अग्रवाल, जितेंद्र प्रसाद डब्लू, अमित कुमार सिन्हा, अमरेश कुमार सिंह, अरुण कुमार राय, मनोज कुमार मंडल, नंदकिशोर प्रसाद, नीरज सिंह, निलेश गुप्ता, रविशंकर चौरसिया, विजय कुमार मेवाड़, विकास सेठी, विनोद कुमार आदि शामिल थे।

चैंबर चुनाव को लेकर विनय गुट ने चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। चैंबर चुनाव को लेकर शनिवार को विनय कुमार अग्रवाल की टीम ने छत्तर मांडू, रजरप्पा, गोला, रांची रोड, सांडी में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर विनय कुमार अग्रवाल ने सेवा का मौका देने की अपील किया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स पूरे झारखंड के सभी चैंबरो से अपना एक अलग स्थान रखता है। यहां के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं सदस्य व्यापारियों की समस्या के लिए समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। विगत कुछ दिन पहले रामगढ़ चेंबर के नेतृत्व में पहली बार बिजली की समस्या राजधानी एक्सप्रेस को रोकने की समस्या को लेकर एक उग्र आंदोलन किया गया था। जिसके नेतृत्व इसी टीम के

वर्तमान अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया था एवं यह भी पहला मौका था जब झारखंड के लगभग 7 विधायक रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में उपस्थित होकर हमारी मांगों का समर्थन किए थे। हमारी टीम मजबूत टीम है और हमेशा हर सदस्यों के साथ हर व्यापारियों के साथ खड़ी है। मौके पर प्रत्याशी के रूप में अशोक सिंह, भूपेंद्र सिंह पप्पू, विनय कुमार सिंह, दिनेश कुमार पोद्दार, गोपाल शर्मा, इंद्रपाल सिंह पाले, जयप्रकाश सिंह उर्फ जेपी सिंह, मनजीत साहनी, मनोज चतुवेर्दी मानु, मुरारी लाल अग्रवाल, संतोष तिवारी, सरोज कुमार सिंह, विनय कुमार अग्रवाल, विष्णु पोद्दार आदि शामिल थे। मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सिंह, आनंद अग्रवाल, मनजी सिंह, पंकज प्रसाद तिवारी, रविंद्र कुमार साहू, जमुना प्रसाद, आशीष दास, अभिषेक उपाध्याय, सुनील साह, अखिलेश्वर सिंह, जन्मजय प्रताप सिंह, नानू बेदी, श्रीनिवास गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

डीसी ने की खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजनाओं की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से जिले में क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी। डीसी ने बैठक में कार्य कर रहे एजेंसी को निर्देशित कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन ससमय प्रारंभ कर पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि पूर्व से क्रियान्वित योजनाओं को एकरारनामा के अनुसार पूर्ण कराएं। प्राक्लन उपलब्ध कराने को लेकर बचे कार्य में प्रस्ताव एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब निर्माण के अवशेष

योजनाओं का प्रस्ताव जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिससे शत प्रतिशत अमृतसरोवार योजना के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। साथ ही उन्होंने सभी कार्य कर रहे एजेंसी को कहा की जन कल्याणकारी विकास योजनाओं में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रयोग हो।

निविदा के आलोक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया की निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता हो।

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनी कुमारी, कार्य कर रहे एजेंसी के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

पालू में सरहुल शोभा यात्रा निकाली गयी

पतरातु (आजाद सिपाही संवाददाता)। आदिवासियों की संस्कृति विश्व की सबसे बेहतरीन संस्कृतियों में एक है। इस संस्कृति के अनुसार हमसे ही हम धरती को गर्म होने से बचा सकते हैं। यह बातें झामुमो के केंद्रीय नेता संजीव बेदिया ने कही। वे शनिवार को पतरातू प्रखंड के पालू गांव में आयोजित सरहुल पूजा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर अपने विचार रख रहे थे। मौके पर मुखिया पानो देवी ने भी अपने विचारों को रखा। मौके पर आनंद मुंडा, शिव मिंज, आनंद नायक, सुरेंद्र मुंडा बिरसा उरांव गणेश करमाली जेठा उरांव, तेतरा गंजू, राजू नायक दिनेश मुंडा कृष्णा नायक मनु नायक प्रकाश उरांव राजेश उरांव सोमा उरांव मुकुल गंजू आकाश गंजू अनिल करमाली सरोज करमाली राजू करमाली आदि कमेटी सदस्यों सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के बीच कथा प्रवचन प्रारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। स्वर्ग के अमृत से भी कीमती भागवत की कथा है। जिसे पाने के लिए स्वर्ग से देवराज इंद्र अमृत लेकर आए, बदले में भागवत के अमृत पाने के लिए। परंतु सुखदेव जी ने देवराज इंद्र को डांट फटकार कर भगा दिया। क्योंकि स्वर्ग के अमृत से कई गुणा विशेष महत्वपूर्ण भागवत की कथा है। उक्त बातें अयोध्या धाम से आये कथावाचक वैदिही शरण महाराज ने प्रथम दिन शुक्रवार की देर शाम डटमामोड़ कुजू निवासी सह समाजसेवी गोपाल ठाकुर के आवास पर चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह को लेकर आयोजित कथा प्रवचन के

दौरान कही। उन्होंने आम जनों के बीच संदेश देते हुए कहा कि सबों को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा को श्रवण करना चाहिए। वही, भागवत कथा के कुल 18 पुराण के अंतर्गत श्रीमद्भागवत महापुराण हैं। जैसे देवों में महादेव और पुराणों में भागवत महापुराण हैं। इससे पूर्व, मुख्य आयोजक गोपाल ठाकुर ने कथा प्रवचन कार्यक्रम शुभारंभ के दौरान महापुराण पुस्तक की पूजार्चना की। वही, यज्ञाचार्य मनोज कुमार पांडेय की अगुवाई में कथावाचक वैदिही शरण महाराज जी का फूल माला पहनाकर भव्य रुप से स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने कथावाचक शरण जी महाराज का स्वागत करते हुए संबोधन किया। वहीं, मौजूद कई धर्म प्रेमियों ने महाराज जी का स्वागत किया। इधर, यज्ञाचार्य मनोज कुमार पांडेय ने मुख्य आयोजक गोपाल ठाकुर और उनकी धर्मपत्नी को दूसरे दिन मंडप पूजन समेत कई धार्मिक अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजार्चना कराया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, अशोक सिन्हा, इंद्रनाथ ठाकुर, कंचन ठाकुर, डोमन ठाकुर, पिंटू ठाकुर, पप्पू ठाकुर, संतोष भारद्वाज, उमेश अग्रवाल, कृष्णा बिहारी पासवान, मनोज केसरी, हरि महतो, खुशयाल साव, अमरजीत साहू समेत दर्जनों महिला- पुरुष धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

व्यावसायिक संघ ने द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम से मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। व्यवसायिक संघ टंडवा द्वारा रुक्मणी इन होटल में शनिवार को द्वितीय वर्षगांठ महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। संघ द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि जेएफसीसीआई अध्यक्ष किशोर मंत्री, सचिव डॉ.अभिषेक रामाधीन, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, विशिष्ठ अतिथि जितेंद्र जैन अध्यक्ष, सदस्य संतोष कुमार अग्रवाल, सदस्य बिनोद केसरी, चैम्बर ऑफ चतरा, पवन कुमार केसरी अध्यक्ष चैम्बर ऑफ सिमरिया उपस्तिथ हुये। इस दौरान टंडवा व्यवसायिक संघ के अधिकारियो नें अतिथियो को शॉल और बुके देकर जोश खरोश से स्वागत किया। मौके पर जेएफसीसीआई अध्यक्ष किशोर मंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुये कहा की चतरा में एयरपोर्ट लाने का प्रयास फेडरेशन

ऑफ झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज करेगी। और व्यापारियो की लेंन देन सरकार द्वारा बढ़ा रहे 2% कृषि उत्पादन कर को सीएम आवास में आमंत्रण कर बढ़ा हुआ कर वापस लिया गया। यह जीत व्यापारियो की जीत है। एकजुटता का उदाहरण एक एक व्यापारिक को श्रेय दिया। उन्होंने टंडवा व्यवसायिक संघ को जेएफसीसीआई के संबद्ध प्रमाण पत्र दिया। और उससे टंडवा व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष विकास गुप्ता और सचिव राजेन्द्र प्रसाद आगामी जेएफसीसी के चुनाव मे मत देने की स्वीकृति दिया। उन्होंने फेडरेशन ऑफ झारखण्ड से जुड़े कई बिषयों को प्रकाशित किया तथा हमेशा सहायता करने की भरोषा जताया। इस दौरान टंडवा व्यवसायिक संघ द्वारा 252 सूचीबद्ध व्यवसायियों को प्रमाण पत्र देकर समान्नित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता टंडवा व्यवसायिक संघ अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, संचालन संघ मंत्री सुबाष गुप्ता, शंकर गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मदन भगत, बबलू गुप्ता, संजीत गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, अशोक ठाकुर, कमलेश गिरी, बीरेंद्र साव, बलराम गुप्ता, रिंकू गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, बालकृष्ण यादव, दीपक कुमार, प्रीतम गुप्त, विश्वकर्मा राजू अंसारी पिंटू गुप्ता, महावीर प्रजापति, विनोद प्रजापति, विक्की गुप्ता, रमेश गुप्ता, राजू गुप्ता, प्रदुम गुप्ता, सियाराम प्रजापति, नरेश प्रजापति, समेत दर्जनों व्यवसाय उपस्तिथ थे।

भुरकुंडा में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित सरना स्थल में शनिवार को केन्द्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति के तत्वावधान में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संतोष मांझी एवं संचालन समिति के सचिव संतोष उरांव ने किया। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक लोबिन हेम्ब्रम, विशिष्ट अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, आजसू के केंद्रीय महासचिव रोषन लाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, मुखिया अजय पासवान, किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो, पूर्व पार्षद दर्शन गंझू व झरी मुंडा, जनार्दन पासवान, विष्णु कुमार आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथियों को बैच लगाकर व पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। समारोह के बाद गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा

निकाली गयी। जुलूस में दर्जनों गांव के अलग-अलग टोलियां पारंपरिक वेश-भूषा धारण कर मांदर की थाप पर थिरकते नजर आएं। रीवर साईड भुरकुंडा स्थित सरना स्थल में कई गांव के जुलूस का मिलान हुआ। मौके पर अतिथियों ने कहा कि सरहुल भाईचारगी और प्रेम का संदेश देता है। सरहुल में झारखंड की संस्कृति व सभ्यता झलकती है। जल, जंगल व जमीन की रक्षा हमसबों का दायित्व है। शोभा यात्रा में शामिल विभिन्न गांवों से निकले जुलूस का भुरकुंडा थाना के पीछे स्थित न्यू बैरक में समापन हुआ। शोभा यात्रा में सरहुल पूजा समिति दुंदुवा, करमाली टोला के पटेलनगर बिरसा चौक व चपरासी क्वार्टर, महुआ टोला, कैथोलिक आश्रम, न्यू बैरक, लपंगा, बिरसा नगर, कोल कंपनी, तीन नंबर झोपड़ी, रीवर साईड सहित दर्जनों गांव के जुलूस का मिलान हुआ। शोभा यात्रा में ये लोग थे शामिलः शोभा यात्रा में समिति के संस्थापक पीटर नाग, विश्वनाथ करमाली, संरक्षक दर्शन गंझु, पात्रिक मिंज, मिथलेश टुडू, संजय लिंडा, श्रीनाथ करमाली, सलाहकार समिति के श्याम सुंदर करमाली, राजन करमाली, बालेश्वर बेदिया, उमेश मुंडा, अनिल एक्का, समिति के अध्यक्ष संतोष मांझी, कार्यकारी अध्यक्ष रितिका भोक्ता, उपाध्यक्ष देवकुमार बेदिया, सेरोफिना एक्का, छोटा राजन, गुलाब करमाली व रोहित बेदिया, महासचिव राजाबाबू मुंडा, सचिव संतोष उरांव, सहसचिव रासेल तिग्गा, कजरू गंझू, तारनी बेदिया, संतोष बेदिया व राजू मुंडा, कोषाध्यक्ष मनोज मुंडा व देवशरण मुंडा, संगठन सचिव सुरेश रजवार, संगठन सह सचिव रेणुका देवी, कार्यालय सचिव बुटन मुंडा सहित कार्यकारिणी सदस्यों में उमेश मुंडा, उमेश करमाली, राजकुमार गोंड, बिनोद बेदिया, सुनिल उरांव, अशो मुंडा, मुनेश बेदिया, पिन्टु नायक, कृष्णा मुंडा, महावीर मुंडा, मारग्रेट खलखो, जोसफिन डिक्रूज, बिरसा उरांव, विक्की करमाली, शशि करमाली, नन्दु करमाली, दिप नायक, राजा करमाली, आदेश करमाली सहित दर्जनों सरना धमार्वावलंबी शामिल थें।

बढ़ेगा राजनीतिक टकराव

मानहानि के एक मामले में सूरत कोर्ट का फैसला आने के बाद जिस तेजी से लोकसभा सचिवालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने का ऐलान किया, वह भारतीय राजनीति के लिए नयी चीज है। हालांकि जो हुआ, वह नियम-कानून के अनुरूप ही है। यह बात भी दिलचस्प है कि जिस कानून के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता छिनी है, वह 2013 में खुद उन्हीं के हस्तक्षेप के बाद बना था। तब राहुल गांधी ने तत्कालीन यूपीए सरकार द्वारा लाये जा रहे इस कानून से राहत दिलाने से संबंधित अध्यादेश की कॉपी सार्वजनिक तौर पर फाड़ दी थी। इस लिहाज से विरोधी यह तर्क दे सकते हैं कि जिस कानून की हिमायत खुद राहुल गांधी ने इतनी शिद्दत से की थी, उसके लागू होने पर कांग्रेस इतनी हाय-तौबा क्यों मचा रही है। लेकिन यह सिक्के का सिर्फ एक पहलू है। लोकतंत्र में कानून की बारीकियों की अहमियत तो होती है, लेकिन यह सवाल भी कम महत्वपूर्ण नहीं होता कि आम लोग किसी मुद्दे को किस रूप में देखेंगे। और आम लोगों के नजरिये से इस सवाल को अनदेखा करना मुश्किल है कि अपराध चाहे जो भी हो, खुद अदालत ने भी सजा पर अमल से पहले इसके खिलाफ अपील के लिए राहुल गांधी को 30 दिनों की मोहलत दी थी। ऐसे में लोकसभा सचिवालय ने उनकी संसद सदस्यता रद्द करने में जो जल्दबाजी दिखायी है, उसका सरकार के साथ चल रही उनकी तनातनी से कोई रिश्ता नहीं है, यह बात लोगों को समझाना बीजेपी के लिए आसान नहीं होगा। कांग्रेस नेताओं की शुरुआती प्रतिक्रिया भी इस बात की पुष्टि करती है कि वे सबसे ज्यादा जोर इसी पहलू पर देंगे। इसके बरक्स बीजेपी का जोर यह बताने पर लगता है कि राहुल गांधी ने अपने बयान से पूरे ओबीसी समुदाय का अपमान किया है। जनता पर किसकी बात का ज्यादा असर होने वाला है, यह साफ होने में थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन जिस तरह से इस प्रकरण ने विपक्ष की तमाम पार्टियों को राहुल गांधी के समर्थन के लिए मजबूर कर दिया है, वह बीजेपी के लिए एक अतिरिक्त चुनौती तो हो ही गया है। इसके अलावा इस पूरे प्रकरण का एक और अहम पहलू है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ध्यान रहे, राहुल गांधी के जिस बयान को लेकर संसद में गतिरोध का ताजा दौर शुरू हुआ, वह विदेश में दिया गया था और उसका सार यही था कि भारत में लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। सरकार के लिए जरूरी था कि वह अपने व्यवहार से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनने वाली इस धारणा को अप्रासंगिक या निरर्थक साबित करे। चिंता की बात यह है कि सही हो या गलत, विपक्षी नेताओं पर कानून व्यवस्था का कसता शिकंजा लोकतंत्र की मजबूती का संदेश नहीं देता।

जनता पर किसकी बात का ज्यादा असर होने वाला है, यह साफ होने में थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन जिस तरह से इस प्रकरण ने विपक्ष की तमाम पार्टियों को राहुल गांधी के समर्थन के लिए मजबूर कर दिया है, वह बीजेपी के लिए एक अतिरिक्त चुनौती तो हो ही गया है।

अभिमत
आजाद सिपाही

गर्भस्थ शिशु जैसे जैसे अपना आकार प्राप्त करता जाता है, वैसे-वैसे उसकी जरूरतें भी बढ़ती जाती हैं। उसके लिए जरूरी है कि उसकी माता बनने के लिए महिला को अपना खानपान और रहन सहन बदलना है। इसकी जिम्मेदारी पिता बनने जा रहे पुरुष पर भी आती है कि वह वे सब साधन जुटाए और सभी प्रकार की एहतियात बरते जिससे कि अजन्मे शिशु को कोई कष्ट न हो।

अजन्मे बच्चे के अधिकार और भारतीय संस्कार

पूरन चंद सरीन

शिशु के गर्भ में रहने अर्थात उसके जन्म लेने तक उसके अधिकार हैं, यह हमारे देशवासियों के लिए कुछ अटपटा हो सकता है लेकिन असामान्य या बेतुका कतई नहीं है। बहुत से देशों में इसके लिए कानून भी हैं। इसके साथ ही उन्हें तरोताजा बनाये रखने के लिए प्रतिवर्ष 25 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गर्भ में पल रहे शिशु के लिए विशेष दिवस मनाये जाने की परंपरा है।

देखा जाए तो यह केवल अजन्मे बच्चे के अधिकारों की बात नहीं है बल्कि उस मां के अधिकारों का रक्षण है जो उसे 9 महीने तक अपने गर्भ में रखकर उसका पालन-पोषण करती है।

अजन्मे शिशु के अधिकार

गर्भस्थ शिशु जैसे जैसे अपना आकार प्राप्त करता जाता है, वैसे-वैसे उसकी जरूरतें भी बढ़ती जाती हैं। उसके लिए जरूरी है कि उसकी माता बनने के लिए महिला को अपना खानपान और रहन सहन बदलना है। इसकी जिम्मेदारी पिता बनने जा रहे पुरुष पर भी आती है कि वह वे सब साधन जुटाए और सभी प्रकार की एहतियात बरते जिससे कि अजन्मे शिशु को कोई कष्ट न हो। इस प्रक्रिया में सही समय पर डाक्टरी जांच और टीकाकरण तथा दवाइयों का सेवन आता है। यह बात केवल महिला ही जानती है कि उसके गर्भ में जो जीव पल रहा है, उसकी जरूरतें क्या हैं और उन्हें पूरा कैसे करना है?

हमारे आर्थिक संसाधन तब ही तक उपयोगी हैं, जब तक उन पर बढ़ती आबादी का जरूरत से ज्यादा दबाव नहीं पड़ता।

अब हम इस बात पर आते हैं कि हमारे देश में कानून तो बहुत हैं, लेकिन उनसे अधिक पारिवारिक संस्कारों, सामाजिक परंपराओं और न जाने कब से चली आ रही कुरीतियों को मान्यता देने का रिवाज अधिक है। इस प्रक्रिया में कानून या तो कहीं मुंह छिपा कर बैठ जाता है और अपनी पीठ के पीछे हो रही घटनाओं को अनदेखा करने को ही अपनी जिम्मेदारी निभाना समझ लेता है या फिर अपना डर दिखा कर धौंस जमाते हुए दंड देने लगता है। कानून की नजर में जो अपराधी है, चाहे परिवार और समाज के नजरिए से सही माना जाये, सजा तो पाता ही है।

अजन्मे बच्चे का पारिवारिक संपत्ति में जन्मसिद्ध कानूनी अधिकार है, इसलिए भी भ्रूण हत्या होती है और यह परिवार की परंपरा है कि केवल लड़कों को ही उत्तराधिकारी माना जायेगा, इसलिए अगर गर्भ में कन्या है तो उसे जन्म ही क्यों लेने दिया जाए, यह मानसिकता हमारे संस्कार हमें देते हैं।

इस बात की गंभीरता को समझने के लिए कुछ उदाहरण देने आवश्यक हैं। हम चाहे अपने को कितना ही पढ़ा-लिखा और आधुनिक कहें लेकिन जब यह बात आती है कि कन्या की जगह पुत्र ही होना चाहिए तो यह हमारे लिए बहुत सामान्य-सी इच्छा है।

अजन्मे बच्चे के अधिकारों का शोषण यहीं से शुरू हो जाता है। यह पता चलते ही कि गर्भ में कन्या है तो गांव देहात का परिवार हो या शहर कस्बे का, मन में उदासी छा जाती है। इस स्थिति में गर्भावस्था में सही देखभाल करने के स्थान पर भ्रूण हत्या करवाने के बारे में सोचा जाने लगता है। अब यह कानून सम्मत तो है नहीं इसलिए चोरी-छिपे गर्भपात कराने का इंतजाम कर लिया जाता है।

अजन्मे बच्चे का पारिवारिक संपत्ति में जन्मसिद्ध कानूनी अधिकार है, इसलिए भी भ्रूण हत्या होती है और यह परिवार की परंपरा है कि केवल लड़कों को ही उत्तराधिकारी माना जायेगा, इसलिए अगर गर्भ में कन्या है तो उसे जन्म ही क्यों लेने दिया जाए, यह मानसिकता हमारे संस्कार हमें देते हैं।

जहां अल्ट्रासाऊंड जैसी तकनीक से यह जाना जा सकता है कि गर्भस्थ जीव में कोई विकृति तो नहीं और यदि है तो गर्भपात का सहारा लेना ठीक भी है और कानून के मुताबिक भी तो फिर इसकी बजाय इस बात को क्यों प्राथमिकता दी जाती है कि कन्या अगर गर्भ में है, तो उसे इस प्रावधान का सहारा लेते हुए उसे जन्म न लेने दिया जाये।

अजन्मे शिशु का एक अधिकार यह भी है कि उसका सही ढंग से विकास होने के लिए गर्भावस्था के दौरान और प्रसव से पूर्व तक वे सब उपचार और सुविधाएं मिलें जो उसे इस संसार में स्वस्थ रूप में आने का रास्ता प्रशस्त कर सकें।

इस कड़ी में माता का निरंतर मैडीकल चेकअप, निर्धारित समय पर टीकाकरण और पौष्टिक भोजन और जन्म लेने से पहले एक सुरक्षित वातावरण जिससे न केवल मां उसे जन्म देने के लिए तैयार हो, बल्कि शिशु भी हृष्ट-पुष्ट अवस्था में जन्म ले।

जनसंख्या नियंत्रण

यह परिस्थिति एक और वास्तविकता को भी उजागर करती है और वह यह कि अजन्मे बच्चे के अधिकारों की सुरक्षा के लिए आबादी का बिना किसी हिसाब-किताब के बढ़ते जाना घातक है। इसके लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून की जरूरत है और उस पर स्वेच्छा अर्थात अपनी मर्जी और सहमति से अमल करना आवश्यक है।

हमारे आर्थिक संसाधन तब ही तक उपयोगी हैं, जब तक उन पर बढ़ती आबादी का जरूरत से ज्यादा दबाव नहीं पड़ता। गरीब के यहां ही अधिक संतान जन्म लेती है और पालन-पोषण की सुविधाएं न होने से उसके कुपोषित, अशिक्षित और समाज के लिए अनुपयोगी बने रहने का खतरा सबसे ज्यादा इसी तबके में होता है। यह भी अजन्मे बच्चे के अधिकारों का हनन है क्योंकि जब संतान के पालन-पोषण की व्यवस्था नहीं तो माता-पिता बनने का भी अधिकार नहीं।

जब हम अपने गली-मोहल्लों, चौराहों और सड़कों पर भीड़ देखते हैं तो यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि इसमें अधिकतर लोगों के पास कोई काम-धंधा, नौकरी या रोजगार नहीं है और ये सब उसी की तलाश में भटक रहे हैं या कहें कि दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। ये लोग ऐसा नहीं है कि पढ़े-लिखे नहीं हैं या मेहनत नहीं करना चाहते। परंतु जब स्थिति एक अनार और सौ बीमार वाली हो तो फिर उसे क्या कहा जाएगा?

यह विषय गंभीर है और इस बात की तरफ इशारा करता है कि संतान को लेकर एक ऐसे नजरिये से सोचा जाये, जिसमें सांस्कृतिक और पारंपरिक मान्यताओं को तो स्थान मिले लेकिन कुरीतियों का पालन न हो, लिंगभेद के कारण भेदभाव न हो और सभी संसाधनों पर सब का बराबरी का अधिकार हो। इससे गरीब और अमीर के बीच की खाई भी कम करने में मदद मिलेगी, परिवार एक कड़ी के रूप में बढ़ेगा और समाज समान रूप से विकसित हो सकेगा।

जमशेदपुर की खबरें

नयी दिल्ली में दूसरी बार संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए विद्युतवरण महतो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

यह पुरस्कार मेरे लिए नही बल्कि संसदीय क्षेत्र के सभी नागरिकों के लिए गौरव का क्षण है : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के सांसद विद्युत वरण महतो को लगातार दूसरी बार नयी दिल्ली केजी मार्ग स्थित न्यू महाराष्ट्र सदन में संसद रत्न पुरस्कार से नवाजा गया। शनिवार को संसद रत्न सम्मान समारोह में सांसद श्री महतो को शाल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीते दिनों वर्ष 2023 के संसद रत्न का चयन करने के लिए गठित समिति ने चयनित सांसदों का घोषणा की थी।केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस कृष्णमूर्ति के नेतृत में नागरिक समाज व सांसदों के समूह ने सांसदों का चयन कर घोषणा की थी। सम्मान 13 सांसदों को दिया गया जिसमें 8 लोकसभा व 5 राज्य सभा के सदस्य शामिल हैं। इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिले के सांसद विद्युत वरण महतो को ओवरऑल परफारमेंस के आधार पर दूसरी बार चयनित किया गया। पुरस्कारों की घोषणा किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों को अपनी ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने सदन के अंदर संसदीय प्रक्रिया को समृद्ध करने की बात कही। पुरस्कार मिलने के उपरांत सांसद श्री महतो ने कहा यह मेरे लिए नही बल्कि पूर्वी सिंहभूम जिले के जनता के लिए गौरव और अनुभूति का क्षण है। उन्होंने कहा जनता ही सर्वोपरि है। जनता के द्वारा चुने गए सांसद होने के नाते आज यह पुरस्कार प्राप्त है। पुरस्कार मिलने से मुझे और जिम्मेदारी मिली है।उन्होंने कहा लोकसभा में जनहित से जुड़े सभी छोटे बड़े मुद्दों पर आगे और बेहतर काम करना है। मौके पर सांसद श्री महतो ने कहा यह पुरस्कार संसदीय क्षेत्र के सभी नागरिकों को समर्पित करते है। यह सम्मान जमशेदपुर सहित लोकसभा के देवतुल्य मतदाताओं का सम्मान है जिन्होंने अपनी जिम्मेवारी मुझे सौंपी है।

सेवा ही लक्ष्य सामाजिक संस्था ने जुगसलाई नगर परिषद को सौपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई नगर परिषद का ध्यान आकृष्ट करने के लिए सेवा ही लक्ष्य सामाजिक संस्था के द्वारा 5 सूत्री मांग पत्र सौपा गया। शनिवार को माणिक मल्लिक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मांग पत्र सौपकर जल्द से जल्द समस्या का समाधान के लिए मांग की। मौके पर माणिक मल्लिक ने कहा विगत कई दिनों से जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में समय पर साफ सफाई का कार्य नही हो रहा है। साथ ही जुगसलाई के विभिन्न क्षेत्रों में गंदगी का अंबार लगा है। उसकी सफाई, बरसात के पूर्व नालों की सफाई, जुगसलाई पार्क में अविलंब हाई मास्क लाइट लगाने की मांग,नगर परिषद अंतर्गत वीर कुंवर सिंह चौक से टाटानगर स्टेशन परिसर तक सौंदर्य कारण, स्ट्रीट लाइट की मरमती की मांग की गई है। उन्होंने कहा इन सभी मांगो को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग जुगसलाई नगर परिषद से की गयी है, ताकि आम नागरिकों को किसी भी परेशानियों का सामना ना करना पड़े। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा जल्द सुधार नहीं हुई तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

दिवा हादी बोंगा 2023 के आयोजन में शामिल हुए विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

पोटका। पोटका प्रखंड के हरिणा में दिवा हादी बोंगा 2023 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर शामिल असम के भूमिज प्रतिनिधियों ने बेहतर आयोजन के लिये पोटका विधायक संजीव सरदार का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर असम का गमछा देकर विधायक को सम्मानित किया। उन्होंने कहा हरिणा दिशुवा हादी बोंगा निश्चित रूप से भूमिज समाज का एक राष्ट्रीय आयोजन है, जिसे देखकर काफी प्रसन्नता और गौरवान्वित महसूस कर रहे है। इस तरह का आयोजन से देश के भूमिजों को जोड़ने का एक पहल है। इस इस तरह के आयोजन से आनेवाले दिनों में देश भर में एक पहचान बनेगी। इस मौके पर लगभग 30 हजार से ज्यादा लोग शामिल होकर शांतिपूर्ण एकजुटता व सक्रियता को दशार्या। उन्होंने आयोजन समिति, भूमिज समाज और पोटका विधायक संजीव सरदार को बधाई दी।

इस मौके पर असम के मकर सिंह भूमिज, लक्ष्मी भूमिज, रुक्मणी भूमिज, अनंत भूमिज, प्रवीण भूमिज, साजु भूमिज, नीतू भूमिज, मनीषा भूमिज, स्वर्णलता भूमिज, प्रतिभा भूमिज, लिपि भूमिज, रुमा भूमिज, मनोज भूमिज, विनीता भूमिज सहित भूमिज समाज के युधिष्टिर भूमिज, मनोरंजन सरदार, लाल सरदार एवं सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

ओड़िशा की खबरें

सम में बीएसकेवाइ से शिशु कन्या की सफल सर्जरी हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सम अल्टीमेट मेडिकेयर के एक सर्जन ने दुर्लभ जन्म दोष (टेसियर क्लेफ्ट) के कारण चेहरे के विभिन्न हिस्सों में छेद और अंतराल वाली 15 महीने की बच्ची का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया है। बच्ची स्मृति की आंखों और नाक में कई त्रुटि थे, उसके माता-पिता उसके इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में जा कर निराश हो गये थे। बाद में वे बच्चे को सम्मम लाए थे। यह एक जोखिम भरी सर्जरी था इसलिए कई अस्पताल इसके इलाज के लिए राजी नहीं हुए। प्लास्टिक सर्जरी विभाग, सम्मम के सलाहकार डॉ उन्मेश कुमार जेना के नेतृत्व में एक टीम ने सर्जरी की। टीम में एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ दीपंकर पढ़िआरी, एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ सब्यसाची त्रिपाठी और प्लास्टिक सर्जरी विभाग की डॉ रोशनी शामिल थीं, जबकि इस दुर्लभ जन्म दोष को क्रानियोफेशियल क्लेफ्ट भी कहा जाता है, वर्तमान में दुनिया में ऐसे 50 से 60 मामले हैं और भारत में 15 से कम हैं। डॉ जेना ने कहा कि ओडिशा में यह तीसरा मामला है और जन्म दोष वाले एक लाख बच्चों में यह समस्या 1 से 4 लोगों में होती है। जन्म दोष वाली बच्ची का सावधानीपूर्वक और सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया था और अब वह धीरे-धीरे ठीक हो रही है। हालांकि अस्पताल ने बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना के तहत इस जोखिम भरी सर्जरी को करने का फैसला किया, लेकिन परिवार पर कोई आर्थिक बोझ नहीं डाला गया। डॉ जेना ने कहा कि बच्चे के 18 साल का होने के बाद उसकी नाक की दूसरी सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। अगर यह जीवन रक्षाकारी सर्जरी तुरंत नहीं की गई होती तो आंखों के संक्रमण के कारण बच्चे की दृष्टि शक्ति पूरी तरह से चली जाने की संभावना थी।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा। वजह यह है कि ओड़िशा में एक नेशनल हाइवे का काम पांच साल से चल रहा है और पूरा नहीं हो पा रहा है। वह सड़क कटक-अंगुल-संबलपुर एनएच-55 है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सड़क को फोर लेन बनाने का काम 2017 से शुरू हुआ है। यह अब तक खत्म नहीं हुआ है। इस पत्र में जिक्र है कि पिछले दो साल में उस सड़क पर 399 हादसे में 196 लोगों की मौत हुई है। राज्य सरकार की ओर से एनएचआइ अधिकारियों को इस बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है। इस काम पर चर्चा के लिए उन्होंने कई बैठकें भी की हैं। ऐसे में कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाता है। नवीन ने मंत्री से आग्रह किया कि वे हस्तक्षेप करें और काम को जल्द पूरा करने के लिए कदम उठायें।

संबलपुर मंडल में तनाव प्रबंधन और प्रसन्नता की कला विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

संबलपुर। पूर्व तट रेलवे संबलपुर मंडल मे 25 मार्च 2023 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, संबलपुर के सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए तनाव प्रबंधन और प्रसन्नता की कला विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, विनीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में तथा ब्रह्मकुमारी, संबलपुर के इवी गिरीश और सिस्टर दीपा वक्ता के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि इस तरह के सेमिनार से प्रतिभागियों को तनाव प्रबंधन की कला सीखने का अवसर मिलेगा। वक्ता इवी गिरीश और सिस्टर दीपा ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को तनाव प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने तनाव मुक्त जीवन जीने के विभिन्न लाभों पर जोर दिया। इस अवसर पर संबलपुर के अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह समेत बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने संगोष्ठी में भाग लिया।

पूर्व तट रेलवे ने माल लदान में एक नया मुकाम स्थापित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पूर्व तट रेलवे (इसीआर) ने चालू वित्त वर्ष की समाप्ति से 11 दिन पहले अपने अधिकार क्षेत्र से 232.32 मिलियन टन माल लदान करके 2022-23 वित्तीय वर्ष के दौरान माल लदान में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। 2021-22 वित्तीय वर्ष में, पूर्व तट रेलवे ने इसी अवधि के दौरान 223.64 मिलियन टन माल का लदान किया था और 2021-22 वित्तीय वर्ष की पूरी अवधि में 232.13 मिलियन टन माल का लदान भी किया था। यहां यह उल्लेख किया गया है कि पूर्व तट रेलवे एकमात्र रेलवे है जिसने 220 मिलियन टन और 230 मिलियन टन के मील के पत्थर को पार कर लिया है और चालू वित्त वर्ष में 240 मिलियन टन के मील के पत्थर को पार करने के करीब पहुंच गया है। रेल मंत्रालय ने पूर्व तट रेलवे के लिए 240.60 मिलियन टन लोडिंग का लक्ष्य निर्धारित किया है। कमाई के मामले में पूर्व तट रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में उपरोक्त अवधि के दौरान माल ढुलाई से 23872.69 करोड़ रुपये कमाये, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह 22184.85 करोड़ रुपये था, जिसमें 7.6% की वृद्धि हुई है।

पूर्व तट रेलवे ने कई चुनौतियों और लोडिंग और ट्रेन संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव के बावजूद यह उपलब्धि हासिल की है।

रेलवे मंत्रालय द्वारा अभिनव कदमों और प्रमुख हस्तक्षेपों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण पिछले वर्ष की तुलना में लोडिंग हासिल की गई है, जिससे इसे फास्ट-ट्रैक पर लाने में मदद मिली। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने इस उपलब्धि का पूरा श्रेय इसके तीनों मंडलों के मेहनती और समर्पित कर्मचारियों को दिया। कोयला खानों, बंदरगाहों, इस्पात संयंत्रों, सीमेंट, एल्यूमिना संयंत्रों, पेट्रोलियम कंपनियों और भारतीय खाद्य निगम के सभी हितधारकों के प्रयास और सहयोग से यह सफलता मिली है।

आटो पलटने से छह लोग घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। चालक द्वारा दूसरे को आटो चलाने सिखाने के क्रम में हुई लापरवाही में आटो पलट जाने से चार मैट्रिक के परीक्षार्थी सहित छह लोग घायल हुए। उक्त घटना शनिवार की दोपहर भवनाथपुर केतार मुख्यपथ में सिंघीताली में घटी। परीक्षार्थियों ने बताया कि आटो चालाक छात्राओं के साथ कुछ और महिला सवारी लेकर भवनाथपुर से चला एवं सिंघीताली पंहुचने से पहले से ही किसी दूसरे लड़के को आटो चलाने सिखाने लगा। इसी क्रम में आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। आटो पर सवार छोटी देवी पति सुरेंद्र गुप्ता रूपांजलि कुमारी को गंभीर रूप चोट लगी है, जबकि परीक्षा देकर घर जा रही छात्रा काजल कुमारी पिता आशीष मेहता, खुशबू कुमारी पिता अरुण पाल, अर्चना कुमारी पिता अर्जुन मेहता एवं नीतू कुमारी पिता रामविचार पासवान भी घायल हुईं। उक्त आटो केतार का बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पंहुच सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया तथा टेंपू को जब्त कर थाना ले आयी।

आरके पब्लिक स्कूल की एक और शाखा का किया जा रहा शुभारंभ

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के हूर गांव में आरके पब्लिक स्कूल के एक अन्य शाखा का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमें कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा 5 तक की पढ़ाई की शुरूआत की जा रही है। इच्छुक लोग अपने 3 साल से ऊपर के बच्चे - बच्चियों का नामांकन 28 मार्च 2023 से करा सकते हैं। विद्यालय में अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों से पढ़ाई कराई जाएगी। साथ ही विद्यालय में खेलकूद एवं योगा की भी व्यवस्था रहेगी। यह विद्यालय इंग्लिश मीडियम में संचालित होगा। जिसमें विद्यालय का अपना भवन, प्लेग्राउंड एवं विद्यालय का परिसर लगभग 10 एकड़ में है। बच्चों को हर जगह से लाने ले जाने के लिए विद्यालय की ओर से बस की व्यवस्था की जाएगी।

एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया

भंडरिया (आजाद सिपाही)। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भंडरिया में शनिवार को प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिप सदस्य हिरवंती देवी अंचला अधिकारी मदन महली प्रखंड प्रमुख रुकमणी देवी उप प्रमुख श्रद्धा देवी भंडरिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह सांसद प्रतिनिधि रूप रंजन सिन्हा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक सब इंस्पेक्टर संजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर की गई। स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मलेरिया, टीवी, कुष्ट, कुपोषण, परिवार नियोजन, टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य जांच, दंत जांच, मोतियाबिंद, आयुष्मान भारत, मानसिक स्वास्थ्य जांच, युवा मैत्री केंद्र, योगा, अनुभवी चिकित्सक के द्वारा परामर्श कोविड सहित विभिन्न तरह के स्टाल लगाए गए थे। सभी स्टाल पर संबंधित बीमारी के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक ने कहा कि यह स्वास्थ्य मेला सरकार के निर्देश पर गरीबों के बीच निशुल्क इलाज के लिए आयोजित की गई है। ज्यादा से ज्यादा लोग इस मेले मे शामिल हो कर इसका लाभ ले सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इलाज अनुभवी चिकित्सक के परामर्श से ही कराएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य हिरवंती देवी ने कहा कि यह क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से यहां के लोगों के लिए स्वास्थ्य मेला काफी लाभकारी होगा। अभी भी लोक स्वास्थ्य विभाग से कोसों दूर हैं। स्वास्थ मेले में लोग बेझिझक अपनी बीमारी बताकर अनुभवी चिकित्सक से परामर्श लेकर इलाज करा सकते हैं। मौके पर लेखा प्रबंधक सुनील कुमार स्वास्थ्य कर्मी विभा तिग्गा, रूप लता मींज, कंचन बाला, मेलविना कुजूर, असरिता मिंज, संगीता कुमारी, संतोष टोप्पो,अजींता तिर्की, सिकंदर चन्द्रवंशी,इनदेश कुमार सहित काफी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी व सहिया उपस्थित थे।

रामनवमी पूजा के अवसर पर बह रही भक्ति की धारा, प्रवचन कथा सुननेवालों की बढ़ी भीड़

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर के प्रांगण में श्री राम नवमी पूजा के शुभ अवसर पर नवाह्न परायण महायज्ञ में श्री राम चरित मानस पाठ मंत्रोच्चारण से रंका अनुमंडल क्षेत्र भक्तिमय हो गया है वहीं रात्रि में श्रीराम कथा वाचिका अराधना चतुवेर्दी के द्वारा श्री राम कथा प्रवचन से भक्ति की अविरल धारा बह रही है। जिसका रसपान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। श्री राम कथा प्रवचन के तीसरे दिन कथा वाचिका अराधना चतुवेर्दी ने श्री राम जन्म के कारणों के बारे में ?बताते हुए कहा कि भगवान श्री राम के अवतार के अनेकों कारण हैं। जिसमें उन्होंने कहा कि जब धरती पर मानवता और समानता खत्म होने लगती है, दुष्ट पापियों के द्वारा मानव धर्म, महिलाओं और देवताओं पर अत्याचार जब बढ़ जाता है तब भगवान विष्णु को अनेकों रूप धारण कर उन्हें धरती पर अवतार लेना पड़ता है और राक्षसों का संहार कर धरती की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि घमंड और अभिमान नहीं करना चाहिए । इस अवसर पर कथा वाचिका अराधना चतुवेर्दी ने प्रभू श्रीराम का जन्म कराया और पालने में उन्हें झूलाया तथा श्रद्धालुओं के बीच चौकलेट व हलवा मोहनभोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राम नवमी पूजा कमिटी के अध्यक्ष सुलपानी सिंह, उपाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी, सचिव दीनानाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार मद्धेशिया, उप सचिव रामबाबू ठाकुर, मिडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार, व्यवस्थापक रानू राज कमल सिंह, संजय कुमार, अमित पांडेय, विवेक सोनी, राजमुनी सिंह, सोनू तिवारी, पंकज तिवारी, विक्की कुमार, शुभम झा, ओमप्रकाश गुप्ता सहित अन्य लोग सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

रंका प्रखंड की आठ पंचायतों में मिशन अंत्योदय सर्वे को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

रंका (आजाद सिपाही)। रंका बीडीओ देवानंद राम के द्वारा प्रेषित पत्र के आलोक में शनिवार को प्रखंड के 8 पंचायतों में मिशन अंत्योदय सर्वे 2022-23 में प्राप्त आंकड़े सत्यापित कराने को लेकर पंचायत भवनों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 21 विभागों से संबंधित 216 प्रश्नों के जवाब दिये गये और उन्हें ग्रामसभा से सत्यापित कराया गया। यह प्रखंड के आठ पंचायतों में किया गया। जिसमें खपरों, खरडीहा, कंचनपुर, रंकाकला, मानपुर, बाहाहारा एवं तमगेकला पंचायत का नाम शामिल है। इस अवसर पर झारखंड राज लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की सक्रिय महिलाओं के द्वारा एकत्रित किये गये मिशन अंत्योदय के आंकड़ों का सत्यापन कराया गया। साथ ही फोटोग्राफी, वीडियो एवं ग्राम सभा की कारवाही प्रतिवेदन प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराया गया।इस अवसर पर कंचनपुर पंचायत भवन में मुखिया प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार,पंचायत सचिव पंकज तिवारी, रोजगार सेवक कुमार विजेंद्र, स्वयंसेवक नंदू राम, उप मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर तिवारी, सामुदायिक समन्वयक, आइपीआरपी सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष जनता उपस्थित थे।

नहाय खाय के साथ गढ़वा में शुरू हुआ चैती छठ पर्व

व्रतियों ने किया प्रसाद ग्रहण

आजाद सिपाही संवाददाता

गढवा। जिला मुख्यालय में चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को होने वाले लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाये खाय के साथ आज शनिवार से शुरू हो गया है। छठ महापर्व के लिए छठ व्रती तैयारियां शुरू कर दी है। चैती छठ व रामनवमी को लेकर जिला मुख्यालय पूरा भक्तिमय हो गया है। इस दौरान छठ व्रतधारियों ने पहले दिन घरों की साफ-सफाई के बाद स्नान कर पूरे विधि विधान के साथ भगवान भास्कर की आराधना की। तत्पश्चात कद्दू भात का प्रसाद बनाकर भगवान सूर्य को अर्पित करने के बाद व्रती खुद प्रसाद स्वरूक उसे ग्रहण किया। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्य भी कद्दू भात को भोजन स्वरूप प्रसाद ग्रहण किये। चैती छठ महापर्व को लेकर छठ व्रत धारियों के साथ-साथ लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। ऐसे तो कार्तिक माह में होने वाले छठ महापर्व को मुख्य माना जाता है। इसमें अधिक लोग छठ पूजा करते हैं लेकिन चैत माह में होने वाले चैती छठ पर्व कम लोग करते हैं। मौके पर छठ व्रतियों ने बताया कि सूर्य देव की पूजा-अर्चना की जाती है। यह पर्व में पूरी तरह से स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जाता है। छठ व्रत अत्यंत ही पवित्र त्यौहार माना गया है। खासकर शरीर मन और आत्मा की शुद्धि का व्रत है। उन्होंने बताया की चैती छठ में 36 घंटे का निर्जला उपवास करना काफी कठिन होता है। क्योंकि अप्रैल माह में होने वाले छठ में भीषण गर्मी रहता है। उसके बाद भी छठ महापर्व में भगवान सूर्य देव की आराधना की जाती है। जबकि मौके पर गढ़ देवी मंदिर के पुजारी राजन पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि चैती छठ 25 मार्च शनिवार को नहाय खाय 26 मार्च रविवार को खरना 27 मार्च सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य शाम 06 बजकर 36 मिनट तक 28 मार्च मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य के साथ ही पारण के बाद व्रत का समापन होगा।

सुप्रसिद्ध सूर्यनारायण मंदिर परिसर में छठ महापर्व की तैयारी अंतिम चरण में

केतार (रविकांत चंद्रवंशी)। गढ़वा जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती प्रखण्ड केतार अंतर्गत मुकुंदपुर गांव स्थित सूर्य नारायण मंदिर परिसर में सैकड़ों वर्षों से छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जाता है। यह सूर्य मंदिर छठ महापर्व के लिए प्रसिद्ध है। यहां वर्ष में दो बार कार्तिक एवं चैत माह में मेला का आयोजन होता है। यहां प्रतिवर्ष हजारों छठ व्रतियों द्वारा छठ व्रत किया जाता है। जिसके कारण सूर्य नारायण मंदिर परिसर में छठ के समय तीन दिनों तक श्रद्धालुओं से गुलजार रहता है। यहां झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार व उत्तर प्रदेश के कई जगहों से श्रद्धालु वाहनों से पहुंचते हैं और छठ व्रत के दिन पूरी रात नारायण वन स्थित जंगल में बने विशालकाय मंदिर के समीप भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना करते हैं। साथ ही मंदिर के समीप स्थित जल कुंड में स्नान कर अस्ता चलगामी एवं उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। विकास कमेटी के पदाधिकारियों में अध्यक्ष के रूप में योगेंद्र सिंह, संरक्षक अजय वर्मा, उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, उपसचिव नगीना वियार, कोषाध्यक्ष धनंजय तिवारी, उपकोषाध्यक्ष शिव भरोश सिंह, धर्मेंद्र सिंह अनुशासन समिति के पदाधिकारी आचार्य सौरभ भारद्वाज,रामेश्वर प्रसाद सिंह, राम प्रवेश वर्मा, डॉ अशर्फी मेहता, अरुण सिंह, मंगल सिंह, रिशु सिंह, सूर्यनाथ बियार, उमेश गुप्ता सहित अन्य सदस्य।

समाजसेवी ने किया लकड़ी वितरण

गढ़वा। जिला में महिला समाजसेवी नगर परिषद अध्यक्ष पद की भावी प्रत्याशी संध्या सोनी ने चैती छठ पूजा में छठव्रतियों के बीच आम की लकड़ी का वितरण की। शनिवार को संध्या सोनी एवं उनके पति समाजसेवी दौलत सोनी ने घर घर जाकर छठ व्रत के लिए आम की लकड़ी का निःशुल्क वितरण किया। मौके पर संध्या सोनी ने बताया कि छठ महापर्व हिंदुओं की आस्था का महापर्व है। इस महापर्व के लिए छठव्रतियों का सहयोग करना बहुत ही सौभाग्य की बात है।

पॉस्को और एनडीपीएस एक्ट पर सेमिनार का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। शनिवार को सेमिनार हॉल न्याय सदन व्यवहार न्यायालय गढ़वा में पॉस्को एवं एनडीपीएस एक्ट पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन प्रधान जिला सत्र एवं न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा पुलिस अधीक्षक सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा एवं जिला सत्र न्यायाधीश पंचम सह विशेष पॉस्को न्यायाधीश गढ़वा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कहा कि जिले के सभी पुलिस पदाधिकारि इस सेमिनार से सीखे समझे और अपने कार्य को गति दें

प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ने कहा कि सही तरीके से अनुसंधान करते हुए वाद निष्पादन यदि हो जाए तो समाज में शांति व्यवस्था बढ़ेगी एवं अपराधियों के मन में भय कायम होगा न्यायपालिका पुलिस मीडिया आदि का काम एक ही है कि समाज में कैसे न्याय व्यवस्था सुदृढ़ हो और कोई भी अपराधी सजा से वंचित ना हो इसके लिए समेकित रूप से कैसे प्रयास किया जाए यह सुनिश्चित होना चाहिए उसके बाद सत्र के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम सह विशेष पॉस्को न्यायाधीश के द्वारा पास्को के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई सत्र में अमित भगत एनसीबी रांची के द्वारा एनडीपीएस एक्ट के बारे में विस्तृत चर्चा एवं सभी को एनडीपीएस एक्ट के बारे में जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा कुमार विपुल जेजेबी शरद निशिकांत कुजुर न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार दास सहित पीएलवी लोग उपस्थित रहे।

निधन पर शोक सभा का आयोजन

कांडी (आजाद सिपाही)। सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज कांडी के पूर्व सचिव स्वर्गीय अजय कुमार दुबे की धर्मपत्नी चित्रा दुबे के निधन को लेकर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज परिवार के लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस दौरान प्राचार्य वीरेंद्र कुमार तिवारी, आशुतोष मिश्रा, शोभा मिश्रा, सत्येंद्र पाठक, इसरार आलम, बबन चौबे, बबन पांडेय, अनुज कुमार श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार दुबे, अलखनाथ तिवारी, सतीश कुमार, शक्ति देव दुबे, जंग बहादुर यादव, शिवनाथ राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

कथा के चौथे दिन सती के पार्वती के रूप में दूसरा जन्म तथा शिव विवाह का व्याख्यान हुआ

गढ़वा (आजाद सिपाही)। रामकथा आयोजन समिति द्वारा नरगिर आश्रम मे चल रहे कथा के चौथे दिन पूज्य संत श्री प्रपन्नाचार्य जी ने गुरु की महिमा, सती के पार्वती के रूप मे दूसरा जन्म तथा शिव विवाह का सुन्दर विश्लेषण किया। इस अवसर पर शिव विवाह की झांकी भी प्रस्तुत की गयी जिसे उपस्थित दर्शक श्रद्धालुओं ने खुब सराहा। गुरु महिमा का वर्णन करते उन्होने कहा कि गुरू की महिमा भगवान से भी बढ़करमाना गया है। स्वयं भगवान राम, भगवान श्री कृष्ण अवतार लेकर जब धरती पर आये, उन्होंने भी गुरुओं की सेवा की, गुरुओं के चरणों में सिर झुका कर ज्ञान प्राप्त किया। गुरू की क्षमता पर सन्देह करनेवालों को कभी ज्ञान प्राप्त नहीं हो पाता है। गुरू की हर आज्ञा शिरोधार्य योग्य होती है। पिता द्वारा अपमानित सती ने योग अग्नि मे जलाकर स्वयं को समाप्त कर दिया। इसके बाद शिवगणों ने दक्ष के यज्ञ मे तांडव मचा दिया। भगवान शिव के क्रोध से उत्पन्न वीरभद्र ने राजा दक्ष का सिर धड़ से उखाड़ कर अलग कर दिया। और यज्ञ कराने वाले पुरोहितों को भी क्रूरता से दंडित किया। सती के वियोग मे भगवान शिव मे वैराग्य उत्पन्न हो गया और वे चौरासी हजार वर्षों के लिए समाधिस्थ हो गए। सती का पुनर्जन्म हिमाचल के घर हुआ। उनका नाम पार्वती रखा गया। उन्होने शिव को प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या का रास्ता चुना। आहार के रूमे विल्ववृक्ष की पत्तियां खाती रही जिसके कारण उनका नाम अपर्णा पड़ा। देवाताओं एवम ब्रह्मा जी के कहने पर वे विवाह को राजी हुए। इसके बाद शिव विवाह का रोचक वर्णन महाराज द्वारा किया गया। शिवजी के गण और बाराती भूत, प्रेत पिशाच, विचित्र शारीरिक बनावट वाले थे। दूल्हा का भी बड़ा ही भयानक रौद्र श्रृंगार था। उनके उस भयानक रूप को देखकर माता मैना बेहोश हो गई। बाद मे विष्णु जी द्वारा सौम्य श्रृंगार किया गया और उनका नाम चंद्रशेखर दिया गया। कथा मे प्रमुख रूप से उपस्थित हुए समिति के अध्यक्ष चंदन जायसवाल सहित पदाधिकारी विनोद प्रसाद, (करीमन), संजय सिंह, भरत केशरी, नितेशकुमार,अरविंद पटवा,सुदर्शन मेहता,गुड्डू हरी, रविंद्र पटेल, दीनानाथ बघेल,धर्मनाथ झा (टूना बाबा), जयशंकर बघेल, सोनू बघेल, गौतम चंद्रवंशी, आकाश बघेल, सांतनु केशरी, मुन्ना बघेल, देव बाबू, गोलू बघेल, मोनू बघेल, नीरज चंद्रवंशी आदित पंचोली, डॉ मुरली गुप्ता, उमाकांत तिवारी, शशि शेखर, सुखवीर पाल, सत्यम जी, मनीष कमलापुरी, द्वारिका पांडेय, दिलीप पाठक, उमेश कश्यप, पुष्परंजन, रासबिहारी तिवारी, अजय शुक्ला, सतीश सिन्हा, धनंजय पांडेय, अजय केशरी, श्रीपति पांडेय, अमित पाठक, विनोद पाठक, राजेंद्र प्रसाद, पंकज मिश्र, दिलीप श्रीवास्तव, अशोक पटवा उपस्थित थे।

विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक घायल

कांडी (आजाद सिपाही)। मकान ढलाई के लिए मिक्कर मशीन सेटिंग करने के दौरान बगल से गुजर रहे 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से मिकचर मशीन चालक मजदूर झुलस कर बुरी तरह घायल हो गया। घायल मजदूर की पहचान कांडी थाना क्षेत्र के चटनियां के सुगवादामर गांव निवासी गिरिवर रजवार के 25 वर्षीय पुत्र अरविंद रजवार के रूप में हुई। घटना स्थल पर उपस्थित लोगों व परिजनों के द्वारा आनन-फानन में घायल मजदूर को एम्बुलेंस द्वारा कांडी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जंहा से बेहतर ईजाल के लिए मझिआंव रेफरल अस्पताल भेजा गया। घटना के संबंध में घायल की बहन गुड्डी देवी ने बतायी कि मेरा घायल भाई अरविंद रजवार लोहगाड़ा गांव के लगन चौधरी पिता नन्दु चौधरी के मकान ढलाई करने वाला मिक्सचर मशीन चलाने के लिए हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के महुआधाम गांव गया था। वहीं दूसरी ओर घटना की जानकारी देते हुए मिक्कर मशीन मालिक ललन चौधरी ने बताया कि हमारे मशीन पर अरविंद रजवार हरिहरपुर निवासी चुल्हाई साह का मकान महुआधाम में ढलाई करने के लिए मिक्कर मशीन को सेट कर जैसे ही उतरने लगा, इसी बीच बगल से गुजरा 11,000 हजार विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आकर गिर गया और बुरी तरह घायल हो गया। जिसे बेहतर ईलाज के लिए मझिआंव रेफरल अस्पताल में लाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों में भागीदारी पार्टी पी के जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रजापति, ग्रामीण जयपाल कुमार रवि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

डीसी ने परीक्षा केंद्रों और प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

बलराम शर्मा

मेराल (आजाद सिपाही)। उपायुक्त शेखर जमुआर ने शनिवार को मेराल प्रखंड मुख्यालय में चल रहे तीन परीक्षा केंद्रों तथा प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले प्लस टू उच्च विद्यालय पहुंचकर परीक्षा का जायजा लिया, इसके बाद आदर्श मध्य विद्यालय मेराल एवं कन्या मध्य विद्यालय मेंराल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र के प्रत्येक कक्षा में घूम घूम कर करीब आधे घंटे तक परीक्षा का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित परीक्षा ऑब्जर्वर, दंडाधिकारी, पर्यवेक्षक सभी को कदाचार मुक्त परीक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में केंद्र पर परीक्षा में अनियमितता नहीं बरती जाये। सूचना मिलने पर कदाचार करने वाले एवं कराने वाले के विरुद्ध सख्त करवाई की जायेगी। निरीक्षण के बाद उन्होंने सभी केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा होने की बात कही। राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में निरीक्षण के दौरान उपयुक्त के अतिरिक्त, डीएसइ, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, दंडाधिकारी नवनीत प्रसाद, महिला पर्यवेक्षिका एकता नाथ,

प्रधानाध्यापिका दमयंती कुमारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रखंड सह अंचल कार्यालय का भी किया निरीक्षण

परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने मेराल प्रखंड सह अंचल कार्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड से चल रहे योजना 15वें वित्त, मनरेगा, पीएम आवास आदि योजनाओं के बारे में भी जानकारी ली। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने बताया कि उपायुक्त द्वारा शनिवार को मेराल के तीनों परीक्षा केंद्र के साथ-साथ मेराल प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के साथ-साथ कार्यालय के कार्य प्रणाली पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने प्रखंड से चलायी जा रही योजनाओं के साथ-साथ आय, जाति, निवास एवं दाखिल खारिज संबंधित ऑनलाइन की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उपायुक्त प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर का साफ-सफाई तथा रखरखाव पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान उपायुक्त ने बीडीओ से प्रखंड मुख्यालय के आसपास डिग्री कॉलेज के लिए 5 एकड़ भूमि 1 सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया है। उस मौके पर बीडीओ प्रवेश कुमार साह, सीआई कपिलदेव माझी, प्रधान सहायक मुरारी मिश्र, नजीर सुनील कुमार, सहायक रिजवान अख्तर, बीपीओ फिरोज अंसारी, राजस्व उपनिरीक्षक बिंदेश्वर कुमार, जॉनसन गिद्धी एवं मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 17/2022–23

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.04.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 11.04.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.04.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

क्र.सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि रु0	अग्रधन राशि रु0	परिमाण विपत्र का मूल्य रु0	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका के पंचायत कोपे में उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोपे में कक्षा संचालन हेतु 1 ACR भवन निर्माण	905300/ -	18500/ -	1250/ -	03 (Three) Months
2	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत बालूमाथ में कन्या मध्य विद्यालय बालूमाथ में एक अतिरिक्त कमरा निर्माण	905300/ -	18500/ -	1250/ -	03 Three)Months
3	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत भगेया में उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरम में कक्षा संचालन हेतु 2 ACR भवन निर्माण	1610400/ -	32500/ -	5000/ -	03 (Three) Months
4	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के पंचायत सलेया में उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय हेरहंज में कक्षा संचालन हेतु 2 ACR भवन निर्माण	1610400/ -	32500/ -	5000/ -	03 (Three) Months
5	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड गारू के पंचायत कारवाई में उत्क्रमित उच्च विद्यालय कारवाई में कक्षा संचालन हेतु 2 ACR भवन निर्माण	1610400/ -	32500/ -	5000/ -	03 (Three)Months
6	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड गारू के पंचायत बारेसाढ़ में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बारेसाढ़ में कक्षा संचालन हेतु 2 ACR भवन निर्माण	1610400/ -	32500/ -	5000/ -	03 (Three) Months
7	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत चकला में उत्क्रमित मध्य विद्यालय नगर में कक्षा संचालन हेतु 2 ACR भवन निर्माण	1610400/ -	32500/ -	5000/ -	03 (Three) Months
8	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत परसही में उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसही में कक्षा संचालन हेतु 3 ACR भवन निर्माण	2469000/ -	50000/ -	5000/ -	03 (Three) Months
9	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत जमीरा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल में कक्षा संचालन हेतु 3 ACR भवन निर्माण	2469000/ -	50000/ -	5000/ -	03 (Three) Months
10	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पेशरार में उत्क्रमित उच्च विद्यालय रिघुघुटा में कक्षा संचालन हेतु 3 ACR भवन निर्माण	2469000/ -	500 00/ -	5000/ -	03 (Three) Months
11	Renovation of I.T.I Building at Chandwa, Latehar	2488610/ -	50000/ -	5000/ -	03 (Three) Months
12	Construction of Office Building at S.T. Residential Boys High School, Mahuadanr, Latehar	2283650/ -	46000/ -	5000/ -	03 (Three) Months

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR.NO.293594 Building(22-23):D

मारपीट और गोली कांड के आरोपी, गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा। आराहांसा ग्राम में मारपीट एवं गोली कांड को अंजाम दे फरार चार आरोपी में से एक आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के आराहंसा गांव में विगत दिनों मारपीट एवं गोली कांड घटना प्रकाश में आते ही वादी के लिखित बयान पर सेन्हा थाना में 6 नामजद आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस त्वरित कारवाई कर दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि चार नामजद आरोपी फरार चल रहे थे। उसी क्रम में शनिवार को बदला गांव निवासी भागीरथी गोप के पुत्र आयुष यादव को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते हुए कहा कि इस कांड में आराहंसा के हरिचंद उरांव को 6 लोगो ने मारपीट किया था जिसमें पूर्व में दो को जेल भेजा गया है। जबकि एक व्यक्ति बदला के आयुष यादव को शनिवार को जेल भेजा गया है। इस कांड में तीन आरोपी अभी भी फरार चल रहें है। जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर जेल भेजने की बात कही गयी।

रामनवमी को लेकर पेशरार थाना में शांति समिति की बैठक हुई

पेशरार/लोहरदगा। जिले के अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र में रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली के द्वारा की गई। इधर बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह प्रमुख मौजूद रहे। मौके पर बीडीओ ने कहा कि पेशरार क्षेत्र में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराये जाने को लेकर प्रखंड और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है। त्यौहार को आपसी भाईचारा के साथ मनाएं किसी तरह का अफवाह और गड़बड़ी पैदा करने से परहेज करें यदि क्षेत्र में किसी तरह का कोई हुडदंग करते हुए पाए जाते हैं तो वैसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसे लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। त्यौहार के दौरान पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर पेशरार थाना के कई पदाधिकारी और प्रखंड प्रशासन के अधिकारी जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

पशुधन विकास योजना से संबंधित बैठक

लोहरदगा। उपायुक्त की अगुवाई में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से संबंधित बैठक हुई। बैठक में भंडरा प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2022-23 के कुल 13 अनुसूचित जनजाति के लाभुकों की सूची को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। यह सूची प्रखंड स्तर से प्राप्त थी। यह दो गाय की योजना 75 प्रतिशत अनुदान पर है। बैठक में उप विकास आयुक्त समीराएस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि बीरेंद्र उरांव, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

23 अप्रैल से होगा श्रीराम महायज्ञ का आयोजन

लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मेढो गांव मे अक्षय तृतीया के अवसर पर तीन दिवसीय श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। महायज्ञ के आयोजक रविंद्र सिंह ने बताया की विगत 25 वर्षों से जन कल्याण के लिए प्रत्येक वर्ष अक्षय तृतीया को महायज्ञ किया जाता है। इसी क्रम मे इस वर्ष भी 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। जिसमे 23 अप्रैल को कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, वेदी पूजन महाआरती के पश्चात 36 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारम्भ किया जायेगा। 24 अप्रैल को मंडपस्थ देवताओं का पूजन संध्या मे महाआरती, 25 अप्रैल को मंडपस्थ देवताओं का पूजन, अखंड हरिकीर्तन का समापन, हवन, पूणार्हुति और महाआरती के साथ यज्ञ का समापन किया जायेगा। यज्ञ के दौरान प्रत्येक दिन भंडारा चलता रहेगा।

कैरो में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

कैरो (लोहरदगा)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 25 मार्च शनिवार को लोहरदगा स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रखंड मुख्यालय स्वास्थ्य उप- केन्द्र कैरो के समीप किया गया स्वास्थ्य मेला का आयोजन। उक्त मेला का विधिवत उद्घाटन कैरो प्रखंड प्रमुख राम उरांव, उप- प्रमुख मधुलिका रानी, बीडीओ, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ सुनामी होरो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेला का फीया उद्घाटन। उद्घाटनके पाश्चात्य सभी उपरोक्त अतिथियों ने मेला मे लगे विभिन्न विभाग के स्टाल का निरिक्षण किया। उक्त मेला मे स्वास्थ्य परामर्श समान्य चिकित्सा में -172 लोगो परामर्श, कोविड में-23 लोगों का जांच, मलेरिया मे -25 जांच, लेप्रोसी-2, मातृत्व स्वास्थ्य-15,बाल स्वास्थ्य जांच-06 व टीकाकरण-24, आयुष्मान भारत यूडी आई पीएमजेएवाई कार्ड वितरण-34, टीबी जांच-0, अंधापन नेत्र एवं सीडी जांच-16, होमियोपैथिक ओपीडी-07, यूनानी ओपीडी-0, आयुर्वेद ओपीडी-06, दंत चिकित्सा-13, पोषण एवं परिवार नियोजन-20,अनिमिया मे-87 लोगो का जांच विभाग द्वारा लगाये स्टाल मे किये गये। मौके पर मेले मे उपरोक्त लोगों के अलावा चिकित्सक डॉ निरुपमा, डॉ ज्ञानचंद, डॉ ज्योति सिन्हा, डॉ दीपमेश्वर चौधरी, डॉआफताब आलम, बीपीएम सरोजनी केरकेट्टा, एएनएम रीना सुनीता बारला, उर्सिला तिर्की, राजमणि कुमारी, जीएनएम नेहा तिर्की, ज्योति कुजूर, अर्चना टोप्पो, अनिता कुमारी, आशा कुमारी के अलावा स्वास्थय सहिया जयफलिता लकड़ा, सरोज उरांव, जुबेर नाज प्रवीण, के अलावा मेला मे स्वास्थ्य जांच व परामर्श के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष की सड़क दुर्घटना में मौत

लोहरदगा। भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय पासवान की सड़क दुर्घटना में हुई आकास्मिक निधन पर भाजपा ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। भाजपा जनों ने कहा कि संजय पासवान एक राजनीति कार्यकर्ता के साथ साथ समाज और संस्कृति के लिए योद्धा के रूप में लोगों के बीच मजबूती से हमेशा खडे रहते थे। इनका यू आकस्मिक चले जाने से समाज को गहरा झटका लगा है। इस संकट की घड़ी में ईश्वर से पुण्य आत्मा की शांति व परिवारजनों के दुखद पल को सहने की शक्ति प्रदान करे ऐसी प्रार्थना करती है। आकास्मिक निधन पर क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत ने कहा हमने समाज के लिए सदैव संघर्ष करने वाला एक युवा सिपाही को खोया है। मिथुन तमेडा, जिला महामंत्री सजल कुमार, प्रवीण ठाकुर, दिग्गज सिंह, सौरव मुखर्जी, रवि ठाकुर, विक्रम उरांव, गौतम प्रजापति,भरत कुमार, रामशंकर प्रजापति सही अन्य लोग शामिल है।

कंटेनर लूट कर भाग रहे अपराधियों को पुलिस ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार एसपी अंजनी अंजन के कुशल नेतृत्व में चंदवा पुलिस की टीम ने उड़ीसा से कंटेनर लूट कर भाग रहे अंतरराज्यीय गिरोह के चार अपराधियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। साथ ही लूटा गया कंटेनर व घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। शनिवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए एसपी श्री अंजन ने बताया कि सूचना मिली कि उडिसा व झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र से एक छः चक्का कंटेनर की लूट कर अज्ञात अपराधी कंटेनर लेकर रांची-कुडू होते हुए चन्दवा की ओर आ रहा है। इस सूचना पर अविलंब कार्रवाई करते हुए पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा चन्दवा थानांतर्गत देवनद नदी के पास वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में लूटा गया कंटेनर को बरामद किया गया साथ ही लूट में शामिल एक व्यक्ति राहुल यादव जो गाड़ी लेकर भाग रहा था उसे गिरफ्तारी कर लिया गया। राहुल यादव से पूछताछ के कम में उसने बताया कि कंटेनर की लूट भद्रक उडिसा के पास की गयी है और उक्त वाहन के डाइवर एवं खलासी को अपहरण कर भवानी पटना उड़िसा ले जाया गया है। लूट में शामिल अन्य अभियुक्त चन्दवा की ओर आने वाले है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अंजनी अंजन के द्वारा पुनः अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं अपहृत व्यक्तियों की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम के द्वारा लूट कांड में शामिल तीन अन्य अन्तरराज्यीय अभियुक्तों की गिरफ्तारी चंदवा से की गयी तथा अपहृत दोनों व्यक्तियों को भवानी पटना उड़िसा से सकुशल बरामद कर लिया गया। इस मामले में चन्दवा थाना कांड सं.75/2023 अंकित किया गया है।

अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार अंतरराज्यीय अपराधियों में राहुल यादव, पिता-कुमर पाल सिंह, (थाना-सिकन्दरा, जिला-हाथरस, उत्तर प्रदेश), चन्द्रशेखर गगोरा पिता सोमनाथ गगोरा (हाथीलेन कोरापुट थाना+जिला-कोरापुट, उडिसा), सानुबाबु टाकरी, पिता सोमनाथ टाकरी, (टिकरासाई, कोरापुट, थाना+जिला - कोरापुट, उडिसा) व सुरज पाणिग्राही, पिता विजय पाणिग्राही, (हाथीलेन, कोरापुट थाना+जिला-कोरापुट, उड़िसा) शामिल हैं। इनके पास से एक लूटा गया छः चक्का कंटेनर एनएल-01 एए-5439, लूट में प्रयुक्त केटा वाहन ओडी-02बीएम-0392 व 6 मोबाइल बरामद किया गया है।

ये पुलिस पदाधिकारी थे शामिल

अभियान में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुअनि जमील अंसारी, नारायण यादव, दिव्य प्रकाश व सैट -202 के सशस्त्र बल शामिल थे।

रामनवमी को ले किस्को पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को थाना क्षेत्र में आगामी रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराये जाने को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। इस दौरान किस्को थाना प्रभारी पोलीकॉर्प टोप्पो की अगुवाई में थाना क्षेत्र के मुख्य चौक होते हुए साप्ताहिक शनिवार बाजार एवं प्रखंड मुख्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण से होकर मुख्य चौक से किस्को थाना तक फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को रामनवमी का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाये जाने हेतु अपील किया गया। इस बीच थाना प्रभारी पोलीकॉर्प टोप्पो ने कहा कि रामनवमी त्योहार को थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि त्योहार के उपलक्ष्य पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि किस्को थाना क्षेत्र में सभी समुदाय का त्योहार भाईचारे का साथ शुरू से ही मनाई जाती रही है।

शांति, सौहार्द्र और भाईचारा के साथ मनायें रामनवमी : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र में आगामी रामनवमी एवं रमजान माह को देखते हुए सेन्हा थाना परिसर में शांति समिति सदस्यों के साथ प्रखंड प्रशासन की बैठक सम्पन्न हुआ। आयोजित शांति समिति के बैठक में जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की प्रमुख फुलझरी उराव, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामलखन प्रसाद सहित पंचायत जनप्रतिनिधि एवं रामनवमी कमिटी के पदेन कार्यकर्ता के अलावे थाना क्षेत्र के अलग अलग पंचायत ग्राम से राम भक्त एवं विशेष समुदाय के लोग शामिल थे। शांति समिति बैठक के दौरान पर्व मनाने को लेकर जुलूस निकालने तथा रूट चाट सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक समापन के पूर्व शांति समिति सदस्यों द्वारा 107 धारा के तहत विद्यार्थियों व्यवसायिक एवं बुजुर्ग पर लगाए जाने का कारण भी पूछा गया। जिसपर अंचलाधिकारी विजय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा एवं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बारी बारी से उपस्थित सदस्यों एवं ग्रामीणों को धारा 107 को लेकर स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रखंड प्रशासन के ऊपर जो दायित्व है उसके अनुसार ही कार्य किया जा रहा है। साथ ही यह भी कहा गया कि अगर ऐसा हुआ है तो इसके लिए एक बार बैठ कर उसपर चर्चा किया जाएगा और आगे से उस बिंदु पर ध्यान रखी जाएगी। वहीं जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पर्व भाईचारे का संदेश देता है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में रामनवमी को लेकर बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। आगामी रामनवमी पर्व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हो इसके लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त लातेहार ने कहा आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ रामनवमी पर्व मनायें। उन्होंने कहा रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार तथा अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ को रामनवमी के मद्देनजर विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत कारवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विधि व्यवस्था संधारण का कार्य पूरी मुस्तैदी एवं तत्परता के साथ करें। उन्होंने निर्देशित किया कि विधि व्यवस्था से सम्बंधित छोटी-बड़ी सभी घटनाओं के बारे जिला नियंत्रण कक्ष एवं वरीय पदाधिकारियों को अविलंब सूचना दें।

जिला प्रशासन इलेवन ने सद्भावना मंच इलेवन को 25 रनों से हराया

लोहरदगा। युवा सद्भावना मंच के द्वारा शनिवार को सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन समाहरणालय मैदान में किया गया। मैच में जिला प्रशासन इलेवन ने सद्भावना मंच इलेवन को 25 रनों से हराया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि क्रिकेट को कॅरियर के रूप में अपनाने के लिए युवाओं को जो आवश्यकता होगी, जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जायेगा। उपायुक्त ने दोनों टीमों को खेल भावना के तहत क्रिकेट मैच खेलने के लिए सराहना की। इससे पहले मैच की शुरूआत पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। जिला प्रशासन की टीम ने 15 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 107 रन बनाये। टीम की ओर से सन्नी कुमार ने सर्वाधिक 32, रघुवंश ने 21 और मिथलेश ने 19 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में सद्भावना इलेवन के गेंदबाज शिवा 5, दानिश और शुभम ने 2-2 विकेट प्राप्त किया।

बालूमाथ में फर्जी बैंक का भंडाफोड़ हुआ

पुलिस ने बैंक संचालक को किया गिरफ्तार, बैंक सील

संतोष सिन्हा

बालूमाथ। लातेहार जिला के बालूमाथ पुलिस ने एक आस्था भारत फाउंडेशन एक्युस्टा नामक फर्जी बैंक का भंडाफोड़ करते हुए बैंक संचालक रवि राज राम को गिरफ्तार किया है। साथ ही 424 फर्जी बैंक पासबुक, 2 लैप्टांप, 1 प्रिंटर मशीन सहित कई महत्वपूर्ण कागजात भी बरामद किया गया है। उक्त जानकारी बालूमाथ थाना पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार ने एक प्रेस वार्ता के क्रम में बताया है। वही पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार ने यह भी बताया है कि बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सिन्हा और बालूमाथ सीओ अफताब आलम के उपस्थिति मे मुरपा मोड़ चौक बालूमाथ भगवती प्रिंटिंग प्रेस वाले गली स्थित किराऐ के एक घर मे संचालित बैंक को सील कर दिया गया है। वहीं घर मालिक इन्द्रदेव ओझा ने बताया है कि बैंक संचालक रवि राज राम ने महिला कौशल विकास के तहत व्युटिसियन, फेसीयल और महिलाओं को सिलाई कटाई का प्रशिक्षण देने के नाम पर किराऐ के रुप मे दो कमरे का रूम लिया था। बाद मे बालूमाथ थाना पुलिस के द्वारा कार्रवाई के बाद पता चला की यह फर्जी संस्था है। सूत्रों के अनुसार बालूमाथ, बारियातु प्रखंड के दर्जनो गांवो मे भाड़े के फिल्डवर्करो के माधयम से हजारो की संख्या मे लाडलियो के नाम पर 1050 रुपए लेकर खाता खोल लाखो रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इन लोगों ने केन्द्र सरकार की बीटिया निधि योजना के नाम पर प्रति माह 2000 रुपए खाता मे आने के नाम पर हजारो लोगों से लाखो रुपये की धोखाधड़ी भी की है। आश्चर्य की बात तो यह है की एक्युस्टा बैंक संचालक रवि राज राम ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का फोटो बैंक के अंदर बड़ा बड़ा होडिंग भी लगा रखा था। जिसे बालूमाथ थाना पुलिस ने जप्त कर लिया है। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सिन्हा, सीओ अफताब आलम ने बताया कि गुरुवार धोखाधड़ी के आरोपी बारियातु के फुलसु लाटू निवासी उक्त बैंक संचालक रवि राज राम को उक्त बैंक से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद फर्जी बैंक चलाने के मामले का भंडाफोड़ हुआ।

रेलवे ट्रैक पर मिली शव की हुई पहचान

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटाड़ पुलिस पिकेट के समीप रेलवे ट्रैक पर मिली शव की पहचान हो गयी हैं। जो बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर पंचायत अंतर्गत इचाक ग्राम के टोका टोला निवासी साधु उरांव का पुत्र अर्जुन उरांव है। जिसकी उम्र करीब 40 वर्ष थी और उसकी पत्नी का मृत्यु बीते वर्ष ही हुआ था। मृतक के तीन बच्चे हैं। इसमें दो पुत्रि और एक पुत्र है उक्त ग्रामीण रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा उसकी मौत कैसे हुई। इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है जिसके शव को अंत्य परीक्षण कराने के पश्चात परिजनों को आज सौंप दिया गया है और पुलीस मामले की छानवीन में जुट गयी है। पुलिस के अनुसार मृतक ग्रामीण की हत्या हुई है या आत्महत्या पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। मालूम हो कि गुरुवार की सुबह में रेलवे ट्रैक से उक्त ग्रामीण का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुई थी।

जिला स्थापना दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बैठक हुई

लातेहार। उपायुक्त की अध्यक्षता में दिनांक 4 अप्रैल 2023 को जिला स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर बैठक हुई। बैठक में जिला स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन को लेकर परिचर्चा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 अप्रैल 2023 को सुबह प्रभात फेरी निकाली जायेगी। इसके पश्चात कारगिल पार्क पर जिले के जन प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा कारगिल पार्क में स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया जायेगा। इस अवसर पर पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर जिला खेल स्टेडियम में क्रिकेट मैच का आयोजन किया जायेगा। नगर भवन लातेहार में विकास मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया जायेगा। दिनांक 4 अप्रैल 2023 को संध्या 6:00 बजे से चन्दनडीह पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त लातेहार ने जिला स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों के सुचारु रूप से आयोजन के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने हेतु निर्देश दिया। बैठक में आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, एसडीओ,अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

मनिका। लातेहार जिले के मनिका प्रखंड स्थित नामुदाग पंचायत में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की जिसका उम्र लगभग 45 वर्ष ने नामुदाग के समीप एक पेड़ में फांसी के फंदे से लटका हुआ शव मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार नामुदाग क्षेत्र के ग्रामीणों ने जब अगले सुबह उठकर देखा। तो पेड़ में फांसी के फंदा से लटका हुआ युवक का शव है। इस घटना के संबंध में ग्रामीणों ने इसकी सूचना मनिका थाना प्रभारी राना भानु प्रताप सिंह को दिए। घटना की खबर मिलते ही मनिका थाना एसआई राम प्रताप सिंह एवं मिश्रा मांझी समेत पुलिस बल के जवान स्थल पर पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतारे जिस मृतक व्यक्ति का पहचान बिहारी भुइयां के रूप में हुई। मृतक की पत्नी ने बताया इनकी दिमागी हालत ठीक नहीं रहती थी उनका दावा चलता था। रात्रि 8:00 बजे घर से झगड़े झंझट कर बाहर निकले। तो सुबह हम लोग को मालूम चला पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। अपने पीछे 5 बच्चे छोड़कर चले गए। उसकी दो लड़का और तीन लड़कियां है। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। वही मनिका पुलिस प्रशासन शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दी है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

कैरो। प्रखंड के कैरो बाजार टांड़ में बजरंगबली मंदिर के बगल में शनिवार को रामनवमी त्योहार को लेकर कैरो थाना के एसआई ऋषिकेश शर्मा के अध्यक्षता में क्षेत्रीय शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर पुलिस सब इंपेक्टर हरिऔध करमाली ने कहा कि पर्व त्योहार शांति पूर्वक आपसी प्रेम सौहार्द के साथ मनाए, जुलुस में अभद्र गाने, नारे न लगाएं, किसी प्रकार का कोई अफवाह न फैलाएं, समय से उचित मार्गो से जुलूस को गुजारने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जुलूस का विडिओ रिकार्डिंग कराई जायेगी, साथ साथ कैरो मस्जिद में लगे सी सी कैमरा के मदद से भी नजर रखी जायेगी एक दूसरे के सहयोग से ही शांति पूर्वक त्योहार मनाया जा सकता है। मौके पर एस आई संयज कुमार, महाबीर मंडल के अध्यक्ष विवेक प्रजापति, विशेश्वर प्रसाद दीन, नाजिर आलम खान, परमेश्वर भगत, कृष्णा साहू, गंगा साहू, डॉ. भोला प्रसाद, जमील अख्तर, मोजहिर अंसारी, ईमतियाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन के मुआवजा भुगतान के लिए किया गया शिविर का आयोजन

बारियातू। लातेहार उपायुक्त के निदेर्शानुसार परियोजना टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन में अधिगृहित ग्राम बनवार, अमरवाडीह फूलबसिया, चेडरा व मनातू के भू-रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु सीओ दीपाली भगत की अध्यक्षता मे बारियातू अंचल कार्यालय मे शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए सीओ दीपाली भगत व सिआई सुरेश राम ने बताया की शिविर मे आये भू- रैयत भूमि संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। एक आवेदन पूर्ण रूप से प्राप्त हुआ। चार आवेदन में आपत्ति दर्ज की गयी, सभी भू-रैयतों को खतियान, केवाला का छाया प्रति, लगान रसीद, वोटर आईडी कार्ड, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, वंशावली,हाल का रंगीन दो फोटो, नोटिस के मूल प्रति के साथ 27 मार्च को ग्यारह बजे तक बारियातू प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे उपस्थित होने की अपील की है ताकि जंचोपरांत मुवावजा भुगतान की कार्रवाई की जाये। मौके पर जिप सदस्य रमेश राम प्रमुख उर्मिला देवी, राजस्व कर्मचारी लाल बिहारी उरांव, शोएब अख्तर, अंचल अमीन संजय यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

बेतला पार्क हर मंगलवार को रहेगा बंद

बरवाडीह। झारखंड में सबसे प्रसिद्ध और खूबसूरत राष्ट्रीय उद्यान है बेतला नेशनल पार्क। जो अब प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के निर्देश पर पर्यटकों व आमजनों के लिए बेतला नेशनल पार्क मे प्रवेश बंद कर दिया गया है।उक्त जानाकारी बेतला रेंजर शंकर पासवान ने दी। बता दे कि बेतला नेशनल पार्क झारखंड के लातेहार जिले बरवाडीह प्रखंड में स्थित है। 979 वर्ग किमी में फैला हुआ ये नेशनल पार्क 1973-74 में स्थापित भारत के सबसे पुराने टाईगर रिजर्व में से एक है। यहां पर यदि आप आते हैं तो देखने के लिए कई प्रकार और प्रजातियों के जंगली जानवर है। जैसे- जंगली हाथी, बाघ, तेंदुआ, हिरण, जंगली भालू, बंदर, सांभर, नीलगाय, गौर, टाइगर, सियार, चिंकारा, पैंथर, स्लोथ, काकर, चीतल आदि कई जानवर मौजूद हैं। इसके अलावा छोटे जीवधारियों की तो यहां इतनी जातियां है जिन्हें गिन पाना बहुत ही मुश्किल है। वही पक्षी : डोगरा चील, तीतर, लाल जंगली मुर्गी, मोर, छपका, उल्लू, बगुले, दूधराज, धनेश, किलकिला और कोयल जैसे खूबसूरत पक्षियों को यहां देखा जा सकता है। साथ ही पलामू के जंगलों में करैत, नाग और दबोइया जैसे खतरनाक और विषैले सांप भी हैं। यहां 10 मीटर की लंबाई वाला अजगर मौजूद है। आप चाहें तो यहां विदेशी पक्षियों को देखने का भी अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां सुंदर जलीय जीवों को भी यहां देख सकते हैं।

स्कार्पियो का शीशा तोड़ कर चोरी की

बारियातू। प्रखंड मुख्यालय के मुख्य मार्ग किनारे महेश प्रसाद के घर के ठीक सामने लगे स्कार्पियो वाहन का शीशा तोड़कर एलसीडी सहित अन्य सामान का अज्ञात चोरों ने बिते रात चोरी कर लिया। स्कार्पियो वाहन मालिक मुख्यालय निवासी महेश प्रसाद पिता डोमन साव ने बताया कि मैं अपना स्कार्पियो वाहन नंबर जे एच 0 ऐ 1100 को हर दिन की भांति अपने घर के समिप खडा किया था सुबह जब मैं सो कर उठा तो वाहन का पिछे का सिसा टुटा हुआ था। स्कार्पियो वाहन मे पैनासोनी कंपनी का एलसीडी, चार्जर, वाहन जक व कागजात सहित अन्य सामान का चोरों ने चोरी कर लिया। चोरी की सुचना बारियातू थाना को दे दिया गया है।

पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड की बैठक रौनियार धर्मशाला में की गयी

गुमला (आजाद सिपाही)। शनिवार को पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड का बैठक रौनियार धर्मशाला पालकोट रोड में की गई। बैठक की अध्यक्षता उदासर नाग ने की। बैठक में मुख्य रूप से पिछड़ा समाज को रोस्टर के आधार पर 7 जिलों में शून्य कर दिया गया है। उसी के विरोध में आज 5 जिला के सभी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से गुमला सिमडेगा खूंटी लोहरदगा रांची के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में सभी समाज के प्रतिनिधि एक स्वर में बोले और अधिकार के लिए एक बैनर में आकर अपना अधिकार के लिए आंदोलन करेंगे जो भी करना पड़े, आर पार की लड़ाई करने के लिए सभी समाज के प्रतिनिधि एकमत होकर निर्णय लिए। बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष के रूप में उदास नाग, केंद्रीय महासचिव के रूप में दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय कोषाध्यक्ष के रूप में शिवदयाल गोप के नामों का सभी समाज के प्रतिनिधियों ने समर्थन किया साथ ही सभी समाज के जिला अध्यक्ष से आग्रह किया गया कि 3 दिनों के अंदर 3 से 7 सदस्यों की सूची केंद्रीय कमेटी को उपलब्ध करायें ताकि केंद्रीय कमेटी का विस्तार करते हुए जिला कमेटी का विस्तार किया जाये। उक्त बैठक में तेली समाज, सुंडी समाज, रौनियार समाज, रावतिया समाज, कुम्हार समाज, अहिर यादव समाज, विश्वकर्मा वर्मा समाज, कुशवाहा समाज, केसरी समाज, पिछड़ा मुस्लिम समाज, ठाकुर समाज एवं कुर्मी इत्यादि पिछड़ी जाति से आने वाले सभी जिलों के समाज के लोगों उपस्थित थे। सभा को संबोधित करने वालों में राधा मोहन साहू, मुनेश्वर साहू, शिवदयाल गोप, सूरज कुमार साहू, श्यामसुंदर साहू, मनोज वर्मा, अजीत विश्वकर्मा, आनंद कुमार गुप्ता, दुर्गा साहू, फगुआ साहू, बिंदेश्वर साहू, रामप्रसाद, खालिद, शिवनारायण गंझू, चंद्र प्रजापति, सुधांशु साहू, रमेश महतो, विनोद साहू, जगदीश साहू, लक्ष्मी सिंह, चंद्र पेशकार, प्रोफेसर भूषण महतो, दीपू ठाकुर, लोहरा राम, गोप शहजाद, पूना बेसरा, रमेश केसरी, राजेंद्र प्रसाद इत्यादि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित लोग उपस्थित हुए। जनार्दन साहू, गौतम साहू, अमर कुमार साहू, महेश सिंह, विश्वकर्मा सिंह, बद्री, गुलशन, प्रदीप साहू, विनोद प्रसाद, मनजीत ओहदार, सहदुल मंसूरी, राम कैलाश राम, राजू नाग, लोहर, मेन गोप, अनिल कुमार यादव, भोला साहू, अशोक साहू, शिव नारायण साहू, भोला चौधरी, कौशल साहू, आशिक अंसारी, रामू गोप, बुधेश्वरी गोप, किशोर कुमार गंझू, अशोक यादव, लोचन साहू, प्रदीप साहू, शिव गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे।

केंद्रीय सरहुल संचालन समिति ने गुमला वासियों के लिए प्रकट किया आभार

गुमला (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के नेतृत्व में निकाली गई आस्था और विश्वास का प्रकृति महा पर्व सरहुल गुमला मुख्यालय में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यूं तो यह जनजातियों का पर्व की विशाल शोभायात्रा थी पर आपसी भाईचारगी और पूरे क्षेत्र के सुख शांति व समृद्धि के साथ सद्भावना का अमृत संदेश बरसा कर गई। इस विशाल शोभायात्रा में पहान बैगा पुजार के साथ सैकड़ों खोड़हा दल अपने बैनर के साथ जुलूस में शामिल हुए वही नगर के सभी वर्गों का सहयोग आस्था के साथ मिला। नृत्यगान में अपनी थकान को कोसों दूर करते हुए यह आदिवासियों की टोलियां जो इतनी दूरी तय है कि वह नगर के प्रबुद्ध जनों शोभायात्रा के स्वागत में लगाये गये स्टॉल प्यास बुझाने के लिए लगायी गई प्याऊ की साझेदारी शोभायात्रा के प्रचलन को सरल बना गई। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला सभी उन समितियों का आभार व्यक्त करती है जो पूरे रास्ते भर चना गुड़ शरबतों का स्टॉल लगाकर जनसैलाब का स्वागत किया। समिति विशेष आभार प्रकट करती है केंद्रीय महावीर मंडल का जिसने निगरानी मंच का निर्माण कर शोभायात्रा को निहारने का अवसर प्रदान किया। साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी गुमला का जिन्होंने स्टॉल लगाकर खोड़हा दल का हौसला बढ़ाने का कार्य किया। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला आभार प्रकट करती है। जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन सभी पत्रकार मीडिया के बंधुगण का साथ ही वैसे नगर वासियों का जिनका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस शोभायात्रा में सुखद सहयोग मिला समिति उन अतिथियों का भी आभार व्यक्त करती है। जिन्होंने इस पर्व के विशाल शोभायात्रा में सम्मिलित होकर जुलूस का मान सम्मान बढ़ाया। हमारे केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला के संरक्षक पूर्व विधायक कमलेश उरांव, बिशनपुर विधायक चमरा लिंडा, पूर्व विधायक बैरागी उरांव, पूर्व मंत्री झारखंड सरकार गीताश्री उरांव, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, गंगाधर भगत का भी समिति आभार व्यक्त करती है। जिन्होंने पूजा एवं जुलूस में उपस्थित होकर पूजा महोत्सव को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग किया।

आरोपित तीनों युवकों को पुलिस ने जेल भेजा

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर थाना क्षेत्र के छठी क्लास की छात्रा (13 वर्षीय) नाबालिक किशोरी का तीन युवकों द्वारा अपहरण कर दुष्कर्म का प्रयास मामले में आरोपित तीनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। चैनपुर पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है कि पीड़िता की मां चैनपुर थाने में आवेदन देकर चैनपुर आजाद बस्ती निवासी अमीरुद्दीन खान पिता वकील खान एवं थाना क्षेत्र के जमगाई गांव निवासी महबूब खान पिता महफूज खान व शेख असलम पिता शेख हसन के द्वारा जबरन नाबालिग बेटी को गुरुवार शाम में गांव से अगवा कर ले जाकर छेड़खानी किया। विरोध करने पर मारपीट भी किया है। आवेदन मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया । जिसमें प्रियंका तिर्की, आलोक कुमार,मदन शर्मा एवं सशक्त बल के द्वारा छापेमारी कर घटना में शामिल उपरोक्त सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सभी अभियुक्तों ने अपना दोष स्वीकार किया है। वही पुलिस के द्वारा घटना में सम्मिलित 4 चक्का वाहन व एक मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है।

पालकोट में कुआं से युवक का शव बरामद

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड अन्तर्गत पालकोट उतरी पंचायत के अलनकेरा गांव में आज एक कुआं में एक व्यक्ति का तैरता हुआ शव देखा गया। जानकारी के अनुसार अलनकेरा गांव निवाशी चरकु सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष पिता स्व सरजू सिह का शव कुआं में तैरते हुवे देखा गया। जिसकी जानकारी ग्रमीणों ने पालकोट पुलिस को दिया। मौके पर एसआइ संदीप कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया। इधर एसआइ संदीप ने कहा कि यह घटना कैसे घटी है इसकी छान बिन की जा रही है।

कार्तिक भगत सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे

बसिया (आजाद सिपाही)। थाना मुख्यालय स्थित कोयल नदी पर स्थित पुल में सड़क दुर्घटना में सरना समिति के महासचिव एवं कांग्रेस नेता कार्तिक भगत सड़क दुर्घटना में बाल बाल-बच गये। प्राप्त जानकारी अनुसार कार्तिक भगत अपनी बोलेरो गाड़ी से कोयल नदी स्थित पुल पार कर रहे थे इसी दरम्यान एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनके बोलेरो गाड़ी का ऊपर का हिस्सा का परखच्चा उड़ गया। उनके साथ पूर्व मुखिया चमरा उरांव भी थे।

एसपी ने किया जारी थाना का निरीक्षण

माओवादियों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब ने जारी थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में थाना के सभी अभिलेख-पंजियों का अवलोकन किया गया। लंबित कांडों को यथाशीघ्र निष्पादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही सीमावर्ती थानों के साथ समंवय स्थापित कर जारी से सटे थानों के साथ विभिन्न समस्याओं को लेकर समय समय पर बैठक करने के लिए निर्देशित किया गया। आगामी रामनवमी पर्व को लेकर जारी थानांतर्गत सभी सीमावर्ती संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन तथा क्यूआर कोड लगाकर विशेष निगरानी रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही विभिन्न गैंग, गिरोह, माओवादी आदि प्रतिबंधित गुटों के विरूद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने, फिरारियों की गिरफ्तारी तथा जेल से रिहा हुए व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये।

कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया

जारी थानान्तर्गत पशु या लकड़ी तस्करी की रोकथाम के लिए विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर तस्करों के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस क्षेत्र में डायन-भूत, ओझा-गुणी की सूचना प्राप्त होने पर इसकी रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर, पुलिस उपाधीक्षक परीक्ष्यमान गुमला, पुलिस निरीक्षक चैनपुर अंचल, थाना प्रभारी जारी, थाना प्रभारी चैनपुर, थाना प्रभारी डुमरी आदि मौजूद थे।

शांति समिति की बैठक हुई

सिसई (आजाद सिपाही)। रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर शनिवार को सिसई थाना परिसर में एसडीओ रवि जैन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। एसडीओ ने कहा की रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान भड़काऊ नारे एवं आपत्तिजनक गीत संगीत नहीं बजाएं जाने, सोशल मीडिया में अफवाह फैलाना वालों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहने, अफवाहों पर ध्यान नही देने और शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल के साथ रामनवमी त्यौहार मनाना की अपील की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, शोभा यात्रा के दौरान सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरे की व्यवस्था, शोभा यात्रा रुट मार्ग पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सहित कई अन्य बिन्दुओं पर चर्चा हुई। इस मौके पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, अनिल साहु, वसंत यादव, मैनेजर साहू, रोपना उरांव, समसामुल अंसारी, अहमद खान, निरंजन सिंह, रहमु अंसारी, सलमान अली, कैप्टन लोहरा उरांव, आजाद अंसारी, मुखिया अलबीना देवी, मुखिया शोभा देवी, संदीप कुमार गुप्ता, रामानंद सिंह, नंदकिशोर सिंह, मनीष बाबू, पंकज साहु आदि लोग मौजूद थे।

तीन चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायडीह (आजाद सिपाही)। सुरसांग पुलिस ने 3 चोर को किया गिरफ्तार भेजा जेल, चोरी की गयी समान बरामद सुरसांग थाना परिसर में स्पेक्टर बैजू उरांव ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए बताया की 22 मार्च की रात्रि को बिरकेरा निवासी पवन कुमार साहु के सीमेंट दुकान एवं मोबाइल दुकान में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर 2 सीसी टीवी कैमरा, एक बंडल इलेक्ट्रिक तार, एक बंडल रस्सी की चोरी कर ली गयी। जिसका लिखित आवेदन पवन कुमार साहू के द्वारा सुरसांग थाना में दी गयी थी। आवेदन के आलोक में थाना मे कांड संख्या 4/2023 दर्ज करते हुए वरीय पदाधिकारी के दिशा निदेर्शानुसार तकनीकी अनुसंधान करते हुए कांड में संलिप्त 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तीनों चोरों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया एवं तीनों चोरों के निशान देही पर चोरी का सामान बरामद किया गया। तीनों चोर में क्रमशः सोनू लकड़ा, 23 वर्षीय पिता बालम लकडा, ग्राम लालमाटी थाना कोतवाली अंबिकापुर जिला सुरगुजा छतिसगढ़, राहुल तिर्की, 22 वर्षीय पिता राजेंद्र तिर्की ग्राम बलिया थाना सीतापुर जिला सुरगुजा छतिसगढ़, फबियानुस टोप्पो 19 वर्षीय पिता आरसेन टोप्पो ग्राम तुलमुंगा थाना सुरसांग शामिल थे। तीनों चोरों को आज चोरी के समान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। छापामारी दल में मुख्य रुप से थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान, एसआइ कपुल दीपक नाग, एएसआइ प्रमोद कुमार एवं सैट 10 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

दो युवकों को सर में मार कर किया घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला थाना प्रभारी के नाम इस्लामपुर गुमला थाना गुमला के निवासी मोहम्मद फैजान एवं रजा कॉलोनी गुमला निवासी शमशेर अंसारी द्वारा एक आवेदन देकर मारपीट कर सर में गंभीर चोट पहुंचाने वाले पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई है। उक्त आवेदन में बताया गया है कि 25 मार्च 2023 को करीब 11:30 बजे दिन में मोहम्मद परवेज के फल दुकान में घुसकर जान से मारने की नियत से वार कर मोहम्मद फैजान तथा उसके दोस्त मोहम्मद शमशेर को घायल करने के संबंध में बताया गया है कि मैं मोहम्मद फैजान उम्र 17 वर्ष पिता मोहम्मद परवेज ग्राम इस्लामपुर थाना गुमला जिला गुमला का रहने वाला हूं आगे कहना यह है कि मैं अपने पिता मोहम्मद परवेज के फल दुकान पालकोट रोड स्थित अपने दोस्त मोहम्मद शमशेर अंसारी पिता मोहम्मद कयामुद्दीन अंसारी ग्राम रजा कॉलोनी गुमला के साथ टावर चौक स्थित दुकान पर था ठीक मेरे दुकान के सामने वहां पर स्कूटी पर सवार तीन लोग जिसमें दो लड़की एवं एक लड़का पालकोट रोड की तरफ से टावर चौक आने के क्रम में एक दूसरे मोटरसाइकिल हीरो जिस पर 3 लोग सवार थे। आपस में टकरा गये जिसके बाद दोनों वाहन के लोगों में आपस में लड़ाई झगड़ा होने लगी। वहां पर आसपास काफी भीड़ भी हो गयी। लड़ाई झगड़ा होने के कारण मेरे दोस्त तथा मेरे द्वारा उन लोगों को मना करने पर तीन चार लोग हम लोगों के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया एवं मना करने पर हरवे-हथियार से लैस होकर कुछ लोग वहां पहुंच गए एवं सभी एकजुट होकर मेरे दुकान पर रखें फलों को फेंकना और गिराना शुरू कर तोड़फोड़ शुरू कर दिया तथा मेरे दोस्त पर और मेरे ऊपर जान मारने की नियत से अंधाधुन ईटा पत्थर आदि से मारपीट शुरू कर दिया। जिससे मेरे दोस्त शमशेर अंसारी तथा मेरे सर पर गंभीर चोट लगने से खून बहने लगा और दोनों का सर फट गया एवं हाथ पैर भी सूज गया तथा नीला हो गया। थाना परिसर में संवादाता से चोटिल हुए युवकों ने बताया कि घटनास्थल पर काफी लोग वहां जमा हो गया। उक्त लड़कों में से दो की पहचान तारा देवी ग्राम सरना टोली के बेटा एवं बेटी के रूप में हुई है एक अन्य लोगों में नीलू एवं उषा का नाम है। मारपीट कर घायल करने वाले में से एक व्यक्ति जोकि सरना टोली गुमला का है।

वेतन विपत्र के साथ बायोमीट्रिक उपस्थिति का प्रमाण पत्र होने पर ही होगी वेतन निकासी

गुमला (आजाद सिपाही)। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित अधिसूचना के आलोक में गुमला जिले में भी आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली दिनांक 1 अप्रैल 2023 से पुनः आरंभ की जानी है, इन संदर्भ में जिले के उपायुक्त श्री सुशांत गौरव ने गुमला जिले के सभी कार्यालय प्रधानों को निर्देश दिया है कि वे 1 अप्रैल से अपने यहां बायोमेट्रिक व्यवस्था दुरुस्त करना सुनिश्चित करेंगे। उनके द्वारा निर्देश दिया गया है कि सभी कार्यालयों में कार्यरत सभी पदाधिकारी, कर्मी (क्षेत्रीय कर्मियों सहित) को दिन में दोनों टाइम दैनिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करना है। साथ ही मासिक वेतन विपत्रों में इस आशय का प्रमाण पत्र भी देना होगा कि विपत्र में अंकित सभी पदाधिकारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति संलग्न है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने कोषागार पदाधिकारी गुमला को भी निर्देश दिया है कि वेतन प्रपत्र में बायोमेट्रिक उपस्थिति का प्रमाण पत्र होने पर ही वेतन की निकासी की जाये। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की नियमावली के अनुसार सिर्फ वैसे कर्मियों के लिए छूट हो सकती है जो 3 माह या कम की अवधि के लिए नियोजित किए गए हैं। इसमें संविदा दैनिक वेतन भोगी कर्मी शामिल हो सकते हैं।

समीक्षात्मक बैठक में डीसी ने दिये कई आवश्यक निर्देश

गुमला (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में लघु सिंचाई विभाग अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा लघु सिंचाई प्रमंडल अंतर्गत किये जा रहे सभी कार्यों की पीपीटी के माध्यम से बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित लघु सिंचाई कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि गुमला अंतर्गत स्वीकृत मध्यम सिंचाई योजना अंतर्गत चेक डैम के जीर्णोद्धार संबंधित सभी 13 जीणोर्धार कार्यों में से 10 कार्यों को पूर्ण कर लिये गये हैं शेष बचे कार्य अंतिम चरण पर है जल्द ही पूर्ण कर लिए जायेंगे। वहीं जमींदार बांध योजना से संबंधित सभी 6 जीणोर्धार कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिए गए हैं। जिसमें लेहा जमींदार बांध का जीर्णोद्धार, नवाडीह जमींदार बांध का जीर्णोद्धार, खरका जमींदार बांध जीर्णोद्धार, असनी जमींदारी बांध जीर्णोद्धार, वृंदा जमींदार बांध के जीणोर्धार के कार्य शामिल है, जिनके कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इस दौरान वियर योजना से संबंधित 6 वियर निर्माण के कार्य प्रगति पर है। एमआइ कार्यपालक अभियंता ने बताया की चेक डैम निर्माण कार्य में निनई नाला पर एकल चेक-डैम निर्माण का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही जिले में विभिन्न प्रखंड अंतर्गत कई चेक डैम निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। उपायुक्त ने सभी पूर्ण हुए कार्यों की जांच रिपोर्ट की मांग की। उन्होंने पूर्ण हुए कार्यों का बीडीओ एवं संबंधित अधिकारी द्वारा जाकर जांच किया जायेगा। इसके साथ ही प्रगतिशील कार्यों का जे.ई के द्वारा साप्ताहिक जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। सभी एइ से निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले सामग्रियों का भी जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी कार्यों का पूर्व एवं कार्य पूर्ण होने के बाद के डिटेल्स जियो टैग फोटो लेने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने निनई नाला में पूर्ण हुए चेक डैम की गुणवत्ता की जांच करने के लिए संबंधित बीडीओ सीओ को निर्देश दिया। उपायुक्त ने लघु सिंचाई अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की सूची संबंधित बीडीओ एवं योजना विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि किसी प्रकार की डुप्लीकेसी न हो सके। चेक डैम के आस पास फूल के पेड़ लगाने है हेतु हार्टिकल्चर विभाग से समंवय स्थापित करने की बात कही।उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2021 22 अंतर्गत सभी योजनाबद्ध कार्यों को मई माह तक शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान माइनर इरिगेशन(लघु सिंचाई) विभाग के कार्यपालक अभियंता, सभी एइ एवं जेइ उपस्थित रहे।

गुमला जिला में पर्यटन की असीम संभावनाओं को लेकर जिला प्रशासन को अवगत कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मिशन बदलाव गुमला का प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त के नाम मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपने के क्रम मिशन बदलाव महिला जिला सचिव सैयदा खातुन, नगर सचिव बिनय गोप, महिला नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा और नगर सचिव ज्योति गलोरिया कुजूर ने बताया कि गुमला प्रसाशन को जिला के पर्यटक स्थलों को डिस्प्ले में दिखाने आग्रह किया गया है कि हमारा गुमला जिला प्रकृति सौंदर्य और असीमित पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है जहां जंगल, पहाड़, झरनों, मंदिरों के साथ-साथ घाटी, हरे-भरे पेड़ों से घिरी घाटी के बीच से सड़क गुजरती है एवं कई पौराणिक पर्यटन स्थल एवं गुमला को उसके प्रकृति सौंदर्य और असीमित पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है जहां जंगल, पहाड़, झरनों, मंदिरों के साथ-साथ बहुत अन्य स्थल है।प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पूर्व में भी प्रसाशन को ये सभी मामलों को लेकर अवगत कराया गया है लेकिन प्रसाशन ने कभी ये मामलों को गम्भीरता से नहीं है। असम के

गोहाटी में हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 27 से 31 मार्च 2023 तक आयोजित अंडर-15 राष्ट्रीय बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता मे झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए गुमला जिला हैंडबॉल (स्पोर्ट अकादमी) के तीन खिलाड़ीयों मे सागर कुमार, नीरज मांझी और सचिन उरांव का चयन झारखंड राज्य टीम के लिए हुआ हैं। आज दिनाक 24 मार्च को 3 बजे स्थानीय टॉवर चौक गुमला से जमसेदपुर (टाटा) रेलवे स्टेशन के लिए विदाई दी गई। पुरी टीम टाटा से असम के लिए 25 मार्च को पुरवाह प्रस्थान होगी। खिलाड़ीयों को विदाई देते हुए स्पोर्ट अकादमी के प्रसिझ' सैयद जुन्नु रैन ने शुभकामना देते हुए कहा की जीत कर आने पर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर समाज सेवी मनीष कुमार साहू, शशि प्रिय बंटी और गणेश साहू ने उज्जवल भविस्य की सुभकामनायें दी। साथ ही स्पोर्ट अकादमी के खिलाड़ी रवि गुप्ता, नीरज कुमार, अनिस कुमार, सद्दाम अंसारी, प्रवीण गोप, विजय साहू, विकास कुमार साहू थे।

मिठाई खिला और माला पहना खिलाड़ियों को दी विदाई

इस मौके मिठाई खिलाकर और माला पहना कर उन खिलाड़ियों को विदाई दी। ज्ञातज्ञा झारखंड स्टेट हैंडबॉल के सचिव अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खुर्शीद खान झारखंड हैंडबॉल टीम के नेतृत्व में असम के गोहाटी के लिए प्रस्थान किया।

डुमरी में किया गया प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

20 स्टॉल लगे, सभी तरह के रोगियों का किया उपचार

डुमरी/गुमला (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्टेडियम डुमरी में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मेला का शुभारंभ बीडीओ एकता वर्मा व प्रमुख जीवंती एक्का ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया वहीं स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत गान गाकर एवं पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया गया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य मेला में लगभग बीस स्टॉल लगाये गए। जिनमें सभी तरह के रोगियों के उपचार के लिए चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। जहां बाह्य रोगी की जांच एवं परामर्श, मातृ एवं बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार

नियोजन परामर्श, कुपोषण एवं एनीमिया जांच, बीपी. शुगर जांच, कैंसर परामर्श, तंबाकू नियंत्रण परामर्श, दंतचिकित्सीय एवं नेत्र रोग जांच एवं परामर्श, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण एवं जानकारी, कुष्ठ एवं मलेरिया नियंत्रण, टीवी उन्मूलन कार्यक्रम सहित बिरसा जीवन आयुष किट एवं फाइलेरिया किट का वितरण आयुष चिकित्सक डॉ. राजेश शर्मा के द्वारा वितरण किया गया। साथ ही रोगियों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। बीडीओ एकता वर्मा ने कहा की यह बहुत ही अच्छी बात है की इस तरह के स्वास्थ्य मेला का आयोजन यहां किया गया है जिससे क्षेत्र के सभी मरीजों को लाभ मिलेगा। साथ ही इस तरह के आयोजन से गरीब एवं असहाय मरीजों को तो लाभ मिलेगा वहीं कई गंभीर बीमारी के मरीजों को भी निःशुल्क दवा एवं परामर्श मिलेगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की सराहना की। वहीं प्रमुख जीवंती एक्का ने कहा की झारखंड सरकार इस तरह आयोजन कराकर गरीब व पीड़ित मरीजों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। वहीं 297 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया एवं निःशुल्क दवा भी वितरण किये गये।

इनकी रही उपस्थिति

मौके पर एकाउंटेंट इंदु कुमारी, बीपीएम राजेश केरकेट्टा, प्रीति कुमारी, देवकुमार सिंह, मुखिया प्रदीप मिंज, ज्योति बहेर, जवाहर कवर,। संजय उरांव, ललन साहू, मंजुला मिंज सहित अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

मोदी सरकार को विरोध के स्वर को दबाने में महारत हासिल है: विजय सिंह

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मोदी सरकार की कार्यशैली की आलोचना की और लोकतंत्र की गला दबाने वाला कदम बताया है। उन्होंने यह भी कहा है कि किसी भी जाति धर्म समाज या व्यक्तिगत टिप्पणी से बड़े हो या छोटे सभी नेताओं को बचना चाहिए। बिल्कुल भाषा का मयार्दा रखना चाहिए। कानून के हिसाब से सदस्यता रद्द होना तो ठीक है लेकिन जिस तरह से मोदी सरकार राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने में तत्परता दिखाई इससे साफ समझ में आता है कि विरोध का स्वर दबाने के लिए मोदी सरकार किसी भी हद तक जा सकती है। अगर देखें तो मोदी सरकार में कई ऐसे केंद्रीय कैबिनेट मंत्री हैं जो गद्दारों को गोली मारो से लेकर कई आपत्तिजनक बयान खुलेआम देते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं होता है। इस तरह से मोदी सरकार की सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास जैसे नारा बिल्कुल खोखला साबित हो रहा है। श्री सिंह ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए सभी न्याय पसंद पार्टियों व संगठनों को एकजुट होकर देश में चल रही लूट-झूठ व बदले की भावना से काम करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत बतायी है।

रामनवमी को लेकर रेहला में शांति समिति की बैठक, सरकारी निर्देशों के पालन का लिया गया निर्णय

रामनवमी पर सभी मिल कर लें शांति-सौहार्द्र बनाये रखने की नैतिक जिम्मेदारी : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। रेहला थाना परिसर में शनिवार को रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें दोनों समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता विश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार और संचालन प्रो नंदलाल शुक्ला ने किया। बैठक में शामिल दोनों समुदाय के लोगों ने रामनवमी पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि जुलूस के दौरान कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए पूजा कमेटी व स्थानीय लोगों को पुलिस का सहयोग करना चाहिए। पुलिस शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। बैठक में शामिल दोनों समुदाय के लोगों से उन्होंने सरकार की ओर से जारी निर्देश का पालन और पहले से तय मार्गों से ही जुलूस निकालने की अपील की। कहा कि रामनवमी पर सभी समुदाय के लोग मिलकर शांति और शौहार्द बनाए रखने की नैतिक जिम्मेदारी लें। कहा कि तय मानकों के तहत ही कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने स्थानीय पुलिस के अधिकारियों को क्षेत्र की हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने कहा कि समाज के सभी लोगों का संवैधानिक दायित्व है कि किसी भी सामाजिक आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर उसे सफल बनायें। क्योंकि समाज के हरेक व्यक्ति प्रशासन का एक अभिन्न अंग होता है। बैठक में बीडीओ प्रशांत हेंब्रम, इंस्पेक्टर अजय कुमार, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, भाजपा के वरीय नेता सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे, एएसआई रामचंद्र चौधरी, प्रखंड़ प्रमुख रंभा कुमारी, पूर्व जिला पार्षद फिरोज खान, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, भाजपा नेता ललन चौबे, आलोक शुक्ला, नरेंद्र राम, एमएम एस्ले, रविशंकर चौबे, दिनेश शुक्ला, मुखिया राधाकृष्ण साव, मखिरण तिवारी, गोरख पांडेय, नजमुद्दीन नूरी, डॉ अलाउद्दीन अंसारी, डॉ डीपी शुक्ला, कृष्ण मुरारी सिंह, डॉ बीपी शुक्ला, गुलामनबी, अनुज चौधरी, मनोज शुक्ला, किशोर कुमार, एनामुल हक, मजमुद्दीन अंसारी, सचिदानंद तिवारी, सुभाष हेम्ब्रम आदि थे।

शांति समिति की बैठक में उपस्थित गणमान्य लोग।

नागरिक सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता: नगर अध्यक्ष

शशि कुमार और वार्ड पार्षद ने किया नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को एक नया आयाम देते हुए नगर अध्यक्ष शशि कुमार व वार्ड पार्षद सुनीता देवी ने शनिवार को शहर के वार्ड नंबर 14 में राइन भवन से हरही नदी तक बनने वाले पीसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि वार्ड नंबर 14 में नाली निर्माण से लोगों को काफी सहूलियत होगी। शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए एक साथ कई योजनाओं पर कार्य किए जा रहे हैं। शहर के सभी वार्ड के सर्वांगीण विकास की योजना बनाई गयी है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ शहर में सड़क, नाली व स्वच्छता समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। वहीं, वार्ड पार्षद सुनीता देवी ने कहा कि हुसैनाबाद नगर पंचायत विकास की ओर निरंतर अग्रसर है। वार्ड 14 के लोगों की नागरिक सुविधाओं को लेकर कटिबद्ध हैं। इस मौके पर जाकिर अली, शमीम, इकबाल कुरैशी, मुस्लिम राइन, आरिफ राइन, डॉ अजय कुमार, असगर उर्फ मिथुन आदि मौजूद थे।

नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास करते नगर अध्यक्ष, वार्ड पार्षद व अन्य।

पूर्व मंत्री ददई दुबे की बड़ी बहू का निधन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे की बड़ी बहू और पूर्व विधायक प्रत्याशी स्वं अजय दुबे की पत्नी चित्रा दुबे का शनिवार को निधन हो गया। दिल का दौरा पड़ने पर तुरंत रिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना से ददई दुबे पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। इससे पहले 2019 मे उनके बड़े पुत्र अजय दुबे की भी मौत हो गई थी। बिश्रामपुरप्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार शुक्ला (गुड्डू) ने शोक व्यक्त किया। कहा कि ये हम सबों के लिए बहुत ही दुखद घटना है। शोक व्यक्त करने वालों वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, सुधीर चौबे, इरफान खा, प्रखंड अध्यक्ष शिक्षा विभाग रविंद्र चौबे, प्रखंड उपाध्यक्ष आलोक चौबे, सचिव कपिल देव शुक्ला,सत्य प्रकाश चौबे, सुधा चौबे,भरत यादव, आनंद चौबे,कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौबे, महेंद्र शर्मा, पुनीत शुक्ला शामिल थे।

बेतला महोत्सव शुरू कराने का होगा प्रयास : सुनील सिंह

चतरा के सांसद ने की दिवंगत व्यास सिंह के परिजनों से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। चतरा सासंद सुनिल कुमार सिंह शनिवार को पूर्व आइएएफस अधिकारी दिवंगत व्यास सिंह के मेदिनीनगर स्थित आवास पर पहुंचे और उनके परिजनों से मुलाकात की। जहां उनके परिजनों ने दिवंगत व्यास सिंह द्वारा रचित पुस्तक बाघ बायलिन और बंदूक की प्रति भेंट की। चतरा सासंद ने कहा कि दिवंगत व्यास सिंह ने अपने सेवाकाल में पलामू व्याघ्र परियोजना के बेतला को सजाने संवारने में सक्रिय भूमिका निभायी थी। बेतला सहित उसके आसपास इलाके में पर्यटन विकास की असीम संभावना है। इसके लिए केंद्र सरकार के पहल पर काम भी हो रहा है। जिससे इस इलाके में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि चतरा सासंद का दात्यिव मिलने के बाद उनकी यह कोशिश रही है न सिर्फ बेतला बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी बढावा मिले इसे ध्यान में रखकर चतरा इटखोरी में स्थापित भद्र काली मंदिर महोसत्व की भी शुरूआत करायी गयी है। इसी तर्ज पर आने वाले दिनों में वह बेतला महोत्सव की शुरूआत कराने का प्रयास करेगें। यही दिवंगत व्यास सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि व्यास सिंह भाजपा किसान मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह के पिता थे। इस परिवार से उनका आत्मीय लगाव रहा है। सत्र होने की वजह से वह श्राद्ध कार्यक्रम में भाग नहीं ले सके। मौके पर अनूसूचित आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम, ओमप्रकाश सिंह, पूर्व जिप सदस्य सत्या सिंह, श्याम बाबू, भाजयुमों के पलामू जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय, अमरनाथ जायसवाल मौजूद थे।



धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में आती है सुख-समृद्धि : शिव शंकर यादव

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड के महूदंड पंचायत के कुरदाग गांव में हनुमान मंदिर स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर परिसर से की गई। गाजे बाजे के साथ परंपरागत ढंग से निकाले गये कलश यात्रा में महूदंड पंचायत के मुखिया पति शिवशंकर यादव समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यात्रा में शामिल लोग महूदंड पंचायत के कई गांव का भ्रमण करते हुए विसहिया नदी पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभराई की गई। शिव शंकर यादव ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में सुख समृद्धि आती है। इस मौके पर महुडंड पंचायत समिति सदस्य रमेश पासवान, महूदंड ओपी प्रभारी तुलेश्वर रजक, उपेंद्र यादव, प्रमोद यादव, आनंद पासवान, अजय सिंह, ज्वाला सिंह, गुप्ता सिंह, रविंद्र सिंह, अनिल गुप्ता, रामसरूप यादव और विकाश यादव आदि थे।

युवक पर शादी की नियत से नाबालिग छात्रा को भगाने का आरोप, मामला दर्ज

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की नाबालिग छात्रा को शादी की नियत से बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा के पिता ने रामाबांधी गांव निवासी रामस्वरूप राम के बेटे श्रवण राम के विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। बताया कि उसकी बेटी मैट्रिक की परीक्षा देने के लिए 22 मार्च की सुबह नौ बजे घर से सरस्वती विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र गई थी। पर वापस नहीं लौटी। शाम होने पर भी जब घर नहीं पहुंची तो उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच पता चला कि रामस्वरूप के बेटे श्रवण राम बेटी को भगा ले गया है। उधर, थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि लड़की के पिता द्वारा लिखित आवेदन मिला है। जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

पांच साल से फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करेत हुए वर्षों से फरार 17 सीएल एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसकी पहचान मुकेश पासवान उर्फ राहुल के रूप में हुई है। वह जपला के देवरी रोड बगीचा का रहने वाला था। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि पलामू एसपी के निर्देश पर छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सूचना मिली की वर्षो से फरार मुकेश पासवान अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम ने उसके घर पर छापामारी करने पहुंच गई। पर पुलिस को देखते वह भागने की कोशिश लगने लगा। लेकिन पुलिस के मुस्तैद जवानों ने उसे दबोच लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि उसके खिलाफ हुसैनाबाद थाना में 17 सीएल एक्ट का मामला दर्ज है। वह पिछले पांच वर्षों से फरार चल रहा था। इस अभियान में एसआई सौरभ कुमार, एएसआई धर्मेंद्र कुमार व पुलिस के कई जवान मौजूद थे।

प्रकृति की रक्षा के लिए हर व्यक्ति एक-एक पेड़ जरुर लगाये: शशि भूषण मेहता

सतबरवा/पलामू(आजाद सिपाही)। आदि कुडुख सरना समाज सतबरवा के तत्वाधान में बीआरसी के निकट सरना स्थल पर प्रकृति पर्व सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पाकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता भी शामिल हुए। उन्होंने पाहन के साथ साल वृक्ष की पूजा की। कहा कि सरहुल पूजा प्रकृति का पर्व है। यह केवल आदिवासी समाज ही नहीं, बल्कि धरती पर रहने वाले सभी लोग का कर्तव्य है कि प्रकृति की रक्षा करें। एक पेड़ कटने या सूखने पर पांच-पांच पेड़ घर के सभी सदस्य लगाएं। उन्होंने नीलांबर पितांबर की आदम कद प्रतिमा का अनावरण भी किया। नीलांबर पितांबरपुर पहुंचने का सभी को निमंत्रण नहीं दिया। साथ ही कमेटी को 21000 नगद का सहयोग भी किया। इधर प्रखंड के अलग-अलग गांव से आए टोलियों ने मांदर की थाप पर थिरकती आदिवासी महिलाएं पूरे सतबरवा गांव का भ्रमण करते हुए पुनः सरना स्थल पहुंचे जहां कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। मौके जिला परिषद सुधा कुमारी आदि उपस्थित थीं।

टीएसपीसी के एरिया कमांडर समेत पांच उग्रवादी गिरफ्तार

गिरफ्तार उग्रवादियों में नावाहाजार ईंट-भट्ठे में आगजनी का आरोपी भी

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा में एनएच 98 से सटे इंट भट्टे पर विगत 20 मार्च को पांच ट्रैक्टरों में आगजनी करने वाले उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के पांच उग्रवादियों को नावाबाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक एरिया कमांडर भी शामिल है। उनकी पहचान बसंत भुइयां (26), रंजय कुमार (21), बीरेन्द्र कुमार (20), छोटु दास (34) और सुधीर कुमार मेहता (47) के रूप में हुई है। उनके पास से 16 नक्सली पर्चा, मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है। इसकी जानकारी पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दी। वे शनिवार आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आगजनी की घटना के बाद सीआरपीएफ और जिला पुलिस की अलग-अलग टीम कार्रवाई में जुटी थी। इसी बीच एक टीम अलग से लगाई गई थी। सबसे पहले टीएसपीसी के एरिया कमांडर को पकड़ा गया। वह सिविल में था। हालांकि उसके पास से पर्चे बरामद हुए। उसकी निशानदेही पर आगजनी में शामिल चार अन्य उग्रवादियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना को टीएसपीसी के शशिकांत, निशांत और रंजन का दस्ते ने मिलकर अंजाम दिया था। घटना के वक्त तीनों मौके पर मौजूद भी थे। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि ईंट भट्टा के मालिक सत्यानंद मेहता द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर अनुसंधान के तहत पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इन्हें अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पकड़ा गया हैं। यह गिरफ्तारी अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग के मार्ग दर्शन में हुई है। गिरफ्तार उग्रवादियों के आपराधिक इतिहास नहीं हैं और ये पहली बार गिरफ्तार हुए हैं। इस हमलावर दस्ते को पकड़ने के लिए तरहसी, नावाजयपुर, छतरपुर, पड़वा और बिहार के गया जिले भदवर थाना क्षेत्र में छापामारी की गई। एसपी ने इस सफलता के लिए छापामारी टीम में शामिल आइपीएस ऋषभ गर्ग, एसडीपीओ सुरजीत कुमार व उसने सहयोगियों को बधाई दी है।

गिरफ्तार उग्रवादियों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

स्पोर्ट्स

न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच ऑकलैंड में तीन वनडे सीरीज के पहले मैच खेला गया। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 198 रन के विशाल अंतर से हरा दिया। अगला मैच 28 मार्च को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।

श्रीलंका के 8 खिलाड़ी नहीं छू पाये दहाई का अकड़ा, शिप्ले ने झटके 5 विकेट

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 198 रन से हराया

एजेंसी

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका को 198 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। ऑकलैंड में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 274 रन बनाए और श्रीलंका को 275 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में श्रीलंका की पूरी टीम 19.5 ओवर में महज 76 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह न्यूजीलैंड ने पहला वनडे 198 रनों के विशाल अंतर से जीत लिया। न्यूजीलैंड के लिए हेनरी शिप्ले ने पांच विकेट झटके। श्रीलंकाई टीम के 8 बल्लेबाज दहाई (10 रन) का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 28 मार्च को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। शिप्ले को प्लेयर ऑफ थे मैच चुना गया।

न्यूजीलैंड के लिए एलेन ने खेली अर्धशतकीय पारी

श्रीलंका ने टॉस जीत कर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड टीम के लिए फिन एलेन ने 51, डेब्यू कर रहे रचिन रवींद्र ने 49 और डेरिल मिचेल 47 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रीलंका के लिए चमिका करुणारत्ने ने कुल 4 विकेट हासिल किए, जबकि कसुन रजिथा-लहिरू कुमारा ने 2-2 सफलता और दिलशान और शानका को एक-एक सफलता मिली।

श्रीलंकाई टीम की पारी

275 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका टीम की शुरूआत खराब रही। श्रीलंका के दोनों ओपनर महज 14 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटे। इसके बाद कुसल मेंडिस बिना खाता खोले आउट हो गए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा रन ऐंजेलो मैथ्यूज ने बनाए। उन्होंने 25 गेंदों पर 18 रन बनाए, जिसमें 3 चौके शामिल रहे। वहीं, न्यूजीलैंड के लिए हेनरी शिप्ले ने 5 विकेट झटके, डेरिल मिचेल और ब्लेयर टिकनर को 2-2 सफलता मिली।

जपला में सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित हुई जागरूकता रैली

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय सेवा योजना एके सिंह कॉलेज की जपला इकाई की ओर से गोद लिए गांव कोरिया डी, देवरी कला पंचायत में विशेष शिविर के चौथे दिन सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर के जागरूकता विषय पर विचार गोष्ठी और रैली का आयोजन किया गया। जपला देवरी मेन रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था को स्वयंसेवकों ने संभाला और बिना हेलमेट और जूते के बाइक चला रहे चालकों से हेलमेट और जूता पहनने की अपील की। साथ ही आम लोगों से अनुरोध किया कि गाड़ी चलाते समय हेलमेट लाइसेंस और गाड़ी के कागजात जरूर रखें। वहीं, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, ताकि होने वाले दुर्घटना से बचा जा सके। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर आलोक रंजन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मौके पर प्रोफेसर अजय कुमार सिंह, अरुण सिंह, सुनील सिंह, चंदन सिंह, अशोक कुमार देव, अशोक सिंह, बबन प्रसाद सिंह, अभिषेक कुमार गॉड आदि ने सम्मिलित होकर स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया।

गोप बाबू जैसे लोग किसी भी शहर के लिए धरोहर के समान हैं: महापौर

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। महापौर अरुणा शंकर और बॉलीवुड के अभिनेता प्रयांशु चटर्जी ने शुक्रवार की शाम गोपा बाबू स्मृति पार्क का शिलान्यास किया। गोपा बाबू का पूरा नाम अमिय कुमार घोष था जो पलामू के पहले विधायक होने के साथ साथ संविधान सभा के सदस्य भी थे। महापौर ने कहा कि गोपा बाबू जैसे शख्स किसी भी शहर के लिए धरोहर समान है। उन्हें याद करना शहर की जिम्मेवारी है। निगम यह प्रयास कर रहा है कि गोपा बाबू सहित शहर के सभी विभूतियों के नाम अमर हो इसलिए उनके स्मृति में सड़क, चौक, पार्क आदि बनाए जाए। वहीं, उप मेयर मंगल सिंह ने कहा कि शहर को हर हाल में खूबसूरत बनाना निगम की पहली प्राथमिकता है। वहीं, हिंदी फिल्म की शूटिंग को लेकर पलामू में मौजूद अभिनेता प्रियांशु चटर्जी को बंगाली समिति ने सम्मानित किया। बंगाली समिति के तरफ से महापौर अरुणा शंकर, वरीय सदस्य देवेश मोइत्रा, मुनमुन चक्रवर्ती आदि ने उन्हें सम्मानित किया। अभिनेता ने कहा कि समिति द्वारा जिस तरह से उन्हें सम्मानित किया गया उन्हें हमेशा याद रहेगा। मौके पर वार्ड पार्षद जयश्री गुप्ता, फिल्म निमार्ता निर्देशक राहुल शुक्ला, बंगाली समिति के अध्यक्ष प्रभाष रंजन दशगुप्ता, देवेश मोइत्रा, गौतम घोष, आशीष दाशगुप्ता, देवाशीष सेनगुप्ता, डॉ कौशिक मल्लिक, गौतम बोस, जया चक्रवर्ती, अर्पिता दाशगुप्त, मुनमुन चक्रवर्ती, अमर भांजा आदि थे।

गोल्फ ग्राउंड में दस दिवसीय गांधी शिल्प बाजार 28 मार्च तक

धनबाद (आजाद सिपाही)। गोल्फ ग्राउंड में 17 से 28 मार्च तक आयोजित 10 दिवसीय गांधी शिल्प बाजार महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। देश के लगभग 20 राज्यों के शिल्पकार सफलता की राह पर है। संपूर्ण भारतवर्ष के हस्तशिल्प के अनोखे संगम को धनबाद जिले के शिल्प के कद्रदान मेले के स्टॉल के कलात्मक एवं रचनात्मक उत्पादों का अवलोकन करते हुए उत्पादों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार इसके प्रायोजक और ऑल इंडिया परिवर्तन सेवा समिति बाजार द्वारा आयोजित गांधी शिल्प बाजार में हस्तशिल्पियों को बाजार उपलब्ध कराया गया है। शिल्प बाजार में शिल्पकार और ग्राहक के बीच बिचौलिए नहीं रहने के कारण शिल्पकारों को उनके उत्पादन का सही मूल्य मिल रहा है। दूसरी ओर इस बाजार में आए आगंतुकों को किफायती दर पर वस्तुएं मिल रही हैं। गांधी शिल्प बाजार में जुट, डोकरा,बांस,टेराकोटा,काष्ठ शिल्प,कारपेट, भागलपुरी सिल्क, साउथ इंडियन डिजायनर साड़ी, फर्नीचर, कशिदाकारी सूट,राजस्थानी जूती, गुजराती सूट-साड़ी, शांति निकेतन बैग, मधुबनी आर्ट्स पेंटिंग आदि स्टॉल लगे हैं, जहां बिक्री हो रही है।

न्याय सदन सभागार में जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर कार्यशाला का आयोजन

पीड़ित परिवार को ससमय मुआवजा राशि का भुगतान करना होनी चाहिए प्राथमिकता : न्यायाधीश

कहा- सड़क दुर्घटना से संबंधित का पुलिस करें त्वरित निष्पादन, ताकि मिले न्याय

आजाद सिपाही संवाददाता

जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर आयोजित कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारी।

बोकारो। न्याय सदन सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की अध्यक्षा कुमारी रंजना अस्थाना, डीसी सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के उपाध्यक्ष कुलदीप चौधरी, एसपी सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्य चंदन झा, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पवन कुमार, प्रिसाइडिंग अधिकारी (लेबर कोर्ट) अनुज कुमार, डीएलएसए सचिव निभा रंजना लकड़ा, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिमेष कुमार चौधरी आदि ने संयुक्त रू से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों को चिकित्सीय सुविधा पहुंचाने एवं मृतकों के परिजनों को मुआवजा राशि भुगतान करने की पूरी प्रक्रिया में पुलिस की भूमिका अहम होती है। ऐसे मामलों में पुलिस को अनुसंधान में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि दुर्घटना में मौत के बाद मृतक के परिजनों को ससमय मुआवजा राशि का भुगतान किया जा सके। यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बीमा कंपनी से संबंधित नोडल पदाधिकारी/अधिवक्ताओं को भी मामलों के निष्पादन में गंभीरता बरतने और सुनवाई के क्रम में सभी जरूरी दस्तावेजों को कोर्ट के समक्ष पेश करने को कहा। बताया कि पांच लाख तक की बीमा राशि संबंधित मामलों का निष्पादन एक माह में ही कर देना है। लेकिन बीमा कंपनियां इसमें रुचि नहीं लेती हैं। उन्होंने संबंधित अधिवक्ताओं को अपनी कंपनियों को इससे अवगत कराते हुए इसे सुनिश्चित कराने को कहा।

वहीं, डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार डीएलएसए/सड़क सुरक्षा समिति की ओर से सड़र दुर्घटना एवं इससे संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जाता है। प्रतिमाह सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए प्रयास किये जाते है। स्वास्थ्य, परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग/राज्य मार्ग/सड़क से संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सड़क दुर्घटना को कम करने एवं सड़क दुर्घटना के बाद के कार्यों को त्वरित गति से निष्पादन करने, घायलों को अस्पताल ले जाने वाले गुड सेमरीटन को सम्मानित/पुरस्कृत किया जाता है। आन लाइन पोर्टल पर इंट्री, मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने के लिए ससमय पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य दस्तावेज आदि भी समर्पित किए जाने के काम की सतत निगरानी भी की जाती है। डीसी ने कार्यशाला में बताई जाने वाली बातों को सभी संबंधितों को गंभीरता से लेने, उन्हें जानने/बिना संकोच किसी भी बात को पूछने और भविष्य में उस पर अमल करने की बात कहीं।

दुर्घटना बीमा क्लेम प्रक्रिया से सभी को जागरूक होने की जरूरत : एसपी

एसपी चंदन झा ने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमित बैठक होती है। दुर्घटना बीमा क्लेम प्रक्रिया से सभी को जागरूक होने की जरूरत है। विशेषकर ट्रैफिक पुलिस से संबंधित अधिकारी/नोडल पदाधिकारी ससमय मुआवजा राशि का भुगतान पीड़ित परिवार को हो सके इसकेव लिए कार्यशाला में बताई गई बातों का अनुकरण करें। वहीं, कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन सह जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वन पवन कुमार ने सड़क दुर्घटना एवं मोटर एक्सीडेंट क्लेम से संबंधित कानूनी धाराओं/प्रावधानों के संबंध में विस्तार से बताया। जबकि रिसोर्स पर्सन आनंद वर्धन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार मोटर वाहन अधिनियम में जोड़ें गए अध्यादेश के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि पुलिस कि जिम्मेवारी काफी बढ़ गई है। सभी कार्यों को ससमय एक निश्चित टाइम फ्रेम में पूरी करनी है। साथ ही, इसकी जानकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल एवं स्टेट लीगल अथॉरिटी को देनी है। इस अवसर पर मध्यस्थता केंद्र के अधिवक्ता ने भी अपने वादों के निष्पादन से संबंधित अनुभवों को साझा किया। कार्यशाला में जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, डीएसपी (मुख्यालय) मुकेश कुमार, सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, सभी थानों के थाना प्रभारी, न्यायिक पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

कतरास कांग्रेस ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शनिवार को कतरास थाना चौक पर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इसकी अध्यक्षता कतरास नगर अध्यक्ष रंजीत पांडेय ने की। वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार देशहित से जुड़े मुद्दों को उठाने से विपक्षियों को रोक रही है। उन्हें डरा-धमका रही है। सरकार न जेपीसी जांच के लिए तैयार है। न अडानी से मोदी जी का क्या रिश्ता है उस पर बात करने को तैयार है। पुतला दहन के मौके पर अशोक लाल, विनोद शर्मा, योगेंद्र रजक, कमला देवी, प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, अजय पासवान, रोहित वाही, रोबिन पाल, शिवेश सिन्हा, ब्रजेश पाण्डेय, अजय सिंह, दिगम्बर सिंह, कारू भुइंया, प्रखंड युवा अध्यक्ष शंकर महतो, 20 सूत्री सदस्य सुदेश दास, पिंटू पांडेय, कमलेश पाठक,गोपाल सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

सोनोत संथाल समाज के लोगों ने फूंका रांची के भाजपा विधायक का पुतला

धनबाद (आजाद सिपाही)। सोनोत संथाल समाज केंद्रीय समिति के सचिव अनिल कुमार टुडू के नेतृत्व में धनबाद जिले के विभिन्न आदिवासी संगठनों के अगुआ, आदिवासी बुद्धिजीवी वर्ग के लोग, आदिवासी छात्र और छात्रसंघ के सदस्यों ने शनिवार को रणधीर वर्मा चौक पर भाजपा विधायक सीपी सिंह का पुतला दहन किया। अनिल टुडू ने कहा कि रांची के विधायक सीपी सिंह ने हमारी संथाली भाषा ओलचिकी का अपमान किया है। रांची विधायक को संथाली भाषा का ज्ञान नहीं है। हम संथाली समुदाय के लोग चाहते है की वे सार्वजनिक रूप से मांफी मांग। ऐसा नहीं करने पर आदिवासी समाज चुप नहीं बैठेगा। इस मौके पर लखींद्र हांसदा, मैनेजर हेम्ब्रम, अलसा सोरेन, शंकर हेम्ब्रम, अनिल टुडू, बिरजू सोरेन, अरुण हेम्ब्रम, सुधीर हेम्ब्रम, सुरेश हेम्ब्रम, प्रवीण हेम्ब्रम, उमेश टुडू, विद्याधर मुर्मू, निर्मल हेम्ब्रम, रविशंकर बास्की, लखन टुडू, मालती टुडू, शीला टुडू, सरोजिनी देवी, चांद मनी टुडू, मंगली टुडू, रामकिशून टुडू, गोपीनाथ हांसदा, सुशील सोरेन, मटू हांसदा, विजय टुडू, बिनोद टुडू, कश्मीर, सुरेंद्र हेम्ब्रम, शिवकुमार सोरेन, शेखर मुर्मू, जीतराम हांसदा, टुडू,मीना सोरेन, रविना टुडू, सुमित्रा मुर्मू, अजय टुडू, नरेश टुडू, सुनीता हांसदा, ललिता मुर्मू, विनीता टुडू, पुर्णिमा मुर्मू, बबलू सोरेन और परवीन हांसदा आदि उपस्थित थे।

पीड़ितों की मदद करना पहली प्राथमिकता : सुभाष वसन

बढ़ते महिला उत्पीड़न एवं बाल अपराध को लेकर मानवाधिकार आयोग की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग झारखंड के प्रदेश निदेशक अनुप सिंह के निर्देशानुसार बढ़ते बाल अपराध, घरेलू हिंसा से उत्पन्न पारिवारिक विवाद, कलह एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पंचायतों को दिये गये महत्वकांक्षी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर धमाबांध ओपी क्षेत्र स्थित बिलबेरा कार्यालय में शनिवार को बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता धनबाद महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुमन वसन ने की। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य दबे, कुचले, पिछड़े, शोषित एवं महिला उत्पीड़न और मानव अधिकार को लेकर आवाज बुलंद करना है। इसी कड़ी में धनबाद जिला इकाई द्वारा बैठक की गई, जिसमें कई विषयों पर चर्चा की गई। उन विषयों पर प्रदेश कमेटी जल्द विचार करेगी। उसे बेहतर तरीके से धरातल पर उतारने का प्रयास रहेगा। बता दें कि संस्था के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए धनबाद में 50 से अधिक सदस्य एवं कई अधिवक्ता, मीडिया के सदस्य सहित अवकाश प्राप्त पुलिस अधिकारी जुड़ चुके हैं। धनबाद जिला के जिला एडवोकेट अमित भगत एवं जिले के कई समाजसेवी, झारखण्ड पुलिस से अवकाश प्राप्त सब इंस्पेक्टर सुभाष वसन जैसे लोग सदा सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष समिद खान, प्रदेश महासचिव सुभाष वसन, रविंद्र वीजन, सावित्री कुमारी,सरिता कुमारी सिन्हा, नीलु शर्मा, मोनी देवी, बबिता मिश्रा, मुन्नी खातून, अफजल इदरीश आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी धनबाद जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ने दी।

जरीडीह बाजार में मुस्लिम कारीगर रमजान में भी बना रहे हैं रामनवमी के लिए ध्वज

शमशेर आलम

आपसी भाईचारे की मिशाल

जरीडीह बाजार/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो कोयलांचल हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब का उद्गम स्थल रहा है। यहां हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ हर त्योहार को मनाते हैं। ऐसा ही प्रत्यक्ष नजारा देखने को मिला। जहां रमजान का पावन महीने में मुस्लिम कारीगर हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहारों में से एक रामनवमी के लिए ध्वज बना रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ हिंदू समाज के कई लोग ईद और उर्स के मौके पर इससे संबंधित सामानों की बिक्री कर रहे हैं। इसी क्रम में कारीगर अब्दुल अजीज ने बताया कि उनका परिवार पिछले 60 वर्षों से रामनवमी के अवसर पर भगवा झंडा बनाते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले उनके पिता और मौसा झंडा बनाया करते थे। पर उनके गुजर जाने के बाद अब वे खुद अपने बेटे के साथ मिलकर झंडा तैयार करते हैं। हमारे पास रामनवमी के झंडे सिलवाने के लिए पूरे बेरमो कोयलांचल के कई इलाकों से लोग आते हैं। वहीं, मोहम्मद अजीज ने बताया कि उर्स की तरह हमें रामनवमी का भी इंतजार रहता है। ऐसे में मजहबी नफरत की खबरों से हमें काफी दुख भी होता है।

मजदूरों का हक नहीं दिया गया, तो होगा अनिश्चितकालीन चक्का जाम : पप्पू सहाय

तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 के मोदीडीह कोलियरी अंतर्गत तेतुलमुडी कोल डंप के समीप शनिवार को कोलियरी श्रमिक संघ के बैनर तले असंगठित मजदूरों ने एक दिवसीय धरना दिया। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा के स्थानीय नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पप्पू सहाय, संचालन दिनेश पासवान और धन्यवाद ज्ञापन विष्णु महतो ने किया। पप्पू सहाय ने कहा कि पिछले छह माह में 92000 टन कोयला उठाव होने के बावजूद भी मजदूरों को मात्र तीन बार ही मजदूरी दी गई है। मजदूरों को एक समान नियमावली बनाकर नियमित रोजाना, साप्ताहिक, अर्द्धमासिक या मासिक पेमेंट किया जाय, अन्यथा अनिश्चित कालीन धरना देने को मजबूर होंगे। मौके पर मजदूर नेता मुकेश गुप्ता, विष्णु महतो, दिनेश पासवान, आजाद आलम आदि मौजूद थे।

बीएसएल के प्रमुख विभागों और झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस को मिला प्रतिष्ठित इस्पात सुरक्षा पुरस्कार

बोकारो (आजाद सिपाही)। रांची में हाल ही में आयोजित 74वें ज्वाइंट कमिटी ऑन सेफ्टी, हेल्थ एंड एनवायरनमेंट के वार्षिक सम्मेलन में कैलेंडर वर्ष 2020 एवं 2021 के दौरान शून्य घातक दुर्घटना के लिए बोकारो स्टील प्लांट के कोल, कोक, एवं केमिकल, रोलिंग मिल्स, परियोजनाएं और सेंट्रलाइज्ड मेंटेनेंस, यूटिलिटीज, सर्विसेज, रेल एंड रोड ट्रैफिक जोन व कैलेंडर वर्ष 2021 एवं 2022 के दौरान शून्य घातक दुर्घटना के लिए बोकारो स्टील प्लांट के कोल, कोक, एवं केमिकल तथा रोलिंग मिल्स जोन को क्रमशः इस्पात सुरक्षा पुरस्कार -2022 एवं इस्पात सुरक्षा पुरस्कार -2023 से नवाजा गया है। इसी तरह बीएसएल के झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस को कैलेंडर वर्ष 2021 में शून्य घातक दुर्घटना के लिए इस्पात सुरक्षा पुरस्कार 2022 और कैलेंडर वर्ष 2022 में शून्य घातक दुर्घटना के लिए इस्पात सुरक्षा पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है। शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के अधिशासी निदेशक (माइंस) जे दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (ऑपरेशंस) सुधीर शर्मा, महाप्रबंधक (आर पी एंड ई एंड सेफ्टी) एमकेटीपी दत्ता और सहायक महाप्रबंधक (ई एंड एल) हीना परवीन ने बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश से मुलाकात कर उन्हें इस उपलब्धि से अवगत कराया। साथ ही ज्वाइंट कमेटी ऑन सेफ्टी, हेल्थ एंड एनवायरनमेंट के वार्षिक सम्मेलन में मिले अपने अनुभव को साझा किया। एक अन्य कार्यक्रम में इस्पात सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त करने वाली बीएसएल के विभिन्न विभागों की टीम ने अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी से मुलाकात कर उन्हें इस उपलब्धि से अवगत कराया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मी भी उपस्थित थे। इस उपलब्धि के लिए निदेशक प्रभारी और अधिशासी निदेशक (संकार्य) ने बीएसएल एवं झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस की टीमों को बधाई दी है।

बाघमारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का परीक्षा फल प्रकाशित

कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा अरुण से नवम एवं एकादश (2022-23)का वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। साथ ही पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। मंचासीन अतिथियों द्वारा वार्षिक परीक्षा में कक्षाशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और शिशु वर्ग, बाल वर्ग व किशोर वर्ग (नवम एवं एकादश) में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन एवं सर्वाधिक उपस्थिति भैया-बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के सचिव महोदय ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि परिश्रम कर निरंतर आगे बढ़ते रहें। मौके पर विशु रवानी समेत मड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

कार्रवाई : कोयला लदी पिकअप वैन भी जब्त

कोयले के अवैध धंधे को लेकर दो गुटों मे मारपीट,तीन गिफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

अवैध कोयला लदा जब्त वाहन।

धनसार। थाना क्षेत्र के हल्दीपट्टी गांधी रोड में शुक्रवार की रात कोयले के अवैध धंधे को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान पिस्टल भी लहराया गया। इसकी सूचना मिलते ही धनसार पुलिस मौके पर पहुंच गई और कोयला लदे एक पीकअप वैन को जब्त कर लिया। साथ ही कोयले के अवैध कारोबारी आकाश रवानी के साथ ही वाहन चालक और खलासी को भी गिरफ्तार कर लिया। हालांकि मौके पर मची अफरा तफरी और अंधेरे का लाभ उठाकर अन्य लोग फरार हो गए। वहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन दिनों हल्दीपट्टी, गांधी रोड, चांदमारी कांटा, न्यू क्वार्टर बेडा, इस्ट भगतडीह दो मोहल्ला के पास अवैध कोयला का धंधा धड़ल्ले से जारी है। रात होते ही चोरी के जमा कोयला को वाहन और पीकअप वैन में लादा जाता है। इस दौरान अक्सर दो गुटों मं झड़प होती ही रहती है। उधर, जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात हल्दीपट्टी में आकाश नाम का एक धंधेबाज पीकअप वाहन में कोयला लोड करा रहा था। तभी वहां दूसरे गुट का हरेराम वहां आ धमका। वह अपना इलाका बताते हुए कोयला लोड करते मजदूर को रोक दिया। इसके बाद आधी रात में दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इसकी सूचना मिलते ही धनसार पुलिस पहुंच गई। पुलिस को देखते ही आपस में लड़ रहे लोग भागने लगे। पर पुलिस ने तीन लोगों को धर दबोचा। उधर, धनसार थाना प्रभारी राजकपूर ने भी चोरी का कोयला लोड करते एक वाहन को जब्त करने के साथ ही धंधेबाज आकाश रवानी समेत तीन लोगों को पकड़े जाने की पुष्टि की है। हालांकि उन्होंने मारपीट की घटना से इन्कार किया है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

अति अल्पकालिन निविदा सूचना –31/2022–23

1) विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिकी की अंतिम तिथि एवं समय :– 01..04.2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 03.04..2023 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.04.2023 अपराहन 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी

	कार्य का नाम	प्रा० राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रु० में)	परिमाण वि० का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Annual Repair and maintenance of Domestic/Commercial RO/Water Purifier with Cooler of different models installed at different location of High Court building, Judge Bungalow, Registrar's Quarter, Judge's Guest House & High Court Pool quarters etc. under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for the yr.23-24.	788595.00	15800.00	1250.00	12 Months
2.	Annual Repair and Maintenance for different models of Geyser installed at different location of High Court building, Judge Bungalow, Registrar's Quarter, Judge's Guest House & High Court Staff quarters etc. under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for the Yr.23-24.	710537.00	14300.00	1250.00	12 Months
3.	Repair and Maintenance of Iron cum Turbidity Removal filter plant, Carbon Filter plant with multiple valves and necessary water supply pipe and its allied work at Different location of High Court Bungalow and other high court pool Qtr. Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for the Yr.23-24.	608951.00	12200.00	1250.00	12 Months
4.	Repair and Maintenance of Iron & Turbidity Removal filter plant with Alum pot, Oxidization Chamber Filter with multiple valves, and necessary water supply pipe and its allied work at Different location of High Court Bungalow and other high court pool Qtr. Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for Yr.2023-24.	781189.00	15700.00	1250.00	12 Months
5.	Day by day maintenance of plumbing fixtures, cleaning of toilet and bathroom at Hon'ble Judges Bunglow and other Jharkhand High Court poo 1 quarters Doranda under D.W.&S .Division Ranchi East Ranchi.(Six Month)	2494201.00	49900.00	5000.00	06 Months
6.	Annual maintenance work for gardening at Forest Bunglow No.-1, (Bunglow of Hon'ble Minister, D.W.& S. Department) of Jharkhand under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. (For year 2022-23)	1190001.00	23900.00	2500.00	12 Months
7.	Repair and Maintenance of Kent RO Water Purifier System, Geyser and Iron & Turbidity Removal filter plant with Alum pot, Oxidization Chamber Filter with multiple valve, and necessary water supply pipe and its allied work at Different location of MLA Bungalow, Staff Quarters, and Other Govt. Residential Bungalow/Quarters Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for Yr. 23-24.	973986.00	19500.00	1250.00	12 Months
8.	Annual Repair and maintenance of Geyser of different models installed at Vidhyak Awas, Vidhan sabha Guest House & Vidhan Sabha Pool Quarters etc.under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for the Yr.-2023-24.	730559.00	14700.00	1250.00	12 Months

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची ।

PR.NO.293604 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

एम्स भुवनेश्वर में मनाया गया विश्व टीबी दिवस

एम्स में हर महीने 60 टीबी पॉजिटिव केस पाये जाते हैं

कोविड के बाद स्वास्थ्य देखभाल के सामान्य होने से नये निदान किये गये टीबी मामलों में तेजी आयी है

एम्स भुवनेश्वर टीबी जागरूकता के लिए समुदाय तक पहुंचता है

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के पोस्ट-कोविड सामान्यीकरण ने नये निदान किये गये टीबी मामलों में तेजी लायी है। एम्स भुवनेश्वर में पिछले वर्ष के 521 मामलों की तुलना में वर्ष 2022 में 674 नए टीबी मामले पाये गये हैं। राष्ट्रीय संस्थान में कल विश्व टीबी दिवस के अवलोकन के अवसर पर विशेषज्ञों ने एम्स भुवनेश्वर में प्रति माह औसतन 60 नये टीबी मामलों का पता लगाया जा रहा है।

शुरुआती पहचान और उचित उपचार से टीबी के बोझ को कम किया जा सकता है। संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एम्स भुवनेश्वर में टीबी रोगियों के लिए पोषण संबंधी सहायता प्रदान की गयी है। इसी तरह निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी के मरीजों को इलाज जारी रहने तक 500 रुपये प्रति माह। डॉ बिस्वास ने कहा कि एमडीआर (मल्टी ड्रग रेसिस्टेंस) टीबी टीबी को खत्म करने की लड़ाई का मुकाबला करने में एक चुनौती है। पिछले साल, लगभग दो दशकों में पहली बार, डब्ल्यूएचओ ने मौतों में वृद्धि के साथ-साथ टीबी और दवा प्रतिरोधी टीबी से बीमार पड़ने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि की सूचना दी। कार्यक्रम का संचालन पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख और डीन एम्स भुवनेश्वर डॉ पीआर महापात्र ने कहा कि तपेदिक दुनिया के शीर्ष संक्रामक हत्यारों में से एक है, जिससे हर साल 1.6 मिलियन मौतें होती हैं और लाखों लोग प्रभावित होते हैं, परिवारों और समुदायों पर भारी प्रभाव पड़ता है। सशस्त्र संघर्ष, खाद्य असुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता जैसे चल रहे संकटों के साथ मिलकर कोविड-19 ने टीबी के खिलाफ लड़ाई में की गयी प्रगति को उलट दिया है।

माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. बैजयंतीमाला मिश्रा ने एम्स भुवनेश्वर में निःशुल्क डीएनए टेस्ट यानी सीबीएनएएटी और टू-एनएटी की जानकारी दी। अन्य लोगों में कुलसचिव बी बी मिश्रा के साथ वरिष्ठ संकाय, छात्रों और कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन चिकित्सा अधिकारी डॉट्स सेंटर डॉ सारदा प्रसन्ना मिश्रा, टीबीएचवी डॉट्स सेंटर अर्पण मिश्रा ने किया। सामुदायिक चिकित्सा और परिवार चिकित्सा विभाग, एम्स भुवनेश्वर ने समुदाय तक पहुंचकर टीबी को खत्म करने के लिए बेहरा बस्ती (वार्ड नंबर -25), नयापल्ली में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ बिनोद कुमार बेहरा डॉ प्रजना परमिता गिरि ने टीबी के लक्षणों और टीबी से संबंधित कलंक पर स्वास्थ्य शिक्षा दी और दृश्य चार्ट की मदद से तपेदिक के उपचार और निदान पर चर्चा की। स्थानीय पार्षद मानसी रानी सुंदरे और आशा कार्यकर्ता रस्मिता प्रुष्टी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मां मंगला और ओम शांति महिला आरोग्य समिति की सदस्याओं, शहरी स्लम के स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। अवलोकन एक टीबी चैंपियन प्रमोद नायक की वास्तविक जीवन कहानी के साथ समाप्त हुआ। टीबी चैंपियन ने अपने उपचार की अवधि के दौरान सामना किए गए विभिन्न सामाजिक कलंकों के बारे में बताया। टीबी का सफलतापूर्वक इलाज पूरा करने के बाद चैंपियन सामान्य जीवन जी रहा है।

मेघालय के राष्ट्रीय सम्मेलन में डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने भागीदारी की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 23 से 25 मार्च तक मेघालय में आयोजित कुलपति राष्ट्रीय सम्मेलन 2023 में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने भाग लिया। यह सम्मेलन एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, नयी दिल्ली और यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मेघालय के संयुक्त सौजन्य से मेघालय में आयोजित किया गया था। इस उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद थे। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और विशिष्ट अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी थे, जिन्होंने इस सम्मेलन को सार्थक बताते हुए अपने विचार व्यक्त किये। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश

के विभिन्न प्रांतों के कुलपतियों ने भागीदारी की और अपने विचार व्यक्त किये। विशेष तौर पर कुलपतियों के लिए आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय था Transformative Higher Education For Atmanirbhar Bharat. इस सम्मेलन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने शिक्षाविदों के आपसी संवाद सत्र में उपरोक्त विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गयी नयी शिक्षा नीति 2020 में वह सारे अवयव मौजूद हैं, जो वर्तमान उच्च शिक्षा को आत्मनिर्भर भारत की ओर अतिशीघ्र रूपांतरित कर देगा। उन्होंने इस संवाद सत्र में इस बात पर विशेष बल दिया कि नयी शिक्षा नीति के पाठ्यक्रमों में पारंपरिक पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त व्यवसायिक पाठ्यक्रमों पर फोकस है जो विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सफल प्रयास होगा। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा और आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन से कई अत्यंत महत्वपूर्ण और उपयोगी तथ्य निकल कर सामने आये हैं, जो विभिन्न शिक्षाविदों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालयों में लागू किए जायेंगे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश सिंह ने दी।

भारत के प्रथम बॉक्साइट सीआरएम का विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारत सरकार, खान मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न लोक उद्यम तथा देश का अग्रणी एल्यूमिना और एल्यूमिनियम निर्माता और निर्यातक नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के सहयोग से बॉक्साइट प्रमाणित संदर्भ सामग्री (सीआपएम) - बीएआरसी बी1201 को सफलतापूर्वक विकसित किया है। यह भारत में अपनी तरह का पहला और दुनिया में 5वां सीआरएम है। बीएआरसी बी1201 को औपचारिक तौर पर विमोचन 24 मार्च को एमपी मिश्रा, निदेशक (परियोजना एवं तकनीकी), नालको तथा डॉ एसी सहायम, विभाग प्रमुख, नेशनल सेंटर फॉर कम्पोजिशनल कैरेक्टराइजेशन ऑफ मिनरल नालको एवं भापअकें के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति में नालको अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र, भुवनेश्वर में किया गया। श्रीधर पात्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नालको ने इस उत्पाद को विकसित करने में लगी पूरी टीम को उनके प्रयास हेतु बधाई देते हुए कहा कि भापअकें के सहयोग की परिणति इस अनूठे उत्पाद के रूप में हुई, जिसकी आवश्यकता हमारे प्रयोगशालाओं में होती है। उल्लेखनीय है कि यह नया उत्पाद उद्योगों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों द्वारा प्रयोगात्मक एवं विश्लेषणात्मक तरीकों, उपकरणों के प्रदर्शन और बॉक्साइट के नियमित विश्लेषण में आकड़ा गुणवत्ता नियंत्रण के मूल्यांकन के प्रयोग हेतु आयात विकल्प को प्रतिस्थापित करेगा।

फर्जी सर्टिफिकेट को लेकर छापामारी, आठ आरोपी हिरासत में

बलांगीर (आजाद सिपाही)। बलांगीर में फर्जी सर्टिफिकेट से पोस्टाल में नौकरी के लिए आवेदन करने के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने कॉलेज चौक स्थित रिलायंस कोचिंग सेंटर पर छापा मार कर सैकड़ों फर्जी सर्टिफिकेट जब्त किये हैं। यहां पर फर्जी सर्टिफिकेट बनाये जा रहे थे। ग्रामीण डाक सेवा आवेदन में फर्जी सर्टिफिकेट देने की घटना के बाद फर्जी प्रमाण पत्र बनाने का मामला सामने में आया था। डाक विभाग के निरीक्षण के दौरान 37 से अधिक फर्जी प्रमाण पत्र जब्त किये गये।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**